■ औरंगाबाद एवं बोकारो से प्रकाशित
www.navbihartime.com
■ बिहार-झारखंड का अपना अखबार

# नवबिहार टाइम्स

अपना प्रदेश, अपनी बात

वर्ष : 36, अंक : 2
पृष्ठ : 12
औरंगाबाद, गुरुवार
29 मई 2025
मूल्य : 3.00 रुपये
रजि. नंबर : 52290/90

**देश और दुनिया के इतिहास में आज की प्रमुख घटनाएं**

**1987:** भारत के पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह का निधन।
**1988:** पाकिस्तान के राष्ट्रपति जिया उल हक ने सरकार को बर्खास्त कर संसद को भंग किया।
**1999:** नाइजीरिया में नई सत्ता व्यवस्था स्थापित की गई।
**2015:** भारत के तेलंगाना और आंध्र प्रदेश में भीषण गर्मी का प्रकोप, 1800 की मौत।

**जो व्यक्ति जितना अशिक्षित है, वह उतना ही अधिक गरीब है।**

## बिक्रमगंज में ऐतिहासिक होगी प्रधानमंत्री की जनसभा : ललन सिंह

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** केंद्रीय पंचायती राज, मत्स्य पालन, पशुपालन एवं डेयरी मंत्री राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की आगामी 30 मई को बिक्रमगंज में होने वाली सभा ऐतिहासिक होगी तथा इससे बिहार में विकास का एक और नया मार्ग प्रशस्त होगा। श्री सिंह ने आज जिला मुख्यालय स्थित सम्राट अशोक हॉल में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की आगामी 30 मई की बिक्रमगंज सभा को लेकर अभूतपूर्व एवं ऐतिहासिक बनाने के लिए सभी को पूरी सक्रियता और जोरदार ढंग से कार्य करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि लाखों की संख्या में इस कार्यक्रम में पहुंचकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के प्रति अपना व्यापक समर्थन प्रदर्शित कर बिहार एवं पूरे देश को मजबूती प्रदान करते हुए उनकी ताकत को और बढ़ाना है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत को आत्मनिर्भर बनाया है और अब हमारे देश को किसी अन्य देश के सामने हाथ फैलाने की जरूरत नहीं है। भारत अब न केवल रक्षा उपकरण के क्षेत्र में बल्कि इलेक्ट्रॉनिक्स, सॉफ्टवेयर और अन्य सभी क्षेत्रों में आत्मनिर्भर हुआ है। हाल ही में अंतरराष्ट्रीय संस्था आइएमएफ द्वारा जो सूची जारी हुई है उसके अनुसार अर्थव्यवस्था के मामले में भारत जापान को पीछे छोड़ते हुए पूरे विश्व में चौथे स्थान पर पहुंच गया है। यह मोदी जी के कुशल नेतृत्व और दूरदर्शी सोच का ही परिणाम है। इनके नेतृत्व में पूरे विश्व में भारत का वैभव काफी तेजी से बढ़ा है। केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि नीतीश कुमार ने बिहार में सड़कों का जाल बिछाया। हर गांव को सड़क से जोड़ा। हर घर में बिजली पहुंचाई। पहले बिहार में सिर्फ 700 मेगावाट बिजली थी, अब 6800 मेगावाट



आपूर्ति हो रही है। अपहरण उद्योग खत्म हुआ। संगठित अपराध पर लगाम लगी। स्कूलों की हालत सुधरी। लाखों शिक्षकों की बहाली हुई। अस्पतालों की स्थिति बेहतर हुई है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि पिछली बार जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मधुबनी आए थे, तो आतंकियों ने कश्मीर घूमने गए सैलानियों पर हमला कर दिया था। 22 लोगों की मौत हुई थी। धर्म पूछ कर मारा गया था। पति और बच्चे की मौत के बाद बिलखते हुए एक महिला को आतंकी ने यह कहकर छोड़ दिया था कि जाकर अपने मोदी को बता देना। घटना के बाद प्रधानमंत्री मोदी ने मधुबनी की सभा से ही ऐलान किया था कि घर में घुसकर मारेंगे। पीएम मोदी ने सेना के तीनों अंगों को खुली छूट दी गई। तय करो कहां हमला करना है, किसे खत्म करना है। तीनों सेनाओं ने कमाल कर दिखाया। जहां आतंकी ट्रेनिंग लेते थे, वहां हमला किया गया। पाकिस्तान की धरती पर भारतीय सेना ने मिसाइल और ड्रोन से हमला किया। सेना ने उनके एयर डिफेंस सिस्टम को कुछ देर के लिए अपने कंट्रोल में कर लिया। आतंकी ठिकानों को तबाह कर दिया। मिसाइल और ड्रोन से हमला हुआ। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि दिवाली में जैसे रॉकेट उड़ते हैं, वैसे ही आतंकियों के ठिकाने उड़ाए गए। पाकिस्तान को लगा कि अब बात नहीं बनेगी, तो संदेश भेजना शुरू किया। हमने कहा कि हमारी पाकिस्तान से कोई लड़ाई नहीं है लेकिन आतंकियों के खिलाफ ऑपरेशन जारी रहेगा। ऑपरेशन सिंदूर चल रहा है। जहां भी आतंकियों को पनाह मिलेगी, वहीं हमला होगा। सभा को संबोधित करते हुए भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल ने राजग कार्यकर्ताओं से अधिकाधिक संख्या में बिक्रमगंज पहुंचने की अपील की और कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का बिहार के प्रति विशेष लगाव है और वह यहां के विकास को लेकर लगातार अरबों की सौगात दे रहे हैं। इसलिए लाखों की संख्या में बिक्रमगंज पहुंचकर उनके प्रति आभार जताना है। कार्यक्रम को औरंगाबाद के पूर्व सांसद सुशील कुमार सिंह, पूर्व सांसद सह नवीनगर के पूर्व विधायक वीरेन्द्र कुमार सिंह ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर विधान पार्षद दिलीप कुमार सिंह, भाजपा के वरिष्ठ नेता गोपाल शरण सिंह, सतीश कुमार सिंह, अनिल कुमार सिंह, उदय कुमार गुप्ता, जिलाध्यक्ष विजेन्द्र सिंह चन्द्रवंशी, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष अनिता सिंह, कौशल सिंह उर्फ पिंटू सिंह, जदयू के वरिष्ठ नेता विश्वनाथ सिंह, तेजेन्द्र कुमार सिंह, महिला प्रकोष्ठ की जिलाध्यक्ष मंजरी सिंह, लोजपा जिलाध्यक्ष सोनू सिंह आदि उपस्थित रहे।

### केन्द्र की नरेन्द्र मोदी सरकार ने किसानों के लिए लिया बड़ा फैसला

## धान समेत 14 फसलों का समर्थन मूल्य बढ़ा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नयी दिल्ली।** केंद्रीय कैबिनेट की बुधवार को हुई बैठक में कई बड़े फैसले लिए गए हैं। सरकार ने किसानों को सौगात देते हुए एमएसपी में 50 फीसदी की बढ़ोत्तरी की है। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि किसानों के लिए एक बड़ा फैसला लिया गया है। पिछले 10-11 वर्षों में खरीफ फसलों के लिए एमएसपी में भारी बढ़ोतरी की गई है। खरीफ विपणन सीजन 2025-26 के लिए एमएसपी को कैबिनेट द्वारा मंजूरी दी गई है। कुल राशि लगभग 2,07,000 करोड़ रुपये होने का अनुमान है। सरकार ने बुधवार को 2025-26 खरीफ विपणन सत्र के लिए धान का न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) 3 प्रतिशत बढ़ाकर 2,369 रुपये प्रति क्विंटल कर दिया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में आर्थिक



मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति (सीसीईए) ने इस संबंध में निर्णय लिया। आगामी फसल वर्ष 2025-26 (जुलाई-जून) के खरीफ सत्र के लिए सामान्य और ए ग्रेड धान की किस्मों का समर्थन मूल्य 69 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ाकर क्रमशः 2,369 रुपये और 2,389 रुपये प्रति क्विंटल कर दिया गया है। दालों में अरहर का समर्थन मूल्य 450 रुपये बढ़ाकर 8,000 रुपये प्रति क्विंटल कर दिया गया है जबकि उड़द का एमएसपी 400 रुपये बढ़ाकर 7,800 रुपये प्रति क्विंटल और मूंग का एमएसपी 86 रुपये बढ़ाकर 8768 रुपये प्रति क्विंटल कर दिया गया है। सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने संवाददाताओं को बताया कि सरकार ने 2025-26 के लिए खरीफ फसलों के एमएसपी में वृद्धि की है ताकि उत्पादकों को उनकी उपज के लिए लाभकारी मूल्य सुनिश्चित किया जा सके। पिछले वर्ष की तुलना में एमएसपी में सबसे अधिक वृद्धि नाइजरसीड के लिए की गई है। इसके बाद रागी, कपास और तिल का स्थान आता है। सरकार ने बुधवार को संशोधित ब्याज सहायता योजना (एमआईएसएस) को 2025-26 के लिए जारी रखने को मंजूरी दे दी, जिसके तहत किसानों को किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी) के माध्यम से सस्ती दर पर अल्पकालिक ऋण मिलता है। सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि मौजूदा 1.5 प्रतिशत ब्याज सहायता के साथ वित्त वर्ष 2025-26 के लिए एमआईएसएस को जारी रखने का निर्णय केंद्रीय मंत्रिमंडल द्वारा लिया गया। इस योजना को जारी रखने से सरकारी खजाने पर 15,640 करोड़ रुपये का बोझ पड़ेगा।

### रेलवे की दो प्रमुख लाइनें होंगी फोर लेन

**नई दिल्ली(नबिटा ब्यूरो)।** रेल मंत्रालय द्वारा प्रधानमंत्री गति शक्ति मास्टर प्लान के अंतर्गत रेलवे नेटवर्क के सुदृढ़ीकरण की दिशा में एक बड़ा निर्णय लिया गया है। कैबिनेट ने दो प्रमुख रेलवे लाइनों-रतलाम-नागदा सेक्शन और वर्धा-बल्लारशाह सेक्शन के चौगुनीकरण (चार लाइनिंग) की स्वीकृति दी है, जिससे यातायात सुगमता और मालवहन की क्षमता में महत्वपूर्ण वृद्धि होगी।रतलाम-नागदा सेक्शन, जिसकी लंबाई 41 किलोमीटर है, का चार-लाइनिंग किया जाएगा। इस परियोजना पर अनुमानित लागत 1,018 करोड़ आएगी और इसके तीन से चार वर्षों में पूर्ण होने की संभावना है। दूसरी परियोजना में दिल्ली-चेन्नई ट्रंक कॉरिडोर का एक अहम हिस्सा, वर्धा से बल्लारशाह तक की 135 किलोमीटर लंबी लाइन का भी चार-लाइनिंग किया जाएगा। इसकी अनुमानित लागत ?2,381 करोड़ है। यह परियोजना उत्तर और दक्षिण भारत को जोड़ने वाले संपर्क मार्ग को और सुदृढ़ बनाएगी। साथ ही, इससे अनेक औद्योगिक क्षेत्रों, ताप विद्युत संयंत्रों और बंदरगाहों तक रेल पहुंच बेहतर होगी।

## पुलिस को धक्का देकर कोर्ट हाजत से पांच कैदी फरार

■ कोर्ट में तैनात सुरक्षाकर्मियों ने एक कैदी को खदेड़ कर पकड़ा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**समस्तीपुर।** समस्तीपुर में बुधवार को उस वक्त हड़कंप मच गया, जब पेशी के लिए कोर्ट लाए गए पांच कैदी पुलिस को चकमा देकर फरार हो गए। हालांकि पुलिस ने एक कैदी को पकड़ लिया है और अन्य चार फरार कैदियों की तलाश जारी है। जिला न्यायालय के सदर कोर्ट हाजत से कैदियों के फरार होने के बाद अफरातफरी का माहौल है। सुरक्षा कर्मियों ने बताया कि पांच कैदियों को न्यायालय में प्रस्तुत किया गया था। न्यायालय से वापस आने के बाद कोर्ट हाजत के अंदर सभी को भेजा जा रहा था। उसी समय 5 कैदी हथकड़ी खोलकर कोर्ट परिसर से फरार हो गये। हालांकि कोर्ट में तैनात सुरक्षा कर्मियों ने एक कैदी को खदेड़ कर पकड़ लिया, चार कैदी भागने में कामयाब हो गए। इस घटना के बाद कोर्ट परिसर में हड़कंप मचा है। घटना की सूचना पर नगर थाना अध्यक्ष अपने दल बल के साथ कोर्ट परिसर पहुंच गए हैं। तीन कैदी सरायरंजन थाना क्षेत्र में लूटकांड के अभियुक्त रहे हैं। ये वैशाली और मुजफ्फरपुर के रहने वाले हैं। भागने वाले कैदी के खिलाफ केस दर्ज कर गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है। जिसे पकड़ गया है, उसके खिलाफ भी कार्रवाई की जा रही है। फरार हुए कैदियों की तलाश की जा रही है। घटना के बाद से कोर्ट परिसर की सुरक्षा पर सवालिया निशान उठ रहे हैं। इससे पहले भी कोर्ट परिसर में पेशी के लिए ले जा रहे हैं आरोपियों पर गोली चली थी। उसके बाद कोर्ट परिसर से कैदी भागने की यह दूसरी घटना है। भागने वाले कैदी का नाम राजनंदन कुमार नगर थाना कांड संख्या 05/25, मनीष कुमार, अरविंद सहनी, मनजीत कुमार सराय रंजन थाना कांड संख्या 113/25 है। वहीं नागेंद्र कुमार नामक कैदी को पुलिस ने पकड़ लिया है।

### संक्षिप्त समाचार

#### शिक्षक की गोली मारकर हत्या

**दरभंगा(नबिटा ब्यूरो)।** जिले के सिंहवाड़ा थाना क्षेत्र में भरवाड़ा-कमतौल पथ पर बुधवार की सुबह एक शिक्षक की गोली मारकर हत्या कर दी गई। बताया जाता है कि जिले के परसौनी निवासी शिक्षक मंसूर आलम अपनी साइकिल से प्राथमिक विद्यालय रसूलपुर निस्ता जा रहे थे। इसी बीच बाइक सवार बदमाशों ने गोली मारकर हत्या कर दी। वारदात को अंजाम देने के बाद बाइक सवार बदमाश फरार हो गए। अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी (सदर दो) ज्योति कुमारी ने बताया कि पूरे मामले की जांच की जा रही है।

#### अपराधियों ने की दो लोगों की हत्या

**समस्तीपुर(नबिटा ब्यूरो)।** जिले में कल रात अलग-अलग हुई घटनाओं में एक वृद्ध समेत दो लोगों की हत्या कर दी गई। पुलिस सूत्रों ने बताया कि जिले के दलसिंहसराय थाना क्षेत्र के अजनौल खोसहा गांव में आपसी विवाद के कारण 65 वर्षीय वृद्ध शिवजी राय की पीट-पीटकर कर हत्या कर दी गई। हत्या के विरोध में आक्रोशित ग्रामीणों ने जिले के दलसिंहसराय-मंसूरचक मुख्य मार्ग को शव के साथ घंटों जाम कर यातायात बाधित किया। इधर जिले के हलई ओपी थाना क्षेत्र के इन्द्रवाड़ा गांव के एक खेत से पुलिस ने 35 वर्षीय युवक का शव बरामद किया है। उसकी गोली मारकर हत्या कर दी गई है।

#### शादी के 16वें दिन युवक ने दी जान

**बिहारशरीफ(नबिटा ब्यूरो)।** नूरसराय थाना क्षेत्र दिरीपर गांव में शादी के 16वें दिन ही युवक ने अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। बंद कमरे में युवक के आत्महत्या करने से इलाके में सनसनी फैल गयी। मृतक की पहचान ब्रह्मदेव प्रसाद के पुत्र सतीश कुमार के रूप में हुई है।

## 20 जिलों में ग्रामीण सड़कों व पुलों के निर्माण के लिए 367 करोड़ की डीपीआर को स्वीकृति

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** केंद्र सरकार ने बिहार के चंपारण, बांका, पटना समेत बिहार के 20 जिलों में ग्रामीण सड़कों और पुलों के निर्माण के लिए 367 करोड़ रुपये की योजना के डीपीआर को स्वीकृति दी है। इससे लोगों को रोजगार के अवसर मिलेंगे। उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने बताया कि पश्चिम चंपारण जिले के रामनगर प्रखंड में नारा नदी पुल से खतौनी रोड तक 268.32 मीटर लंबे आरसीसी पुल के निर्माण के लिए 23 करोड़ 60 लाख 79 हजार रुपये की प्रशासनिक स्वीकृति दी गई है। उन्होंने बताया कि केंद्र सरकार की प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना-तीन अंतर्गत ग्रामीण विकास मंत्रालय ने बिहार के अररिया, अरवल, औरंगाबाद, बांका, बेगूसराय, भोजपुर, सारण, पूर्वी चंपारण, गोपालगंज, कटिहार, खगड़िया, किशनगंज, मधेपुरा, मुजफ्फरपुर, पटना, समस्तीपुर, शिवहर, सीतामढ़ी, वैशाली और पश्चिम चंपारण सहित कुल 20 जिलों में ग्रामीण पथों और पुलों के निर्माण के लिए डीपीआर को स्वीकृति दी गई है। उपमुख्यमंत्री ने बताया कि केंद्र सरकार ने राज्य को कुल 5 ग्रामीण सड़कें (33.65 किमी) और 103 पुल (3891.71 मीटर) के निर्माण के लिए 367.94 करोड़ रुपये (तीन सौ सड़सठ करोड़ चौरानवे लाख रुपये) की परियोजनाओं को स्वीकृति दी है। 367.94 करोड़ रुपये की योजना में राज्य के हिस्से के तहत बिहार सरकार 153.94 करोड़ रुपये (एक सौ तिरेपन करोड़ चौरानवे लाख रुपये) का खर्च वहन करेगी। उन्होंने कहा कि डबल इंजन सरकार की यह पहल गांवों को शहरों से जोड़ने की दिशा में एक सशक्त कदम है। इससे शिक्षा, स्वास्थ्य और कृषि सुविधाओं तक ग्रामीणों की पहुंच बहुत आसान हो जाएगी।

## शेरपुर-दिघवारा गंगा पुल का निर्माण तेजी से करें पूरा : नीतीश

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज निर्माणाधीन 6 लेन शेरपुर-दिघवारा गंगा पुल का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने शेरपुर में स्थल निरीक्षण कर निर्माण कार्य के बारे में जानकारी ली। मुख्यमंत्री ने गंगा नदी में चल रहे पुल निर्माण कार्य का भी स्थल पर जाकर जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने मुख्यमंत्री को बताया कि नेशनल हाई-वे अथारिटी अफ इंडिया (एनएचएआई), भारत सरकार द्वारा गंगा नदी पर 3200 करोड़ रूपये की लागत से 6 लेन गंगा पुल का निर्माण कराया जा रहा है। यह पुल पटना जिला के शेरपुर से सारण जिला के दिघवारा तक जाता है। इस पुल की लम्बाई 14.52 किलोमीटर है। यह पुल पटना शहर के रिंग रोड के रूप में भी कार्य करेगा। पुल का निर्माण कार्य 2027 तक पूर्ण होने की संभावना है। निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश देते हुये कहा कि शेरपुर और दिघवारा के बीच बन रहे इस



6 लेन गंगा पुल का निर्माण कार्य तेजी से पूर्ण करें। इस 6 लेन पुल के नीचे से पटना छोर की तरफ जेपी गंगा पथ का भी निर्माण कराया जा रहा है। यह 6 लेन पुल बिहटा-सरमेरा पथ से भी जुड़ेगा। इस पुल का निर्माण पूर्ण होने से उत्तर और दक्षिण बिहार के बीच सम्पर्कता और सुगम होगी। साथ ही पटना के पश्चिमी छोर के लोगों को भी एक जगह से दूसरी जगह जाने में सहूलियत होगी। पटना रिंग रोड का हिस्सा होने के कारण लोगों को राजधानी की चारों दिशाओं में आना-जाना आसान होगा। निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव दीपक कुमार, मुख्यमंत्री के सचिव अनुपम कुमार, पथ निर्माण विभाग के सचिव संदीप कुमार आर. पुदुकलकट्टी, पथ निर्माण विभाग के सचिव बी. कार्तिकेय धनजी, मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी गोपाल सिंह, पटना के जिलाधिकारी डा. चंद्रशेखर सिंह, वरीय पुलिस अधीक्षक अवकाश कुमार, नेशनल हाई-वे अथरिटी आफ इंडिया के अधिकारी एवं अभियंतागण उपस्थित थे।

## मध्य प्रदेश में बिहार पुलिस के दो जवानों की मौत

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** बिहार पुलिस के लिए बुधवार की सुबह बुरा समाचार लेकर आया। राज्य के दो पुलिसकर्मियों की सड़क हादसे में मौत हो गई है। परिवार वालों के साथ-साथ पुलिसकर्मी भी हादसे से स्तब्ध हैं। दरअसल, मध्य प्रदेश के रतलाम में बिहार पुलिस की गाड़ी दुर्घटनाग्रस्त हो गई। अपराधियों को दबोचने के लिए एक टीम गुजरात के सूरत जा रही थी। तभी बुधवार सुबह दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे पर पुलिस वैन दुर्घटनाग्रस्त हो गयी। इसमें दो पुलिसकर्मियों की मौत हो गई। वहीं चार पुलिस के जवान जख्मी हैं। मृत सब इंस्पेक्टर मुकुंद मुरारी पटना जिला के रहने वाले थे जबकि सिपाही विकास कुमार जहानाबाद जिला के निवासी थे। इसके अलावा इस घटना में जीवधारी कुमार, रंजन कुमार, मिथिलेश पासवान और संतोष कुमार घायल हो गए हैं। गंभीर रूप से घायल चार जवानों को इंदौर रेफर किया गया है।

## डीइओ कार्यालय का प्रधान सहायक रिश्वत लेते गिरफ्तार

**जहानाबाद(नबिटा ब्यूरो)।** विशेष निगरानी इकाई ने बड़ी कार्रवाई करते हुए जिला शिक्षा पदाधिकारी कार्यालय में प्रधान सहायक लक्ष्मण यादव को 50 हजार रुपये की रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। यह कार्रवाई हुलासगंज प्रखंड के कदौल संस्कृत विद्यालय में कार्यरत शिक्षक कौशल किशोर की शिकायत पर की गई, जिनके 20 लाख रुपये के बकाया वेतन और भविष्य निधि (पीएफ) के भुगतान के लिए लक्ष्मण यादव द्वारा 10% राशि के रूप में रिश्वत की मांग की जा रही थी। कौशल किशोर पटना जिले के बिहटा थाना क्षेत्र के जीनपुरा गांव के निवासी हैं। उन्होंने 26 मई को निगरानी विभाग में शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत की जांच के बाद निगरानी विभाग ने डीएसपी सुधीर कुमार के नेतृत्व में एक विशेष टीम गठित की। इस टीम ने डीइओ कार्यालय में छापेमारी कर लक्ष्मण यादव को रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। निगरानी विभाग ने आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ के लिए पटना ले गई है। इस छापेमारी से डीइओ कार्यालय में हड़कंप मच गया। निगरानी विभाग ने लक्ष्मण यादव के कब्जे से रिश्वत की पूरी राशि बरामद कर ली है और उनके खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

## एलआइसी का शानदार प्रदर्शन : 2024-25 में 48,151 करोड़ का लाभ

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**मुंबई।** भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआइसी) ने वित्त वर्ष 2024-25 के लिए अपने एकल और समेकित वित्तीय परिणामों की घोषणा की, जिसमें कर के बाद लाभ 18.38 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 48,151 करोड़ रुपये दर्ज किया गया। पिछले वर्ष यह लाभ 40,676 करोड़ रुपये रहा था। निदेशक मंडल ने इस वर्ष के लिए प्रति शेयर 12 रुपये के अंतिम लाभांश की सिफारिश की है। इस सम्बन्ध में मुख्य कार्यकारी एवं प्रबंध निदेशक सिद्धार्थ महान्ति ने कहा कि वर्ष 2024-25 हमारे लिए रोमांचक और चुनौतीपूर्ण दोनों रहा। विनियामक परिवर्तनों के बीच उत्पादों को फिर से डिजाइन कर हमने लगातार नवाचार किया। हमें गर्व है कि इस वर्ष हमने 62,495 करोड़ रुपये का व्यक्तिगत नव व्यवसाय प्रीमियम अर्जित किया, वीएनबी 10,011 करोड़ रुपये रहा और नॉन-पार हिस्सेदारी 27.69 प्रतिशत तक पहुंची। पॉलिसीधारकों को 56,190.24 करोड़ रुपये का बोनस देना हमारे प्रतिबद्धता का प्रमाण है। हम लाभकारी विकास के प्रति समर्पित हैं। विदित हो कि बीमा नियामक और विकास प्राधिकरण (आईआरडीएआई) के अनुसार पहली वर्ष की प्रीमियम आय के आधार पर एलआईसी की बाजार हिस्सेदारी 57.05 प्रतिशत रही जिससे यह सार्वजनिक जीवन बीमा क्षेत्र की निर्विवाद अग्रणी कंपनी बनी रही। व्यक्तिगत जीवन बीमा व्यवसाय में एलआईसी की हिस्सेदारी 37.46 प्रतिशत और समूह व्यवसाय में 71.19 प्रतिशत रही। वित्त वर्ष 2025 में कुल प्रीमियम आय 4,88,148 करोड़ रुपये रही, जबकि पिछले वर्ष यह 4,75,070 करोड़ रुपये थी, जो 2.75 प्रतिशत की वृद्धि को दर्शाती है। व्यक्तिगत व्यवसाय से प्राप्त कुल प्रीमियम 5.03 प्रतिशत बढ़कर 3,19,036 करोड़ रुपये हो गया। हालांकि, इस दौरान व्यक्तिगत बीमा पॉलिसियों की संख्या में 12.80 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई। वर्ष 2025 में 1,77,82,975 पॉलिसियां बेची गईं, जबकि पिछले वर्ष यह संख्या 2,03,92,973 थी। एलआईसी ने नॉन-पार (गैर-भागीदारी) उत्पादों पर ध्यान केंद्रित करते हुए व्यक्तिगत व्यवसाय में महत्वपूर्ण वृद्धि दर्ज की। एपीई (वार्षिक अधिमूल्य समकक्ष) के आधार पर, नॉन-पार एपीई 50.28 प्रतिशत बढ़कर 10,581 करोड़ रुपये रही। व्यक्तिगत व्यवसाय में नॉन-पार का हिस्सा 937 आधार अंक की वृद्धि के साथ 27.69 प्रतिशत तक पहुंच गया। वित्त वर्ष 2025 में नए व्यवसाय का मूल्य 10,011 करोड़ रुपये रहा, जो पहली बार 10,000 करोड़ रुपये के आंकड़े को पार कर गया। पिछले वर्ष यह आंकड़ा 9,583 करोड़ रुपये था। वीएनबी मार्जिन 80 आधार अंक बढ़कर 17.6 प्रतिशत पर पहुंच गया। एलआईसी ने वित्त वर्ष 2025 में व्यय अनुपात को घटाकर 12.42 प्रतिशत कर लिया, जो कि पिछले वर्ष 15.57 प्रतिशत था। यह 315 आधार अंकों की उल्लेखनीय गिरावट है। निवेश प्रतिफल मामूली रूप से घटकर 8.65 प्रतिशत रहा। 31 मार्च 2025 तक प्रबंधन के तहत परिसंपत्तियां (एयूएम) 6.45 प्रतिशत बढ़कर 54,52,297 करोड़ रुपये हो गईं। सॉल्वेंसी अनुपात 1.98 से बढ़कर 2.11 हो गया। एलआईसी ने वर्ष 2024-25 में पॉलिसीधारकों को 56,190.24 करोड़ रुपये का बोनस वितरित किया, जो पिछले वर्ष के 52,955.87 करोड़ रुपये से अधिक है। 20 जनवरी, 2025 को एलआईसी ने एक दिन में 5,88,107 जीवन बीमा पॉलिसियां बेचकर '24 घंटे में सर्वाधिक बीमा पॉलिसियां बेचने' का गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया।

# एनडीए में सीट शेयरिंग पर बन गई बात!

## इस बार सीटों का आवंटन जीतने की संभावना के आधार पर तय किया जाएगा

## भाजपा और जदयू 100-100 सीटों पर लड़ेंगे

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार विधानसभा चुनाव में सीटों के बंटवारे को लेकर एनडीए के दो प्रमुख घटक भाजपा और जदयू के बीच बात बन गई है। भाजपा और जदयू 100-100 सीटों पर लड़ेगी। बाकी सहयोगी दलों को दी जाएगी। सूत्रों के अनुसार जीतन राम मांझी, चिराग पासवान और उपेन्द्र कुशवाहा की सीटें भी लगभग तय है। अंदरखाने अब सीटों के चयन की प्रक्रिया चल रही है। दरअसल, इस बार चिराग पासवान की लोजपा (रा) के एनडीए में शामिल होने से समीकरण बदले हैं। सूत्रों के मुताबिक चिराग पासवान की पार्टी 22 से 25 सीटों पर चुनाव लड़ सकती है जबकि मांझी की पार्टी हम को 7 से 10 और उपेंद्र कुशवाहा की रालोमो 5 से 8 सीटें दी जा सकती हैं। गौरतलब है 2020 के विधानसभा चुनाव में भाजपा ने 110 सीटों पर चुनाव लड़कर 74 सीटें जीती थीं जबकि जदयू ने 115 सीटों पर लड़कर 43 सीटें हासिल की थीं। सूत्रों के अनुसार वे सीटें जहां एनडीए लगातार दो बार से हार रहा है, सहयोगी दलों के बीच बदली जा सकती है। इस बार सीटों का आवंटन जीतने की संभावना के आधार पर तय किया जाएगा। एनडीए में शामिल भाजपा, जदयू, लोजपा (रा), हम और रालोमो के बीच मंथन चल रहा है। उम्मीदवारों के चयन से पहले यह सुनिश्चित किया जाएगा कि कौन सी पार्टी किस सीट पर लड़ेगी। जरूरत पड़ने पर सीटों की अदला-बदली भी होगी। सूत्रों के अनुसार एनडीए ने बिहार की 243 विधानसभा सीटों के लिए एक संतुलित समीकरण तैयार किया है जिसमें सभी सहयोगी दलों को उनकी ताकत और प्रभाव के आधार पर हिस्सेदारी दी जाएगी। इस बीच एनडीए में सीट शेयरिंग को लेकर जदयू के वरिष्ठ नेता और मंत्री विजय चौधरी ने कहा कि सीट बंटवारे में कोई दिक्कत नहीं होगी। एनडीए के सभी घटक दलों में बेहतर तालमेल है और कहीं से भी कोई समस्या नहीं आएगी। फिलहाल सीट बंटवारे पर कुछ भी तय नहीं हुआ है, लेकिन समझदारी के स्तर पर बेहतर तालमेल हो गया है जिससे गठबंधन मजबूत बना हुआ है। सीट बंटवारे में सभी पार्टियों के सम्मान का पूरा ध्यान रखा जाएगा। फिलहाल इस मुद्दे पर बातचीत नहीं हुई है। उन्होंने कहा कि सीट बंटवारे के दौरान पार्टी की क्षेत्रीय पकड़, संभावित उम्मीदवार की ताकत और जातीय समीकरण का विशेष ध्यान रखा जाएगा। विजय चौधरी ने कहा कि 2020 के विधानसभा और 2024 के लोकसभा चुनाव के नतीजों का विश्लेषण कर सीटों पर दावा तय किया जाएगा। जातीय संतुलन बिगाड़े बिना उम्मीदवारों का चयन किया जाएगा, चाहे सीट की अदला-बदली ही क्यों न करनी पड़े। वहीं भाजपा के एक वरिष्ठ नेता के नाम न छापने की शर्त पर कहा कि इस बार देखा जा रहा कि एनडीए का घटक दल अगर कोई परंपरागत सीट दो बार से हार रहा है तो उस सीट को ऐसे घटक दल को दिया जा सकता है जिसकी वहां जीतने की संभावना ज्यादा हो। सीट बंटवारे में सिर्फ पार्टी का इतिहास नहीं, बल्कि मौजूदा समीकरण और संभावित जीत भी मुख्य आधार होंगे। उन्होंने कहा कि इस बार एनडीए के घटक दलों में समन्वय पहले से बेहतर है। 2020 के चुनाव में लोजपा (रा) के विरोध से जो नुकसान हुआ था, इस बार वैसी कोई स्थिति नहीं होगी। सभी दल जिलों से लेकर कार्यकर्ताओं के स्तर तक कदम से कदम मिलाकर चल रहे हैं। हालांकि महागठबंधन के अंदर सीटों को लेकर सहमति बनने में मतभेद की खबर सामने आ रही है। यहां केवल बैठकों का दौर चल रहा है। कभी राजद के दरवाजे पर तो कभी कांग्रेस कार्यालय में, बीच में रिसोर्ट में भी बैठक चली, लेकिन शीट शेयरिंग के मुद्दे पर कोई चर्चा नहीं हो पा रही है।

# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अब एक घंटा पहले 4.30 बजे पहुंचेंगे पटना : डॉ. दिलीप जायसवाल

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बिहार दौरे के कार्यक्रम में मामूली बदलाव किया गया है। बिहार भाजपा के अध्यक्ष डॉ. दिलीप जायसवाल ने बुधवार को बताया कि अब वह अपने तय समय से एक घंटा पहले पटना पहुंचेंगे। उनके सभी कार्यक्रम भी एक घंटा पहले होंगे। प्रधानमंत्री 29 मई को पहले शाम 5:30 बजे पटना एयरपोर्ट आना था, लेकिन अब पीएम मोदी एक घंटा पहले यानी गुरुवार को अपराह्न 4:30 बजे ही पटना पहुंच जाएंगे। इसके बाद पटना एयरपोर्ट के नए टर्मिनल का उद्घाटन करेंगे। दिलीप जायसवाल ने कहा कि पीएम का 30 मई वाला कार्यक्रम पहले के तय समय के अनुसार ही होगा। उन्होंने बताया कि एनडीए गठबंधन के दल भी पीएम नरेंद्र मोदी के कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए प्रयास कर रहे हैं। पटना शहर में रोड शो के जरिए वे लोगों से सीधा संवाद करेंगे। उल्लेखनीय है कि 29 मई को प्रधानमंत्री पटना के लोकनायक जयप्रकाश नारायण अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के नए टर्मिनल का उद्घाटन अब शाम 4:30 बजे करेंगे। यह टर्मिनल 65,155 वर्ग मीटर में फैला है और जून 2025 से 1 करोड़ यात्रियों की क्षमता के साथ संचालित होगा। इसके बाद वह बिहटा में नए एयरपोर्ट की आधारशिला रखेंगे जो 50 लाख यात्रियों की क्षमता वाला होगा। उसी दिन पटना में भाजपा कार्यालय तक तीन किलोमीटर का रोड शो होगा जिसमें ऑपरेशन सिंदूर की सफलता का जश्न मनाया जाएगा जबकि 30 मई को प्रधानमंत्री रोहतास के बिक्रमगंज में जनसभा को संबोधित करेंगे। वह 29,947.91 करोड़ रुपये के नबीनगर सुपर थर्मल पावर प्लांट, 3,712 करोड़ रुपये के पटना-सासाराम एक्सप्रेसवे और 368 करोड़ रुपये के बक्सर-भरौली गंगा पुल का शिलान्यास करेंगे। इसके अलावा गोपालगंज में 184.9 करोड़ रुपये के बंजारी-हजियापुर एलिवेटेड रोड का वर्चुअल उद्घाटन भी संभावित है। दिलीप जायसवाल का कहना है कि यह दौरा बिहार को कनेक्टिविटी, पर्यटन और रोजगार के क्षेत्र में नई ऊंचाइयों पर ले जाएगा। इस बीच पटना में रोड शो के लिए व्यापक सुरक्षा और ट्रैफिक व्यवस्था की गई है और यात्रियों से शाम 4 से 8 बजे तक वैकल्पिक मार्गों का उपयोग करने की अपील की गई है।

# कोरोना के बढ़ते मामले को देख स्वास्थ्य विभाग अलर्ट

## सभी बड़े अस्पतालों में बेड की समुचित व्यवस्था करने के दिए निर्देश

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** कोरोना ने बिहार में भी फिर पांव पसारना शुरू कर दिया है। राजधानी पटना में एम्स के डॉक्टर और नर्स के कोरोना संक्रमित मिलने के बाद बिहार सरकार पूरी तरह अलर्ट मोड पर आ गई है। स्वास्थ्य विभाग की ओर से एनएमसीएच, पीएमसीएच, आईजीआईएमएस जैसे बड़े अस्पतालों को अलर्ट मोड पर कर दिया गया है। स्वास्थ्य विभाग की ओर से सभी बड़े अस्पतालों में बेड की समुचित व्यवस्था करने के निर्देश दिए गए हैं। इसके साथ ही कोरोना जांच की व्यवस्था की गई है। स्वास्थ्य विभाग ने पटना के प्रमुख अस्पतालों पीएमसीएच, एनएमसीएच और न्यू गार्डिनर रोड हॉस्पिटल में कोरोना के विशेष जांच केंद्र बनाए हैं। इसके अलावा सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र और अनुमंडलीय अस्पतालों में जांच के निर्देश दिए गए हैं। इन सभी जगहों पर रैपिड किट भी उपलब्ध करवाई जा रही है। पटना के आईजीआईएमएस में 14 बेड का कोरोना वार्ड बनाया गया है। इसके अलावा आईसीयू में कोरोना मरीजों के लिए 3 बेड रिजर्व कर दिए गए हैं। सभी बेड पर ऑक्सीजन की व्यवस्था की गई है। आईजीआईएमएस के सुपरिटेंडेंट डॉक्टर मनीष मंडल ने कहा अस्पताल में पूरी व्यवस्था है। उन्होंने बताया कि आईजीआईएमएस में अभी एक भी मरीज भर्ती नहीं है। अस्पताल के डॉक्टर और अन्य कर्मी हर परिस्थिति पर नजर रखे हुए हैं। उन्होंने लोगों को भी सावधानी बरतने की सलाह दी है। अच्छी बात यह है कि बिहार के अन्य जिलों में अभी तक कोरोना के मामले नहीं आए हैं। बता दें कि पटना एम्स की एक महिला डॉक्टर, एक नर्स और एक कर्मी कोविड पॉजिटिव पाए गए हैं। तीनों का इलाज एम्स के सीनियर डॉक्टरों की निगरानी में किया जा रहा है। वहीं एनएमसीएच में भी दो मरीजों की रिपोर्ट कोरोना पॉजिटिव आई है। पटना के आरपीएस मोड़ पर रहने वाले एक 42 वर्षीय व्यक्ति भी पॉजिटिव पाया गया है। पीड़ित ने सर्दी-जुकाम और बुखार होने पर कोविड टेस्ट कराया था।

# प्रधानमंत्री 30 मई को बिहार को देंगे 48 हजार करोड़ से अधिक की योजनाओं का तोहफा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना/नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री 29 और 30 मई को चार राज्यों- सिक्किम, पश्चिम बंगाल, बिहार और उत्तर प्रदेश के दौरे पर रहेंगे। इस दौरान वे हजारों करोड़ रुपये की विकास योजनाओं का उद्घाटन, शिलान्यास और लोकार्पण करेंगे। दौरे में सबसे अहम पड़ाव बिहार का रहेगा जहां वे लगभग 48,520 करोड़ रुपये की लागत वाली परियोजनाओं की सौगात देंगे। प्रधानमंत्री 29 मई की शाम पटना हवाई अड्डे पर नवनिर्मित टर्मिनल भवन का उद्घाटन करेंगे जिसे लगभग 1200 करोड़ रुपये की लागत से तैयार किया गया है। यह नया टर्मिनल हर वर्ष एक करोड़ यात्रियों को संभालने की क्षमता रखता है। इसके साथ ही बिहटा में बनने वाले नये नागरिक एन्क्लेव की आधारशिला भी रखी जाएगी जिसकी अनुमानित लागत 1410 करोड़ रुपये है। बिहटा, जो पटना के समीप एक उभरता हुआ शैक्षणिक केंद्र है, में यह नया हवाई केंद्र क्षेत्र की कनेक्टिविटी को बेहतर बनाएगा। 30 मई को प्रधानमंत्री रोहतास जिले के काराकाट में विशाल जनसभा को संबोधित करेंगे और इस मंच से कई बड़ी परियोजनाओं की नींव रखेंगे। इसमें सबसे प्रमुख औरंगाबाद जिले में बनने वाली नबीनगर सुपर थर्मल विद्युत परियोजना (चरण-द्वितीय) है, जिसकी लागत लगभग 29,930 करोड़ रुपये होगी। इस परियोजना से 2400 मेगावाट बिजली उत्पादन की क्षमता होगी और यह बिहार समेत पूर्वी भारत को ऊर्जा सुरक्षा प्रदान करेगी। बिजली परियोजनाओं के साथ-साथ सड़क अवसंरचना पर भी विशेष जोर दिया गया है। प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राजमार्ग-119ए के पटना-आरा-सासाराम खंड को चार लेन बनाने, वाराणसी-रांची-कोलकाता मार्ग (राजमार्ग-319बी), रामनगर-कच्ची दरगाह खंड (राजमार्ग-119डी) को छह लेन का बनाने और बक्सर-भरौली के बीच नये गंगा पुल की आधारशिला भी रखेंगे। इसके अलावा 5520 करोड़ रुपये की लागत से पटना-गया-डोभी खंड के चार लेन के निर्माण का उद्घाटन किया जाएगा। गोपालगंज टाउन में राष्ट्रीय राजमार्ग-27 पर एलिवेटेड सड़क और ग्रेड सुधार कार्यों का भी उद्घाटन होगा। रेल परियोजनाओं में सोन नगर से मोहम्मदगंज के बीच तीसरी रेल लाइन जिसकी लागत 1330 करोड़ रुपये है को राष्ट्र को समर्पित किया जाएगा। ये सभी परियोजनाएं राज्य में व्यापार, यात्रा और संपर्क को नए आयाम देंगी। प्रधानमंत्री का यह दो दिवसीय दौरा पूर्वी भारत की आधारभूत संरचना को मजबूत करने की दिशा में एक बड़ा कदम माना जा रहा है। बिहार से दी गई ये विकास योजनाएं राज्य को ऊर्जा, सड़क, रेल और विमानन जैसे क्षेत्रों में नई ऊंचाइयों तक ले जाएंगी और करोड़ों लोगों के जीवन में परिवर्तन लाएंगी।

**अन्य राज्यों में भी विकास की बौछार**

**सिक्किम**

राज्य स्थापना के 50 वर्ष पूरे होने के अवसर पर प्रधानमंत्री 'सिक्किम@ 50' कार्यक्रम में शामिल होंगे। वे नामची जिले में 500 बिस्तरों वाले नये जिला अस्पताल, ग्यालशिंग जिले में सांगाचोलिंग रोपवे, गंगटोक जिले में अटल अमृत उद्यान जैसी योजनाओं का शिलान्यास व उद्घाटन करेंगे। इस मौके पर स्मारक सिक्का, डाक टिकट और स्मारिका सिक्का भी जारी किए जाएंगे।

**पश्चिम बंगाल**

प्रधानमंत्री अलीपुरद्वार और कूचबिहार जिलों में सिटी गैस वितरण परियोजना की आधारशिला रखेंगे। लगभग 1010 करोड़ रुपये की इस परियोजना से 2.5 लाख घरों, 100 वाणिज्यिक प्रतिष्ठानों और अनेक वाहनों को पाइप्ड नेचुरल गैस और सीएनजी की आपूर्ति सुनिश्चित होगी।

**उत्तर प्रदेश**

कानपुर नगर में प्रधानमंत्री 20,900 करोड़ रुपये से अधिक की विकास परियोजनाओं का उद्घाटन करेंगे। इसमें पनकी थर्मल पावर परियोजना, घाटमपुर थर्मल पावर परियोजना, मेट्रो रेल खंड, पनकी सीवेज उपचार संयंत्र, यमुना एक्सप्रेसवे पर 220 केवी सबस्टेशन, रेल ओवरब्रिज और सड़क चौड़ीकरण जैसी परियोजनाएं शामिल हैं। प्रधानमंत्री कई योजनाओं के लाभार्थियों को प्रमाण-पत्र और सहायता राशि भी वितरित करेंगे।

# सात जोड़ी समर स्पेशल ट्रेनों के परिचालन अविध में विस्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**हाजीपुर।** ग्रीष्मकालीन अवकाश के दौरान यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ के मद्देनजर उनके सुविधाजनक आवागमन हेतु चलायी जा रही 7 जोड़ी स्पेशल ट्रेनों के परिचालन अविध में विस्तार करने का निर्णय लिया गया है जिनका विवरण निम्नानुसार है -गाड़ी सं. 04504 चंडीगढ़-पटना स्पेशल के परिचालन अवधि में विस्तार करते हुए इसे चंडीगढ़ से 05.06.2025 से 10.07.2025 तक प्रत्येक गुरूवार को चलायी जाएगी। गाड़ी सं. 04503 पटना-चंडीगढ़ स्पेशल के परिचालन अवधि में विस्तार करते हुए इसे पटना से 06.06.2025 से 11.07.2025 तक प्रत्येक शुक्रवार को चलायी जाएगी।

# अपराधियों के खिलाफ बुलडोजर चले या इनकाउंटर हो : मंत्री

## अपराधियों के खिलाफ पुलिस को कड़े कदम उठाने होंगे

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** बिहार में बेखौफ अपराधियों द्वारा लगातार पुलिस को चुनौती दी जा रही है, लेकिन पुलिस इन्हें रोकने में नाकाम साबित हो रही है। ऐसे में राज्य के कानून-व्यवस्था पर विपक्षी दलों के द्वारा उठाए जा रहे सवालों के बीच राज्य के लोक स्वास्थ अभियंत्रण मंत्री नीरज कुमार सिंह बब्लू ने कहा है कि बिहार में बढ़ते अपराध को रोकने के लिए अपराधियों में खौफ पैदा करना होगा। उन्होंने कहा कि इसके लिए चाहे बुलडोजर चलाना पड़े या फिर इनकाउंटर करना पड़े, पुलिस को कड़े कदम उठाने ही होंगे। तभी अपराधियों में डर पैदा होगा और इसके लिए अधिक से अधिक इनकाउंटर करने की जरूरत है। वहीं, कानून-व्यवस्था पर सवाल उठाए जाने पर बबलू ने राजद पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि बिहार में ज्यादातर अपराधी किसी न किसी रूप में राजद से जुड़े हैं। वे लोग कानून-व्यवस्था पर सवाल उठाने की बजाय पहले अपने गिरेबान में झांकें। उल्लेखनीय है कि हाल ही में पटना के बोरिंग रोड और फुलवारीशरीफ के बेउर इलाके में हुई गोलीबारी की घटनाओं ने बिहार की कानून-व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं। बेउर में सोमवार को बैनक्वेट हॉल के मालिक संजय सिंह पर बाइक सवार हमलावरों ने ताबड़तोड़ गोलियां बरसाईं जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए।

# जदयू के हाजी मो. परवेज सिद्दीकी और पूर्व विधायक सुरेश चंचल ने थामा कांग्रेस का हाथ

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**पटना।** प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय सदाकत आश्रम में आयोजित मिलन समारोह में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम के हाथों जनता दल यूनाइटेड के पूर्व विधायक सुरेश चंचल एवं हाजी मो परवेज सिद्दीकी ने कांग्रेस का हाथ थाम लिया। जदयू सलाहकार समिति के सदस्य, चेयरमैन राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आरक्षण मोर्चा, मदरसा शिक्षा आधुनिकीकरण के अध्यक्ष और इस्लामिक स्कॉलर हाजी मो. परवेज सिद्दीकी ने भी आज अपने समर्थकों के साथ कांग्रेस पार्टी की विधिवत सदस्यता ग्रहण की। उन्होंने कहा कि वक्फ संशोधन कानून पर जनता दल यूनाइटेड और नीतीश कुमार की भाजपा को समर्थन वाली स्टैंड से मुलायम जगत में भारी विरोध है, लेकिन सत्ता लोभ में वे लगातार भाजपा के गोद में बैठे हैं। जनता दल यूनाइटेड में रहकर सामाजिक न्याय और अल्पसंख्यक के हित सुरक्षित रखने की लड़ाई संभव नहीं है। इसलिए हम कांग्रेस पार्टी के शीर्ष नेतृत्व के प्रति विश्वास जताते हुए कांग्रेस पार्टी की सदस्यता अपने समर्थकों के साथ ग्रहण कर रहे हैं। सदस्यता ग्रहण करने के बाद सकरा के पूर्व विधायक सुरेश चंचल ने कहा कि कांग्रेस सामाजिक न्याय की लड़ाई को लेकर संघर्ष कर रही है और देश के नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के नेतृत्व में लगातार जनहित में काम कर रहे हैं। उनके नेतृत्व में कांग्रेस से जुड़कर काम करना मेरे जैसे सामान्य राजनीतिक कार्यकर्ता के लिए अहम होगा। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम के नेतृत्व में और कांग्रेस पार्टी के निर्देशन में पार्टी की मजबूती के लिए सकरा विधानसभा से लगायत जिले में काम करेंगे। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम ने दोनों वरिष्ठ जदयू नेताओं के शामिल कराने के बाद कहा कि कांग्रेस पार्टी के प्रति विभिन्न दलों के राजनीतिक कार्यकर्ताओं में आकर्षण बढ़ा है

# दर्जी, रंगरेज और धुनिया कारीगरों के लिए विकास हेतु सरकार प्रतिबद्ध : नीतीश मिश्र

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** बिहार सरकार के उद्योग विभाग के अधीन हस्तकरघा एवं रेशम निदेशालय द्वारा आज विकास भवन, पटना में एक ऐतिहासिक आमसभा आयोजित की गई। इस आमसभा की अध्यक्षता उद्योग मंत्री-सह-अध्यक्ष, दर्जी, रंगरेज एवं धुनिया आर्टिजन विकास समिति, बिहार, नीतीश मिश्रा ने की। सभा में राज्य के पारंपरिक दर्जी, रंगरेज और धुनिया समुदायों के आर्थिक, तकनीकी एवं सामाजिक सशक्तिकरण हेतु गठित तीनों आर्टिजन विकास समितियों को समाज निबंधन अधिनियम, 1860 के अंतर्गत विधिवत रूप से निबंधित किए जाने के प्रस्ताव को सर्वसम्मति से अनुमोदन प्राप्त हुआ। सभा में उद्योग निदेशक सह निदेशक, हस्तकरघा एवं रेशम-सह सदस्य सचिव उद्योग विभाग निखिल धनराज निप्पणीकर, मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, जीविका बिहार हिमांशु शर्मा, वित्त विभाग एवं समाज कल्याण विभाग के प्रतिनिधि, निबंधक, सहयोग समितियां, बिहार तथा रंगरेज, धुनिया एवं दर्जी समुदायों के 15 गैर-सरकारी प्रतिनिधि उपस्थित रहे। इस पहल का उद्देश्य पारंपरिक कारीगर समुदायों को संगठित कर उन्हें राज्य की योजनाओं से जोड़ना, कार्यस्थल की समुचित व्यवस्था करना, रोजगार उपलब्ध कराना तथा उन्हें समाज की मुख्यधारा में लाना है। तीनों समितियों को विधिक रूप से निबंधित कर उन्हें राज्य स्तरीय योजनाओं के क्रियान्वयन में सक्रिय भूमिका का अवसर प्रदान किया गया है। सभा को संबोधित करते हुए मंत्री नीतीश मिश्रा ने कहा कि यह महज संस्थागत निबंधन नहीं, बल्कि सामाजिक न्याय, आर्थिक समावेशिता और कौशल विकास की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम है।

# लालू यादव ने अपने पोते का नाम रखा 'इराज'

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** राजद प्रमुख लालू प्रसाद यादव ने अपने पोते का नाम 'इराज' रखा है। हनुमान जी के 108 नामों में से 'इराज' भी एक नाम है। दरअसल, मंगलवार को पोते का जन्म होने के कारण लालू यादव ने उसका नाम 'इराज' रखा है। इसके साथ ही कामदेव को भी इराज के नाम से जाना जाता है। यही नहीं फूल को भी 'इराज' कहते हैं। 'इराज' के अन्य अर्थ हैं- 'जल से उत्पन्न व्यक्ति'। यह एक पवित्र, सौम्य और सकारात्मक ऊर्जा से भरा नाम माना जाता है। यह नाम खुशी या आनंद का प्रतीक भी है। लालू यादव ने एक्स पर एक पोस्ट करते हुए लिखा कि मैंने और राबड़ी देवी ने अपनी पोती कात्यायनी के छोटे भाई का नाम 'इराज' रखा है। उन्होंने आगे लिखा है कि तेजस्वी और राजश्री ने उसका पूरा नाम 'इराज लालू यादव' रखा है। कात्यायनी का जन्म शुभ नवरात्रि के 6वें दिन कात्यायनी अष्टमी को हुआ था और इस नन्हे बच्चे का जन्म बजरंग बली हनुमान जी के मंगल दिवस मंगलवार को हुआ है, इसलिए उसका नाम 'इराज' रखा गया है।

# मोदी जी की बिहार यात्रा पर कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष राजेश राम ने पूछे पांच बड़े सवाल

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की बिहार यात्रा एक बार फिर सवालों के घेरे में है। हर बार की तरह इस बार भी चुनावी माहौल के बीच बड़बोले भाषणों और झूठे वादों की भरमार देखने को मिली। सवाल ये है कि क्या बिहार को हर चुनाव से पहले सिर्फ आश्वासनों और आंकड़ों का खेल दिखाया जाएगा? ये बातें बिहार कांग्रेस के अध्यक्ष राजेश राम ने प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय सदाकत आश्रम में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में कही। प्रधानमंत्री की आगामी बिहार यात्रा पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम ने पीएम की इस यात्रा पर पांच सवाल मीडिया के माध्यम से पूछे हैं?

सवाल : 2015 में घोषित सवा लाख करोड़ के पैकेज का क्या हुआ? प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अगस्त 2015 में आरा की जनसभा में बिहार के लिए 1.25 लाख करोड़ के विशेष पैकेज की घोषणा की थी। इस पैकेज में सड़क, पुल, रेलवे, ऊर्जा, कृषि और शिक्षा से संबंधित कई परियोजनाएं थीं। 54,713 करोड़ राष्ट्रीय राजमार्गों और पुलों के लिए 3,000 करोड़ कृषि और शिक्षा के लिए जिसमें भागलपुर में केंद्रीय विश्वविद्यालय और एक मेगा स्किल यूनिवर्सिटी की योजना, तत्कालीन मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने इस पैकेज को 'जुमलेबाजी' कहा था, यह दावा करते हुए कि इनमें अधिकांश योजनाएं पहले से स्वीकृत थीं।

# उपेंद्र कुशवाहा ने की शाहाबाद की जनता से प्रधानमंत्री मोदी की विक्रमगंज रैली में आने की अपील

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** राष्ट्रीय लोक मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष व राज्यसभा सांसद उपेंद्र कुशवाहा ने भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बिहार आगमन पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा है कि हम सभी लोगों के लिए फक्र की बात है कि प्रधानमंत्री फिर बिहार आ रहे हैं। खास तौर पर यह शाहाबाद के लिए विशेष रूप से फक्र की बात है। प्रधानमंत्री जब भी बिहार आते हैं बिहार के लिए कोई न कोई सौगात लेकर आते हैं। इस बार भी मुझे विश्वास है कि प्रधानमंत्री फिर से कोई न कोई सौगात लेकर आएंगे। उन्होंने कहा कि शाहाबाद क्षेत्र की आम जनता से अनुरोध है कि आगामी 30 मई को सुबह 09 बजे से आयोजित प्रधानमंत्री की विक्रमगंज की रैली में बड़ी संख्या में जुटकर उनको सुनें और लाभ उठाएं साथ ही उनका अभिवादन करते हुए उनका मनोबल बढ़ाए ताकि प्रधानमन्त्री जी इसी तरह तीव्र गति से विकास का कार्य करते रहें। उक्त आशय की जानकारी पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता नितिन भारती ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर दी। साथ ही उन्होंने यह भी बताया कि इस संबंध में उपेन्द्र कुशवाहा ने एक वीडियो भी जारी किया है जिसमें उन्होंने शाहाबाद की आम जनता से विक्रमगंज रैली में आने की अपील की है।

## नेत्रवेदम-अत्याधुनिक आंख अस्पताल का स्वास्थ्य मंत्री ने किया उद्‌घाटन

# पटना को नेत्रवेदम के रूप में एक अत्याधुनिक आंख अस्पताल की सौगात : मंगल पांडेय

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि के रूप में पटना को नेत्रवेदम के रूप में एक अत्याधुनिक आंख अस्पताल की सौगात मिली। इस अस्पताल का उद्घाटन स्वास्थ्य मंत्री मंगल पाण्डेय के कर-कमलों द्वारा किया गया। कंकड़बाग (एम.आई.जी.80ए, पी.सी.कॉलोनी) पटना में स्थित यह अत्याधुनिक नेत्र चिकित्सा केंद्र, आधुनिक तकनीकों से सुसज्जित है और इसका उद्देश्य पटना एवं आसपास के जिलों के नागरिकों को विश्वस्तरीय नेत्र उपचार की सुविधा प्रदान करना है। अस्पताल में नवीनतम उपकरणों से युक्त ऑपरेशन थिएटर, रेटिना क्लिनिक, ग्लूकोमा क्लिनिक, कॉर्निया क्लीनिक, मोतियाबिंद इलाज, ऑप्टिकल यूनिट तथा फार्मेसी सेवाएं उपलब्ध हैं। इस मौके पर उपस्थित स्वास्थ्य मंत्री ने कहा मैं नेत्रवेदम जैसे अत्याधुनिक और सुपरस्पेशियलिटी नेत्र अस्पताल के उद्घाटन पर अत्यंत हर्षित हूं। यह न केवल पटना, बल्कि पूरे बिहार के लिए गर्व की बात है कि अब नेत्र रोगों के इलाज के लिए विश्वस्तरीय सुविधाएं हमारे अपने राज्य में उपलब्ध है। यह अस्पताल न सिर्फ तकनीकी दृष्टि से उन्नत है, बल्कि इसकी सेवाओं में संवेदनशीलता और सामाजिक उत्तरदायित्व भी साफ झलकता है। विशेषकर ग्रामीण और पिछड़े क्षेत्रों से आने वाले मरीजों के लिए जो निःशुल्क जांच और परामर्श की व्यवस्था की गई है, वह अत्यंत सराहनीय है। मैं डॉ. सबिताभ कुमार और उनकी टीम को इस महत्वपूर्ण पहल के लिए बधाई देता हूं और आशा करता हूं कि नेत्रवेदम, सेवा और उत्कृष्टता का प्रतीक बनेगा। यह अस्पताल आने वाले समय में नेत्र चिकित्सा के क्षेत्र में बिहार को एक नई ऊंचाई प्रदान करेगा। इस अवसर पर अस्पताल के निदेशक डॉ. सबिताभ कुमार ने कहा हमारा संकल्प है कि किसी भी व्यक्ति को नेत्र रोग के कारण अंधकार में न रहना पड़े।

# राजद और विकास में छत्तीस का रिश्ता : संतोष सुमन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** हम के राष्ट्रीय अध्यक्ष व लघु जल संसाधन मंत्री डॉ. संतोष सुमन ने कहा कि डबल इंजन की एनडीए सरकार के विकास कार्यों को झुठलाना राजद के विकास विरोधी चरित्र को दर्शाता है। एनडीए सरकार को 'खटारा' बता कर राजद-कांग्रेस अपने लूट-खसोट व भ्रष्टाचार वाले कार्यकाल पर पर्दा डालना चाहते हैं। राजद-कांग्रेस ने ही दशकों तक बिहार को बीमारू व बदनाम छवि वाला राज्य बना कर रखा। श्री सुमन ने कहा कि राजद की पूरी राजनीति ही विकास विरोधी रही है। सड़क, बिजली, पानी, सिंचाई, स्वास्थ्य, कृषि, उद्योग, रोजगार कभी भी राजद की प्राथमिकता में नहीं रही। जातीय उन्माद की राजनीति करने वाला राजद समाज में अस्थिरता व वैमनष्य पैदा कर केवल वोट की फसल काटता रहा है। उन्होंने कहा कि आज फ्री बिजली बांटने का वायदा करने वाले राजद के शासनकाल में बिहार में बिजली की कुल उपलब्धता मात्र 700 से 800 मेगावाट रहती थी। गांव की कौन कहें शहरों तक में बमुश्किल 6 से 8 घंटे भी बिजली नहीं मिल पाती थी। गांवों में लोग बिजली के तारों पर कपड़े सुखाते थे। श्री सुमन ने कहा कि सड़कों की स्थिति इतनी दयनीय थी कि दूरी किलोमीटर में नहीं घन्टों में मापी जाती थी।

# विकास की नई योजनाओं की सौगात देंगे प्रधानमंत्री : संजय जायसवाल

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**डिहरी ऑन-सोन।** बुधवार को भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष, सांसद संजय जायसवाल का विनोद गुप्ता के डिहरी स्थित आवास पर भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर उन्होंने प्रेस वार्ता को संबोधित किया और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की आगामी जनसभा में आमजन की भागीदारी सुनिश्चित करने का आग्रह किया। श्री जायसवाल ने बताया कि प्रधानमंत्री 30 मई को सुबह 9:30 बजे बिक्रमगंज मैदान में एक विशाल जनसभा को संबोधित करेंगे। इस अवसर पर प्रधानमंत्री 5000 करोड़ रुपये से अधिक की विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे जिनसे बिहार की तस्वीर बदलने वाली है। प्रमुख परियोजनाओं में सासाराम-पटना फोरलेन एक्सप्रेसवे, नया थर्मल पावर प्लांट, बक्सर में आधुनिक सिक्स लेन ब्रिज और सबसे महत्वाकांक्षी बिहटा में नया हवाई अड्डा आदि शामिल हैं जिसका शिलान्यास बिक्रमगंज की धरती से होगा। उन्होंने कहा कि रेलवे द्वारा पहले ही भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया पूरी कर ली गई है और प्रधानमंत्री जो कहते हैं, उसे पूरा करते हैं। यद्यपि समय में थोड़ा अंतर हो सकता है, परंतु कार्य पूरी तैयारी और प्रतिबद्धता के साथ शुरू होगा। उन्होंने कहा कि डिहरी, जो विगत दशकों में विकास की दौड़ में पीछे रह गया था, अब इन नई परियोजनाओं के माध्यम से तेजी से प्रगति की ओर अग्रसर होगा। उन्होंने आम जनता से अपील की कि वे अधिक से अधिक संख्या में जनसभा में उपस्थित होकर इस ऐतिहासिक पल के साक्षी बनें और बिहार के उज्ज्वल भविष्य का हिस्सा बनें। कार्यक्रम में डिहरी मंडल प्रभारी जिला उपाध्यक्ष आरती गुप्ता, भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष राजू गुप्ता, संजीव कुमार, महेंद्र कुमार, बबल कश्यप, अंबुज कुमार, विनय गुप्ता, कृष्ण शौडीक, रामबली शाह सहित कई अन्य लोग उपस्थित थे।

# पीएम के दौरे पर पुलिस सतर्क, अलर्ट जारी

मदन कुमार / नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**डिहरी ऑन-सोन।** पीएम के 30 मई को बिक्रमगंज दौरे पर पुलिस सतर्क है। मुख्यालय ने अलर्ट जारी किया है। शाहाबाद पुलिस प्रक्षेत्र के डीआईजी डॉ सत्य प्रकाश ने सभा स्थल का निरीक्षण से लौटने पर बताया कि प्रधानमंत्री की बिक्रमगंज यात्रा के दौरान सुदृढ़ एवं त्रुटिहीन सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित किया गया है। एसपी समेत सभी पुलिस पदाधिकारी को आवश्यक निर्देश दिए गए हैं। संबंधित सभी पदाधिकारी के साथ बैठक कर प्रधानमंत्री की सुरक्षा व्यवस्था की तैयारी की नियमित समीक्षा की जा रही है। सुरक्षा के सभी मानकों को तय समय में पूरा करने का निर्देश दिया गया है।



उन्होंने बताया कि पुलिस मुख्यालय द्वारा पीएम के दौरे को ले अलर्ट जारी किया गया है। रेलवे स्टेशन, सभी थाना क्षेत्र में होटल, बस स्टैंड समेत विभिन्न मार्गों पर नियमित जांच जारी है। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री के आगमन को लेकर पुलिस काफी सतर्क है। प्रक्षेत्र के सभी सीमावर्ती जिलों भोजपुर, बक्सर के एसपी को भी सतर्क किया गया। कार्यक्रम की तैयारी के मद्देनजर पुलिस ने सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी है। सीमावर्ती भोजपुर जिले में वाहनों की नियमित जांच किया जा रहा है। भोजपुर पुलिस हसन बाजार में आरा-सासाराम स्टेट हाईवे पर वाहनों की चेकिंग शुरू कर दी है। रोहतास-भोजपुर सीमा पर विशेष चौकसी बरती जा रही है और संदिग्ध वाहनों की जांच की जा रही है। सीमा क्षेत्र के थानेदारों को विशेष चौकसी बरतने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने खुफिया तंत्र को बढ़ाने और गतिविधियों पर पैनी नजर रखने को कहा है। उन्होंने कहा कि पुलिस और प्रशासन की टीमें सतर्क हैं। जनसभा स्थल के आसपास पुलिस की टीमें तैनात रहेगी।

# सड़क दुर्घटना में युवक की मौत

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**अकोढी गोला (रोहतास)।** तेज रफ्तार से आ रही हाइवा की चपेट में आने से सड़क दुर्घटना में युवक की मौत हो गई। बताया जाता है कि स्वर्गीय रामचंद्र भगत का पुत्र राजकिशोर भगत सुबह 9:00 बजे के आसपास आयर कोठा बाजार स्थित अपने दुकान से अपने घर दरिहट साइकिल से जा रहा था इसी क्रम में आयरकोठा गांव के समीप नासरीगंज की ओर से तेज गति से आ रही हाइवा ने पीछे से रौंद दिया। घटना की सूचना मिलते ही आयरकोठा थाने की पुलिस ने अकोढी गोला अस्पताल पहुंचाई। बेहतर इलाज को लेकर डॉक्टरों ने सासाराम रेफर कर दिया। सासाराम पहुंचते ही डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। मृत होने की सूचना मिलते ही परिवार सहित पूरे गांव में मातम पसर गया। मृतक परिवार का अकेला व्यक्ति था जो कि दुकान चलाकर अपने परिवार का पालन पोषण करता था। भीड़ का फायदा उठाकर और असामाजिक तत्वों ने सड़क जाम करने तथा आगजनी का भी प्रयास किया। आयर कोठा थाने की पुलिस और दरिहट थाने की पुलिस की सूझबूझ से तथा समय पर मुआवजा दिलवाने के आश्वासन पर जाम को हटवाया गया। इस संबंध में आयर कोठा थानाध्यक्ष कुसुम कुमार केसरी ने बताया कि घटना में शामिल ड्राइवर और गाड़ी को जप्त कर लिया गया है। शव को पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया गया है। परिजनों के आवेदन मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# दहेज प्रताड़ना की प्राथमिकी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**डिहरी ऑन-सोन।** महिला थाना में डिहरी मुफस्सिल थाना क्षेत्र के जमुहार गांव निवासी पूजा कुमारी ने अपने पति प्रिंस कुमार गुप्ता समेत ससुराल के आधे दर्जन स्वजनों पर दहेज प्रताड़ना की प्राथमिकी दर्ज कराई है। पुलिस के अनुसार पूजा की शादी जमुहार निवासी प्रिंस के साथ 2021 में हुई थी। उसका तीन वर्षों का पुत्र भी है। इस मामले में महिला थाना द्वारा गत वर्ष 4 अप्रैल को ससुराल के साथ समझौता कर उसे भेजा गया था, लेकिन पति समेत अन्य के प्रताड़ना का सिलसिला जारी रहा और उसे गत 20 मई को मारपीट कर पुत्र को अपने पास रखकर गांव के बाहर भगा दिया। थानाध्यक्ष राखी कुमारी के अनुसार पुलिस आरोपितों को जल्द गिरफ्तार करने की कार्रवाई करेगी।

## सहकारिता मंत्री ने किया दो गोदामों का उद्घाटन

# सहकारी बैंक से जुड़े खाताधारकों को बैंक शाखा आने की जरूरत नहीं : डा. प्रेम कुमार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो




**भभुआ (कैमूर)।** सहकारिता सह जिले के प्रभारी मंत्री प्रेम कुमार ने बुधवार को कैमूर जिले में दो पैक्सों में लाखों रुपए की लागत से नवनिर्मित गोदाम का उद्घाटन एवं दो पैक्सों में गोदाम निर्माण के लिए शिलान्यास किया। मंत्री ने जिले के भगवानपुर प्रखंड स्थित मोकरम एवं रामपुर प्रखंड के भीतरी बांध पैक्स में 1000-1000 एमटी के गोदाम का उद्घाटन एवं भगवानपुर प्रखंड के टोड़ी पैक्स में 500 एमटी तथा मोहनियां प्रखंड के डंडवा पैक्स में 1000 एमटी के गोदाम निर्माण के लिए शिलान्यास किया। मंत्री ने कहा कि कैमूर जिले में 153600 एमटी अनाज भंडारण क्षमता के गोदाम का निर्माण विभाग द्वारा किया गया है। वित्तीय वर्ष 2024-25 में 40 पैक्सों में गोदाम निर्माण के लिए विभाग द्वारा स्वीकृति प्रदान की गई जो निर्माणाधीन है। जिला सहकारिता पदाधिकारी शशिकांत शशि ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2025-26 में आठ पैक्सों में गोदाम निर्माण के लिए विभाग के पास प्रस्ताव भेजा गया है। उन्होंने बताया कि जिले के कुल 151 पैक्सों में से 110 पैक्सो का चयन कामन सर्विस सेंटर के लिए किया गया है। इसमें 105 पैक्सों का आईडी जरनेट कर उन्हें सीएससी सेन्टर के रुप में विकसित किया जा चुका है। मौके पर भभुआ विधायक भरत बिन्द थे। उधर सहकारिता मंत्री ने 27 मई मंगलवार को जिला सहकारी भवन में सहकारिता एवं को-आपरेटिव विभाग द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित कार्यक्रम के दौरान जिले के 10 पैक्सों में नए वर्जन का माइक्रो एटीएम वितरित किया। इस दौरान मंत्री ने जीएलजी संयुक्त देयता समूह भभुआ को एक लाख का चेक भी वितरण किया। मंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि माइक्रो एटीएम के क्रियान्वयन एवं संचालन से सहकारी बैंक से जुड़े खाताधारकों से बैंक शाखा आने की जरूरत नहीं होगी। इस व्यवस्था से किसान अपने सुविधा अनुसार संबंधित पैक्स से ही राशि की निकासी एवं जमा कर पाएंगे।

# प्रधानमंत्री के आगमन को लेकर लोगों को निमंत्रण पत्र बांट रहे हैं सहकारिता मंत्री डॉ प्रेम कुमार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**भभुआ।** कैमूर जिले के चारों विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न गांव में जाकर बिहार सरकार के सहकारिता मंत्री डॉ प्रेम कुमार प्रधानमंत्री के आगमन को लेकर लोगों को निमंत्रण पत्र दे रहे हैं कि वह उनकी सभा में पहुंचे और प्रधानमंत्री के बातों को सुने। मंत्री डॉ प्रेम कुमार ने कहा शाहाबाद के धरती पर मोदी जी का 30 मई को बिक्रमगंज में आगमन हो रहा है। ऑपरेशन सिंदूर के बाद पहली बार बिहार आ रहे हैं और ऑपरेशन सिंदूर से पहले बिहार से ही उन्होंने चेतावनी दिया था। सेना के जवानों ने जो ऑपरेशन सिंदूर के तहत आतंकवादियों के नौ ठिकानों को नेस्तनाबूत कर दिया। उन पर हम सभी को गर्व है। इस घटना में सैकड़ों आतंकवादियों की जान गई थी। हम शांति के पक्ष धर हैं। भारत युद्ध नहीं चाहता है, लेकिन कोई भारत में आतंकवादी सर उठाने का काम करेगा तो वैसे आतंकवादियों का फन कुचलने का सरकार काम करेगी। हम उग्रवाद और आतंकवाद के खिलाफ है। पूरी दुनिया हमारे साथ है। उनके आगमन को लेकर हम जनसंपर्क अभियान चला रहे हैं और लोगों को निमंत्रण दे रहे हैं कि वह माननीय प्रधानमंत्री की सभा में शामिल होकर उनके विचारों को सुने। मैं गांव पंचायत में जाकर लोगों को आमंत्रित कर रहा हूं।

# विश्व माहवारी स्वच्छता दिवस मनाया गया

## 'मासिक धर्म कोई शर्म की बात नहीं यह तो जीवन की पहचान है'

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**डिहरी ऑन-सोन।** स्थानीय पीएम श्री मध्य विद्यालय शिवगंज डिहरी में विभागीय निर्देशानुसार विश्व माहवारी स्वच्छता दिवस का आयोजन मीना मंच की संयोजिका शिक्षिका सुजाता प्रसाद के नेतृत्व में मीना मंच की छात्राओं द्वारा मनाने का कार्य किया गया। इस अवसर पर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र डिहरी के द्वारा एएनएम पूजा कुमारी को माहवारी स्वच्छता की जानकारी हेतु विद्यालय भेज कर सहयोग दिया गया। एएनएम पूजा कुमारी ने छात्राओं को बताया कि यह एक प्राकृतिक जैविक प्रक्रिया है जो किशोरियों के शरीर में हर माह होती है इस दौरान आपके पेट में ऐंठन पीठ में दर्द थकान महसूस होती है तो आप अपने घर के माता बहन सहेली शिक्षिकाओं को बताकर उचित सलाह और मार्गदर्शन प्राप्त कर सकती है। इस अवस्था में हमें न तो शर्म करनी चाहिए और न तो डरना चाहिए क्योंकि 13 वर्ष की आयु प्राप्त होने पर यह आपके शरीर में प्राकृतिक घटना का होना सुनिश्चित है तभी आप मां बन सकती है। इसलिए हम सभी को घबराना नहीं चाहिए।

# मंडल रेल प्रबंधक उदय सिंह मीना ने किया सासाराम स्टेशन का निरीक्षण

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**डिहरी ऑन-सोन।** मंडल रेल प्रबंधक उदय सिंह मीना द्वारा आज सासाराम स्टेशन पर गहन निरीक्षण किया गया। सुबह लगभग पौने दस बजे सासाराम जंक्शन पहुंचे। मंडल रेल प्रबंधक द्वारा लगभग 1 घंटे के निरीक्षण में स्टेशन के प्लेटफार्म तीन / चार पर एक छोर से दूसरे छोर तक चलकर यात्री सुविधाओं एवं जारी कार्यों का सूक्ष्मता से जायजा लिया गया। कार्य के दौरान यात्रियों के सुचारू आवागमन को ध्यान में रखते हुए प्लेटफार्म एवं बैरिकेडिंग आदि को हमेशा सुव्यवस्थित रखने हेतु निर्देशित किया गया। मंडल रेल प्रबंधक द्वारा स्टेशन के सर्कुलेटिंग एरिया में भी सुविधाओं का जायजा लिया गया। इसके साथ ही स्टेशन पर रिटायरिंग रूम, विशिष्ट अतिथि कक्ष, स्टेशन अधीक्षक कक्ष आदि का भी अवलोकन किया गया। मंडल रेल प्रबंधक द्वारा स्टेशन पर साफ-सफाई के साथ कार्य के दौरान निरंतर निगरानी कर मौजूदा उत्तम सुविधा एवं व्यवस्था बनाए रखने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।

## नारायण मेडिकल कॉलेज में महिलाओं को पोषण, स्वच्छता प्रजनन के निवारक पर की गई चर्चा

# स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं को उत्कृष्ट योगदान के लिए किया सम्मानित

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**सासाराम।** अंतर्राष्ट्रीय महिला स्वास्थ्य कार्रवाई दिवस के अवसर पर नारायण मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल, जमुहार के कम्युनिटी मेडिसिन विभाग के तत्वावधान में कार्यक्रम आयोजित कर महिलाओं के स्वास्थ्य और अधिकारों के लिए अपील की गई। इस वर्ष के थीम 'एकजुटता में हमारा प्रतिरोध, हमारा संघर्ष, हमारा अधिकार' के आधार पर आयोजित कार्यक्रम में स्वास्थ्य प्रशिक्षण केंद्र सामुदायिक चिकित्सा विभाग सासाराम एवं ग्रामीण स्वास्थ्य प्रशिक्षण केंद्र अकोढी गोला में कार्यक्रम में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का आयोजन सामुदायिक चिकित्सा विभाग के अध्यक्ष प्रोफेसर डॉक्टर नीपेंद्र आनंद के मार्गदर्शन में किया गया। इस अवसर पर ग्रामीण स्वास्थ्य प्रशिक्षण केंद्र के प्रमुख डॉक्टर भरत ने आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, आशा कार्यकर्ताओं, मल्टीपरपज वर्कर्स और स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं को उनके समर्पण और उत्कृष्ट योगदान के लिए सराहा और सम्मानित किया। इसके साथ ही महिलाओं को पोषण, स्वच्छता प्रजनन, स्वास्थ्य और इसके निवारक उपायों जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की गई। स्थानीय लोगों को निशुल्क दवाइयां भी वितरित की गई। इस अवसर पर एक रैली का आयोजन किया गया जो समुदाय में जागरूकता फैलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कार्यक्रम समन्वयक डॉ राहुल चंद्रा ने कहा कि यह आयोजन महिलाओं के स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने, समुदाय में सकारात्मक बदलाव लाने और स्वास्थ्य सेवाओं को सुलभ बनाने का एक सफल प्रयास है। डॉक्टर भरत ने अपने विचार व्यक्त करते हुए स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं की भूमिका की सराहना की और उनके प्रयासों को समाज के लिए प्रेरणादायक बताया। कार्यक्रम में स्थानीय महिलाओं, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, आशा कार्यकर्ताओं, मल्टीपरपज वर्कर्स, स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं, नारायण मेडिकल कॉलेज के एमबीबीएस इंटर्न्स सत्र 2020-21 और कॉलेज के अन्य सदस्यों ने सक्रिय रूप से भाग लिया। यह आयोजन ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं को सशक्त करने और महिलाओं के अधिकारों को बढ़ावा देने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम साबित हुआ।

# बाजार में जाम की समस्या बनी नासूर

## 50 फीट का स्टेट हाइवे 15 फीट में सिमटा, अतिक्रमण से आमजन परेशान

विकास शुक्ला / नवबिहार टाइम्स संवाददाता




**चेनारी।** बाजार में जाम की समस्या लगातार गंभीर होती जा रही है। कर्पूरी चौक से मुख्य पार्षद के घर तक लोगों को घंटों तक जाम में फंसे रहना पड़ता है। पहले 50 फीट चौड़ा स्टेट हाइवे अब केवल 15 फीट में सिमट गया है। सड़क के दोनों किनारों पर सब्जी विक्रेताओं और ठेले वालों का कब्जा हो गया है जिससे यातायात पूरी तरह बाधित हो गया है। चेनारी बाजार में स्टेट हाइवे के किनारे बड़ी संख्या में सब्जी विक्रेता और ठेले वाले अपने ठेले लगाकर बैठे हैं। इसके अलावा कुछ दुकानदार भी अपनी दुकानों का सामान सड़क तक फैलाकर रखते हैं जिससे सड़क संकीर्ण हो गई है और वाहनों को निकलने में दिक्कत होती है। सुबह और शाम के समय जाम की समस्या सबसे अधिक होती है। पैदल चलने वालों को भी मुश्किल होती है क्योंकि फुटपाथ न होने के कारण वे सड़क पर ही चलते हैं। स्कूली बच्चों, मरीजों और बुजुर्गों के लिए यह स्थिति और अधिक परेशान करने वाली हो जाती है। जाम के कारण एंबुलेंस और दमकल वाहनों को निकलने में भारी परेशानी होती है। कई बार मरीजों को अस्पताल पहुंचाने में देरी हो जाती है जिससे जान का भी खतरा बढ़ जाता है। कुछ महीने पहले मुख्य पार्षद द्वारा अतिक्रमण हटाने की घोषणा की गई थी। स्थानीय प्रशासन ने भी मेगाफोन के जरिए व्यापारियों और ठेले वालों को हटने की चेतावनी दी थी, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। चेनारी बाजार में जाम की समस्या अब केवल परेशानी नहीं बल्कि एक गंभीर संकट बन गई है। प्रशासन की निष्क्रियता के चलते आम जनता को भारी मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। यदि जल्द ही ठोस कदम नहीं उठाए गए तो यह समस्या और विकराल हो सकती है। जनता की मांग है कि स्थानीय प्रशासन जल्द से जल्द इस मुद्दे पर ध्यान दे और सड़क को अतिक्रमण मुक्त बनाकर यातायात सुचारु करे। इस संबंध में अंचलाधिकारी पूजा शर्मा चेनारी के बाजार में अतिक्रमण के समस्या बहुत गंभीर बात है। नगर पंचायत के अधिकारी व जनप्रतिनिधियों से बात कर तत्कालीन समस्या से निजात दिलाई जाएगी।

**पूर्व रेलवे**

**खुली ई-निविदा सूचना सं. 45 एवं 46, दिनांक 16.05.2025 (सिविल एवं अन्य कार्य),** मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, मालदा, मालदा ऑफिस बिल्डिंग, डाकघर-झलझलिया, जिला-मालदा, पिन-732102 (पश्चिम बंगाल) द्वारा निम्नलिखित कार्यों के लिए खुली ई-निविदा सूचना आमंत्रित की जाती है: **क्रम सं. 1, निविदा सं. 45- एमएलडीटी-25-26, कार्य का नाम :** वरिष्ठ मंडल अभियंता-II/पूर्व रेलवे/मालदा के कार्यक्षेत्र में सहायक अभियंता/साहिबगंज के अधीन मिर्जाचौकी और पीरपैंती स्टेशनों के बीच अम्मापाली हॉल्ट स्टेशन तथा पीरपैंती और शिवनारायणपुर शाखा के बीच लक्ष्मीपुर भोरंग हॉल्ट स्टेशन में आईबीएस के प्रावधान के लिए सिविल कार्य हेतु खुली ई-निविदा। **निविदा मूल्य:** रु. 1,04,14,691/-, **क्रम सं. 2, निविदा सं. 46- एमएलडीटी-25-26, कार्य का नाम :** वरिष्ठ मंडल अभियंता-III/पूर्व रेलवे/मालदा के कार्यक्षेत्र में सहायक अभियंता/लाइन/जमालपुर के अधीन अकबरनगर और सुलतानगंज स्टेशनों के बीच महेशी हॉल्ट में आईबीएस के प्रावधान कार्य के लिए खुली ई-निविदा। **निविदा मूल्य:** रु. 52,17,600.25, **निविदा की अंतिम तिथि और समय :** दिनांक 09.06.2025 को 15.30 बजे (क्रम सं. 1 एवं 2 हेतु)। **वेबसाइट का विवरण एवं सूचना पट : www.ireps.gov.in/** मंडल रेल प्रबंधक का कार्यालय/मालदा टाउन। निविदाकारों से अनुरोध है कि वे वेबसाइट पर विस्तृत निविदा सूचना और कागजात देखें।

MLD-70/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway
@easternrailwayheadquarter

# एक जून को लोक समिति राज्य कार्यकारिणी की बैठक

## बैठक में भाग लेंगे राष्ट्रीय अध्यक्ष गिरिजा सतीश

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**सासाराम।** बिहार प्रदेश लोक समिति के प्रांतीय महामंत्री शिवजी सिंह ने बिहार के विभिन्न जिलों का दौरा कर प्रेस रिलीज जारी करते हुए कहा कि लोक समिति लोक नायक जयप्रकाश नारायण द्वारा स्थापित गैर दलीय राष्ट्रीय जन संगठन है जिसकी स्थापना 30 जून, 1977 ई. को हुई थी। देश के जाने-माने गांधीवादी चिंतक गिरिजा सतीश वर्तमान समय में लोक समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष हैं। राज्य की बैठक में भाग लेने की इनकी भी सहमति मिल चुकी है जिनके कुशल नेतृत्व में बिहार सहित कई राज्यों में इस संगठन का कार्य ठीक ढंग से चल रहा है। श्री सिंह ने कहा कि कौशल गणेश आजाद संगठन के राष्ट्रीय संयोजक हैं। संगठन के विस्तार हेतु बिहार में उनका मार्ग-दर्शन मिलता रहता है। श्री सिंह ने कहा कि बिहार प्रदेश लोक समिति राज्य कार्यकारिणी की एक दिवसीय बैठक 1जून, 2025 को सुबह 9 बजे से बोधगया स्थित होम फॉर चिल्ड्रेन सिलौंजा के सभागार में होंगी। श्री सिंह ने कहा कि राज्य कार्यकारिणी की बैठक में सुरेश प्रसाद, भानुप्रकाश राय, प्रमोद कुमार, मथुरा सिंह, रोहतास, जेम्स फिलीपुस कैमूर, हीरालाल बक्सर, अजीत कुमार सिंह, अजेय कुमार संतोष अधिवक्ता, अजय कुमार श्रीवास्तव औरंगाबाद, हृषिकेश कुमार सीतामढ़ी, पुतुल कुमारी, राजेन्द्र मांझी, परमेश्वर यादव, बिन्दू सिंह, बिशुनधारी यादव गया,उपेन्द्र कुमार पटना, उमा शंकर सिंह, डॉ.निगहवान अहमद, दिलीप गिरी, समस्तीपुर, सुबोध पाण्डेय, मकबूल अहमद मुजफ्फरपुर, राजूरंजना भागलपुर, वगैरह जिलों के राज्य के प्रतिनिधि भाग ले रहे हैं।

# बिगु प्रसाद की स्मृति में वितरित हुए जीवन के प्रतीक पौधे

## श्रद्धांजलि में मिला पर्यावरण संरक्षण का संदेश

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**तिलौथू (रोहतास)।** सादा जीवन, उच्च विचार और समाज सेवा को समर्पित बिगु प्रसाद की पुण्य स्मृति में आयोजित श्रद्धांजलि सभा में एक विशेष पहल ने सबका ध्यान आकर्षित किया। कार्यक्रम में शामिल सभी आगंतुकों को एक-एक पौधा भेंट किया गया, जो केवल श्रद्धांजलि नहीं, बल्कि एक हरित संदेश भी था। पुत्र ऋषि राज, सत्यानंद कुमार, हंसराज कुमार एवं अरुण कुमार भारती का यह पहल न केवल पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक प्रेरणास्पद कदम रही, बल्कि यह भी दर्शाया कि सच्ची श्रद्धांजलि केवल फूलों से नहीं, वृक्षों के रूप में दी जा सकती है जो आने वाली पीढ़ियों के लिए छाया, प्राणवायु और हरियाली का स्रोत बनें। कार्यक्रम में गुरुदेव लाल बिहारी सिंह, आचार्य जंगलेश प्रसाद चौरसिया, उमेश शुक्ला, विधायक राजेश गुप्ता, पूर्व विधायक जवाहर प्रसाद, समाजसेवी तोराब नियाजी, मिथिलेश विश्वकर्मा सहित परिजन एवं सैकड़ों श्रद्धालु उपस्थित रहे। पौधा वितरण के साथ सभी को यह भी आग्रह किया गया कि 'इस पौधे को सिर्फ लें नहीं, इसे लगाएं, पालें और अपने जीवन का हिस्सा बनाएं।'

'एक पौधा-एक जीवन, एक श्रद्धांजलि-एक संकल्प।'

कार्यक्रम के संयोजक सत्येंद्र कुमार सत्या ने बताया कि यह परंपरा आगे भी हर पुण्यतिथि व स्मृति समारोह में जारी रहेगी, ताकि बिगु प्रसाद जैसे कर्मयोगी की स्मृति हमेशा हरित और जीवंत बनी रहे।

बिहार सरकार

**बिहार संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा पर्षद**

आई0ए0एस0संघ भवन, पटना हवाई अड्डा के निकट, पटना-14.

Website : bceceboard.bihar.gov.in / Helpdesk : helpdesk.bceceboard@bihar.gov.in

**डिप्लोमा प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा [पार्श्विक प्रवेश] – 2025**
**D.E.C.E. (L.E.)-2025**

विज्ञापन संख्या-बी.सी.ई.सी.ई.बी.(डी.ई.सी.ई.[LE])-2025/05 दिनांक- 28.05.2025

**परीक्षा से सम्बन्धित अतिआवश्यक सूचना**

विज्ञापन संख्या-बी.सी.ई.सी.ई.बी.(डी.ई.सी.ई.(एल.ई.)- 2025/04 दिनांक- 27.04.2025 के क्रम में सर्व साधारण एवं डिप्लोमा प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा (पार्श्विक प्रवेश) [DECE(LE)]-2025 से सम्बन्धित सभी अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि **DECE(LE)-2025 की दिनांक 01.06.2025 को निर्धारित परीक्षा अपरिहार्य कारणों से स्थगित करते हुए परीक्षा तिथि दिनांक 15.06.2025 को पुनर्निर्धारित किया जाता है।**

2. तद्नुसार अभ्यर्थियों को दिनांक 01.06.2025 के लिए DECE(LE)-2025 परीक्षा हेतु निर्गत / download किये गये Admit Card को रद्द किया जाता है।

3. DECE(LE)-2025 की पुनर्निर्धारित परीक्षा का कार्यक्रम निम्नवत् है;

| | | |
|---|---|---|
| (i) | Uploading of fresh Online Admit Card | : **06.06.2025** |
| (ii) | Re-scheduled Date of Examination | : **15.06.2025** |
| (iii) | Re-scheduled Time of Examination | : **2.30 PM to 4.45 PM** |

4. उपरोक्त के अतिरिक्त पूर्व प्रकाशित विज्ञापन की अन्य सभी सूचनाएँ / शर्त्तें यथावत रहेंगी।

5. सभी सम्बन्धित को निदेश दिया जाता है कि परीक्षा से सम्बन्धित अद्यतन जानकारी हेतु पर्षद के website **bceceboard.bihar.gov.in** के सम्पर्क में रहें।

परीक्षा नियंत्रक

# नालंदा के नवाचारी किसानों को कृषि विभाग ने किया सम्मानित

## महिला सशक्तिकरण और आधुनिक कृषि तकनीकों के क्षेत्र में दिखाई मिसाल



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** कृषि भवन, पटना में मंगलवार को एक गरिमामय समारोह में कृषि विभाग के सचिव संजय कुमार अग्रवाल ने नालंदा जिले के तीन प्रगतिशील किसानों - आकांक्षा कुमारी, मंजुला देवी और बुंदन प्रसाद को सम्मानित किया। यह सम्मान उन्हें कृषि नवाचार, उद्यमिता, महिला सशक्तिकरण तथा आधुनिक तकनीकों के प्रभावी उपयोग के लिए प्रदान किया गया।

**खेती से कमाई तक का सफर—ब्रांडिंग और मार्केटिंग है जरूरी**

समारोह को संबोधित करते हुए सचिव श्री अग्रवाल ने कहा कि खेती को लाभकारी बनाने के लिए अब केवल उत्पादन पर्याप्त नहीं है। इसके साथ-साथ किसानों को प्रशिक्षण, उद्यमिता विकास तथा बाजार तक पहुंच सुनिश्चित करनी होगी। उन्होंने स्पष्ट कहा कि उत्पादों की ब्रांडिंग और मार्केटिंग पर ध्यान देना अब समय की मांग है, ताकि किसान बेहतर कीमत और पहचान दोनों प्राप्त कर सकें।

**मंजुला देवी : मशरूम से मसालों तक का सफर**

कार्यक्रम में सम्मानित मंजुला देवी की सफलता की चर्चा करते हुए सचिव ने कहा कि 2010 में मशरूम की खेती से शुरू कर उन्होंने अब मसाला निर्माण और बिक्री को व्यावसायिक रूप दे दिया है। मंजुला जी ने करीब 30 महिलाओं को रोजगार से जोड़ा है, जो उनके उत्पादों की मार्केटिंग और ब्रांडिंग में सहयोग कर रही हैं। यह सामूहिक सहभागिता ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नई ऊर्ज़ा दे रही है।

**आकांक्षा कुमारी : घरेलू उत्पादों से आत्मनिर्भरता की राह**

आकांक्षा कुमारी द्वारा अचार, बड़ी, पापड़ और मुरब्बा जैसे घरेलू उत्पादों का निर्माण ग्रामीण महिलाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत बना है। वह स्थानीय किसानों से कच्चा माल खरीदती हैं, जिससे स्थानीय उत्पादन को बढ़ावा मिलता है। साथ ही, उन्होंने अनेक महिलाओं को रोजगार के अवसर भी दिए हैं।

**बुंदन प्रसाद : स्वीट कॉर्न की खेती बना आय का मजबूत मॉडल**

बुंदन प्रसाद द्वारा स्वीट कॉर्न और बेबी कॉर्न की खेती को सचिव ने उच्च लाभकारी मॉडल बताते हुए सराहा। उन्हें कृषि विभाग द्वारा अनुदानित बीज, तकनीकी सहायता और प्रशिक्षण दिया गया, जिसका उन्होंने समुचित लाभ उठाया। यह मॉडल दूसरे किसानों के लिए भी प्रेरणा का स्रोत बन सकता है।

**कृषि को व्यवसाय के रूप में अपनाने की जरूरत**

अंत में सचिव श्री अग्रवाल ने कहा कि कृषि को केवल परंपरा के रूप में नहीं, व्यवसाय के रूप में अपनाना होगा। सरकार किसानों को हर स्तर पर सहयोग देने के लिए प्रतिबद्ध है, ताकि वे आत्मनिर्भर बनें और राज्य की अर्थव्यवस्था को मजबूती प्रदान करें।

यह कार्यक्रम न केवल प्रगतिशील किसानों को प्रोत्साहन देने का माध्यम बना, बल्कि यह संदेश भी दिया कि कृषि में नवाचार, उद्यमिता और सहभागिता से ही ग्रामीण भारत की सच्ची तस्वीर बदलेगी।


# हथियारों के जखीरे के साथ पूर्व वार्ड पार्षद का भाई गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** बिहारशरीफ के नगर थाना क्षेत्र के बैगनाबाद मोहल्ले में बुधवार को पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए भारी मात्रा में अवैध हथियार बरामद किए हैं। छापेमारी एसपी भारत सोनी के नेतृत्व में की गई, जिसमें पूर्व वार्ड पार्षद बाबर मलिक के भाई अखलाकुर रहमान उर्फ अकबर मलिक को गिरफ्तार किया गया है। अकबर के घर से आठ आग्नेयास्त्र, 190 से अधिक कारतूस और अन्य सामग्री बरामद की गई है। करीब आठ घंटे तक चली इस छापेमारी में अकबर मलिक और उसके दो भाइयों के घरों की गहन तलाशी ली गई। हथियारों का यह जखीरा केवल अकबर के घर से बरामद हुआ है। शुरुआत में अकबर फरार हो गया था, लेकिन बाद में पुलिस ने घेराबंदी कर उसे गिरफ्तार कर लिया। एसपी भारत सोनी ने बताया कि पुलिस को अवैध हथियारों की बड़ी खेप लाए जाने की गुप्त सूचना मिली थी। इसके बाद बिहार, लहेरी और सोहसराय थानों की संयुक्त टीम बनाई गई और बैगनाबाद में एक साथ छापेमारी की गई। कार्रवाई में दो डीएसपी, तीन थानाध्यक्ष और जवान शामिल थे। अकबर मलिक के खिलाफ बिहार थाना में आठ और अन्य थानों में दो से अधिक मामले दर्ज हैं। इनमें हत्या, ठगी, अवैध हथियार और आर्म्स एक्ट से जुड़े मामले शामिल हैं। वह पूर्व में भी जेल जा चुका है। पुलिस अब यह भी जांच कर रही है कि इन हथियारों की आपूर्ति किन लोगों को की जा रही थी। छानबीन के दौरान पुलिस को आठ खतरनाक आग्नेयास्त्र मिले, जिनमें एक डबल बैरल लोडेड गन,एक सिंगल बैरल लोडेड गन शामिल हैं। इसके अलावा, दो उच्च क्षमता वाली राइफलें भी बरामद की गईं एक .315 बोर की और दूसरी .30-06 बोर की। इनके अलावा एक दूरबीन युक्त एयरगन, ताइवान निर्मित छह गोली लोडेड रिवॉल्वर, एक एक्सट्रा मैगजीन के साथ लोडेड पिस्टल, और मेड इन इंग्लैंड लिखी रिवॉल्वर भी मिली है। पुलिस को मौके से 190 कारतूस और 800 एयरगन की गोलियां मिलीं। इसके अतिरिक्त, एक गुप्ती (तेजधार हथियार) और कई मोबाइल फोन भी जब्त किए गए हैं। एसपी ने बताया कि पूरे मामले की जानकारी राष्ट्रीय जांच एजेंसी और अन्य केंद्रीय एजेंसियों को भेजी गई है। यह आशंका जताई जा रही है कि इस गिरोह के तार अंतरराज्यीय अपराध नेटवर्क से जुड़े हो सकते हैं। छापेमारी दल में सर्किल इंस्पेक्टर योगेश चंद्रा, बिहार थानाध्यक्ष दीपक सम्राट, लहेरी थानाध्यक्ष रंजीत रजक, सोहसराय थानाध्यक्ष राजमणि, महिला पुलिस अधिकारी आभा कुमारी, और जवान शामिल थे।

# जिला पदाधिकारी ने ईवीएम व वीवीपैट का किया निरीक्षण

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**नवादा।** आगामी विधानसभा चुनाव 2025 की तैयारियों की कड़ी में नवादा के जिला पदाधिकारी रवि प्रकाश द्वारा इवीएम (एवं वीवीपैट मशीनों की प्रथम स्तरीय जांच कार्य का निरीक्षण किया गया।

यह एफएलसी प्रक्रिया भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशानुसार 24 मई से 8 जून 2025 तक संचालित की जा रही है, जिसे आयोग द्वारा नामित अभियंताओं की 13 सदस्यीय विशेषज्ञ टीम द्वारा संपन्न किया जा रहा है। यह कार्य प्रतिदिन - सामान्य कार्यदिवसों के साथ-साथ अवकाश के दिनों में भी ऽ प्रातः 9 बजे से संध्या 7 बजे तक चल रहा है।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने मशीनों की क्लिनिंग, स्कैनिंग की प्रक्रियाओं की बारीकी से समीक्षा की। एफएलसी केंद्र की सुरक्षा व्यवस्था, कार्य संचालन प्रणाली एवं उपकरणों के रखरखाव की भी जिलाधिकारी ने विस्तार से जांच की। उन्होंने उपस्थित पदाधिकारियों को यह स्पष्ट निर्देश दिए कि भारत निर्वाचन आयोग के सभी मानक संचालन प्रक्रियाओं एवं दिशा-निर्देशों का अक्षरशः पालन सुनिश्चित किया जाए।

जिलाधिकारी ने यह भी कहा कि इवीएम एवं वीवीपैट मशीनों की सुरक्षा, जांच प्रक्रिया और अभिलेखों के संधारण की समस्त व्यवस्था पारदर्शी एवं सुरक्षित होनी चाहिए, जिससे आम जनता का विश्वास निर्वाचन प्रक्रिया में और भी अधिक सुदृढ़ हो।

# नवादा के अमरदीप सिन्हा को मिली पीएचडी की उपाधि

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** शहर के चर्चित अमरदीप सिन्हा ने पीएचडी पूरी कर एक बड़ी उपलब्धि हासिल किए हैं। उन्होंने मगध विश्वविद्यालय से रसायन शास्त्र विषय में शोध पूरा कर डॉक्टर की उपाधि हासिल किए हैं। यह उपाधि उन्हें 24 मई को मिला।अब डॉ. अमरदीप सिन्हा के नाम से जाने जायेंगे। डॉ. अमरदीप सिन्हा ग्राम दरियापुर, पंचायत माखर, ब्लॉक अकबरपुर, जिला नवादा एवं वर्तमान पता मोतीबीघा गोनावा के निवासी है। डॉ. अमरदीप सिन्हा की इस उपलब्धि से उनके घर, परिवार, दोस्त और पूरे क्षेत्र में खुशी और उत्साह का माहौल है। यह शोध, 'माइक्रोलेवल स्टडीज ऑफ काइनेटिक रिएक्शंस ऑफ डिस्प्रापोर्शनेशन रिएक्शन अंडर एल्कीन कंडीशंस' विषय पर अध्ययन और शोध किया।

# 136 गांवों में विकसित कृषि संकल्प अभियान आज से शुरू

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कौआकोल।** विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत नवादा जिला के सभी 14 प्रखंडों के चयनित 136 गांवों में गुरुवार 29 मई से कृषक प्रशिक्षण सह जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। कृषि विज्ञान केंद्र, ग्राम निर्माण मण्डल सर्वोदय आश्रम सोखोदेवरा के बैनर तले उक्त जागरूकता कार्यक्रम 15 जून तक चलेगा। इसकी जानकारी देते हुए कृषि विज्ञान केंद्र के वरीय वैज्ञानिक सह प्रधान डॉ. जयवंत कुमार सिंह ने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य किसानों को वैज्ञानिक एवं आधुनिक कृषि पद्धतियों से जोड़कर उन्हें आवश्यक तकनीकी ज्ञान प्रदान करना है। उन्होंने बताया कि इस अभियान में नवादा जिला के सभी प्रखंडों को शामिल किया गया है। जिसके तहत किसानों को उन्नत बीज, जैविक खेती, जल संरक्षण, मृदा स्वास्थ्य कार्ड, प्राकृतिक खेती, कृषि यंत्रीकरण, एकीकृत कृषि प्रणाली, पशुपालन, मशरूम उत्पादन, मधुमक्खी पालन एवं सब्जी उत्पादन जैसी विविध कृषि तकनीक की जानकारी दी जाएगी। इस दौरान आत्मा के कार्यकर्ता, जनप्रतिनिधि, स्थानीय किसान मित्र, भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के वैज्ञानिक, बिहार कृषि विश्वविद्यालय के वैज्ञानिक एवं विभागीय अधिकारी सक्रिय रूप से सहभागिता करेंगे। भारत सरकार द्वारा संचालित इस विशेष अभियान का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में कृषि को लाभकारी, आत्मनिर्भर और टिकाऊ बनाना है। कृषि विज्ञान केंद्र के वरीय वैज्ञानिक ने बताया कि यह अभियान किसानों के बीच तकनीकी जागरूकता बढ़ाने नवाचार को खेत तक पहुंचाने तथा किसानों को प्रशिक्षण देकर स्थानीय स्तर पर कृषि विकास को नई दिशा देने की एक सशक्त पहल है।

# प्रधानमंत्री बीमा सुरक्षा योजना का मिला लाभ

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** जिले में अक्सर सड़क दुर्घटनाओं या आकस्मिक मृत्यु की घटनाएं सामने आती रहती हैं, जिनमें पीड़ित परिवारों को आर्थिक संकट का सामना करना पड़ता है। ऐसे संकट के समय सरकार द्वारा शुरू की गई 'प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना' एवं 'प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना' आमजन, विशेषकर गरीब और निम्न आय वर्ग के लोगों को राहत पहुंचाने के उद्देश्य से चलाई जा रही हैं।

इन दोनों योजनाओं के अंतर्गत बहुत ही कम प्रीमियम पर बीमा सुरक्षा प्रदान की जाती है, जिससे आकस्मिक मृत्यु या दुर्घटना की स्थिति में परिवार को आर्थिक सहायता मिलती है। इसी कड़ी में नवादा जिले के रोह प्रखंड अंतर्गत रूपौ गांव निवासी मुशरत जहां ने छह माह पूर्व बिहार ग्रामीण बैंक, शाखा रूपौ में प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के अंतर्गत 436 प्रीमियम देकर बीमा कराया था। दुर्भाग्यवश कुछ माह बाद बुखार के कारण उनका निधन हो गया। अविवाहित होने के कारण उनके बीमा में पिता नसीम उद्दीन को नामांकित किया गया था। बीमा दावा प्राप्त होने के केवल दस दिनों के भीतर बैंक द्वारा ?2 लाख की राशि नॉमिनी को प्रदान कर दी गई। जागरूकता की कमी के कारण आज भी लाखों लोग इन योजनाओं का लाभ नहीं ले पा रहे हैं।

बैंक एवं डाकघरों में इन बीमा योजनाओं के अंतर्गत नामांकन/नवीनीकरण की प्रक्रिया वर्तमान में जारी है। इच्छुक नागरिक निकटतम बैंक या डाकघर जाकर तत्काल अपना बीमा करवाएं।

# युवक ने की आत्महत्या

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** नूरसराय के दीरीपर गांव निवासी ब्रह्मदेव प्रसाद के (22) वर्षीय पुत्र सतीश कुमार ने फांसी लगा घर में खुदकुशी कर ली। सतीश की शादी इसी महीने 11 मई को हुई थी। परिजन ने बताया कि सतीश वट सावित्री पूजा को लेकर अपने ससुराल दीपनगर थाना क्षेत्र के शेखोपुर गांव गया था। मंगलवार की शाम ससुराल से लौट कर घर आया और बिना खाना खाये, कमरे में सोने चला गया। जब सुबह में नजर पड़ी तो वह फंदे से लटका हुआ था। फिलहाल परिजन आत्महत्या के कारणों के बारे में कुछ भी बताने से परहेज कर रहें हैं।

# भक्ति, श्रद्धा और उल्लास से मना शनिदेव जन्मोत्सव, सैकड़ों श्रद्धालुओं ने की पूजा-अर्चना

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**हिलसा।** हिलसा कोर्ट परिसर स्थित भगवान शनिदेव मंदिर में मंगलवार की शाम शनिदेव जयंती श्रद्धा और भव्यता के साथ मनाई गई। मंदिर परिसर को रंग-बिरंगे बल्बों, फूलों और पारंपरिक सजावट से सजाया गया था, जो श्रद्धालुओं के मन में अलौकिक उत्साह भर रहा था। इस अवसर पर आचार्य गौतम कुमार पांडेय, अमित कुमार पांडे और सुधीर पांडे द्वारा वेद मंत्रों के साथ शनिदेव का विशेष पूजन, श्रृंगार, तेलाभिषेक और आरती की गई। पूजा के उपरांत श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद का वितरण भी किया गया। भक्तों ने भगवान शनिदेव की पूजा कर अपने परिवार की सुख-समृद्धि और जीवन की बाधाओं से मुक्ति की कामना की। इस दौरान आचार्य गौतम पांडेय ने बताया कि शनिदेव का जन्म सूर्योदय के समय अमावस्या तिथि को हुआ था। वे सूर्य देव और छाया देवी के पुत्र हैं। यही तिथि शनैश्चर जयंती के रूप में मनाई जाती है। इस दिन शनि मंत्रों का जाप, हवन, व्रत और दान-पुण्य विशेष रूप से फलदायी माना जाता है। कार्यक्रम का आयोजन स्थानीय वार्ड पार्षद संतोष कुमार गुप्ता की अगुवाई में किया गया। उन्होंने बताया कि स्थानीय लोगों के सहयोग से हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी शनिदेव जयंती पूरे श्रद्धा और धूमधाम से मनाई गई। कार्यक्रम में कई जनप्रतिनिधियों, समाजसेवियों और बुद्धिजीवियों की भागीदारी रही। विशेष रूप से इस मौके पर विधायक कृष्ण मुरारी शरण, मुख्य पार्षद धनंजय कुमार, वार्ड पार्षद राकेश कुमार और संतोष कुमार गुप्ता, युवा जदयू के प्रदेश उपाध्यक्ष विकास कुमार, जदयू महिला प्रकोष्ठ की प्रखंड अध्यक्ष रेखा कुमारी, मुकेश कुमार, शैलेंद्र कुमार, बबलू यादव, विकास चंद्रवंशी, उमेश यादव, सोनू कुमार, राकेश कुमार, अजय कुमार, रवि कुमार, संजीत कुमार, सूरज कुमार, इंद्रजीत चक्रवर्ती, साहिल पटेल, अभिनव कौशल जयसवाल, रजनीश कुमार सहित सैकड़ों श्रद्धालु उपस्थित थे।

# दो बाइकों की टक्कर में एक की मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** सड़क हादसे में जख्मी एक युवक की बुधवार की अहले सुबह मौत हो गई। मामला सिलाव थाना क्षेत्र अंतर्गत श्रीधर बीघा गांव के समीप की है। मृतक की पहचान नूरसराय थाना क्षेत्र के नदियोंना गांव निवासी शिवकिशोर सिंह के (24) वर्षीय पुत्र सुजीत कुमार के रूप में की गई है। मृतक के परिजन ने बताया कि सुजीत कुमार अपनी बहन जो पावापुरी ओपी क्षेत्र के विंडीडीह गांव में रहती हैं। वहां से पूजा में शामिल होकर बाइक से मंगलवार को घर लौट रहा था। इसी बीच नानंद-धरहरा रोड के श्रीधर बीघा गांव में समीप विपरीत दिशा से आ रही बाइक से टक्कर हो गए इस हादसे में सुजीत कुमार गंभीर रूप से जख्मी हो गया, जिसे इलाज के लिए पावापुरी मेडिकल कॉलेज में स्थानीय पुलिस के द्वारा भर्ती कराया गया। जहां से गंभीर स्थिति को देखते हुए पीएमसीएच पटना रेफर कर दिया गया। रास्ते में ही जाने के क्रम में युवक ने दम तोड़ दिया। थानाध्यक्ष इरफान खान ने बताया कि दो बाइकों के आमने-सामने की टक्कर में दो लोग गंभीर रूप से जख्मी हो गए थे। जिन्हें डायल 112 पुलिस के द्वारा पावापुरी मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया था।

# तेजस मसाला उद्योग का विधान पार्षद ने किया शुभारंभ

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**बिहारशरीफ।** बुधवार को शहर के रामचंद्रपुर औद्योगिक क्षेत्र में ममता इंटरप्राइजेज के अधीन तेजस मसाला उद्योग का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में ममता सिन्हा, ममता सिंह, विधान पार्षद रीना यादव, पूनम सिंह, दिलीप कुमार व अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने उद्योग का औपचारिक उद्घाटन किया। सांसद कौशलेंद्र कुमार और जदयू महासचिव ई सुनील कुमार समेत कई दिग्गजों ने इस खास पल का गवाह बने। उनकी उपस्थिति ने कार्यक्रम की गरिमा बढ़ाई और नए उद्योग को राजनीतिक समर्थन प्रदान किया। तेजस मसाला उद्योग के संचालक दिलीप कुमार ने कहा कि उद्योग में अत्याधुनिक मशीनों का उपयोग किया गया है। हमारे यहां लगी आधुनिक मशीनें मसालों की गुणवत्ता को बनाए रखने में सहायक हैं। ये मशीनें न केवल मसालों का प्राकृतिक स्वाद बरकरार रखती हैं बल्कि उनकी सुगंध और तीखेपन को भी संरक्षित करती हैं। दिलीप कुमार ने मशीनों की तकनीकी विशेषताओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि उद्योग में स्थापित स्पेशल ग्राइंडिंग मशीन मसालों को उचित बारीकी में पीसने का काम करती है, जिससे मसालों में मौजूद प्राकृतिक तेल और स्वाद बना रहता है। संचालक ने बताया कि उद्योग में लगी एडवांस पैकेजिंग मशीनें मसालों की ताजगी को लंबे समय तक बनाए रखने में सहायक हैं। ये मशीनें वैक्यूम पैकिंग तकनीक का उपयोग करती हैं, जिससे मसालों में नमी और हवा का प्रवेश नहीं होता।

# सफल प्रतिभागियों को विद्यालय में किया गया सम्मानित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पकरीबरावां।** पकरीबरावां प्रखण्ड मुख्यालय स्थित रामधन मुलको प्रोजेक्ट कन्या इंटर विद्यालय में मशाल खेल प्रतियोगिता में सीआरसी स्तर पर बेहतर प्रदर्शन करने वाली छात्राओं को सम्मानित किया गया। विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक अजय कुमार ने बताया कि विद्यालय की टीम ने कबड्डी में जीत हासिल की। इसके साथ ही विद्यालय की अनुपमा राज, गुड़िया कुमारी, नंदनी कुमारी, अंजलि कुमारी, नेहा कुमारी, सुहानी सहाय आदि ने विभिन्न खेलों में बेहतर प्रदर्शन की। शिक्षकों ने इन छात्राओं को जीत की बधाई देते हुए भविष्य में और बेहतर करने की बात कही।

# संकुल स्तरीय प्रतियोगिता में सफल प्रतिभागियों को किया पुरस्कृत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नारदीगंज, नवादा।** मशाल कार्यक्रम के तहत एथेलेटिक्स प्रतियोगिता में इंटर विद्यालय नारदीगंज के संकुल स्तरीय प्रतियोगिता में सफल प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। इंटर विद्यालय नारदीगंज में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 90 छात्र व छात्राओं को पुरूस्कार देकर सम्मानित किया।इस कार्यक्रम में इंटर विद्यालय नारदीगंज, उत्क्रमित मध्य विद्यालय नारदीगंज, राजकीय बुनियादी विद्यालय नारदीगंज के अलावा उत्क्रमित मध्य विद्यालय नारडीडीह के छात्र व छात्राओं ने दमखम दिखाया था। अध्यक्षता प्रभारी प्राचार्य कृष्णकांत ईचा गुटू ने की। इंटर विद्यालय नारदीगंज के शारिरिक शिक्षक सिमरन सिन्हा, कम्प्यूटर शिक्षक राजकिशोर प्रसाद के नेतृत्व में हुआ। उन्होंने कहा यह कार्यक्रम 22 मई से 24 मई तक इंटर विद्यालय नारदीगंज के खेल मैदान में संकुल स्तरीय प्रतियोगिता हुई थी। जिसमे एथेलेटिक्स, कबड्डी, साइकिलिंग, फुटबाल, वालीबाल खेल हुआ था। विभिन्न विधाओं में इन सभी विद्यालय के 90 छात्र व छात्राएं ने बाजी मारी।सभी प्रतिभागियों को मेडल व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।इस कार्यक्रम में सभी शिक्षकों का सहयोग मिला है।

# गृहरक्षक नामांकन के लिए शारीरिक दक्षता परीक्षा आयोजित, 463 अभ्यर्थी सफल




**नवबिहार टाइम्स संवादाता**

**नवादा।** नवादा जिले में गृहरक्षकों के स्वच्छ नामांकन हेतु आज दिनांक 28 मई 2025 को शारीरिक दक्षता की जांच परीक्षा का आयोजन किया गया। परीक्षा हेतु कुल 1400 अभ्यर्थियों को प्रवेश पत्र निर्गत किया गया था, जिनमें से 967 अभ्यर्थी परीक्षा में सम्मिलित हुए। आयोजित 1600 मीटर दौड़ में इनमें से 540 अभ्यर्थी सफल घोषित किए गए। इन सफल अभ्यर्थियों की ऊंचाई एवं सीना की माप की गई, जिसमें 49 अभ्यर्थी निर्धारित मापदंडों को पूरा नहीं कर सके और असफल घोषित किए गए।

इस प्रकार कुल 491 अभ्यर्थियों ने ऊंची कूद, लंबी कूद और गोला फेंक की परीक्षा में भाग लिया। तत्पश्चात इनका चिकित्सकीय परीक्षण किया गया, जिसमें 28 अभ्यर्थी अनफिट/असफल पाए गए तथा 463 अभ्यर्थी चिकित्सकीय रूप से फिट घोषित किए गए।

इस प्रकार आज की परीक्षा प्रक्रिया के अंतर्गत कुल 463 अभ्यर्थियों को दैनिक रूप से सफल घोषित किया गया।

# जिलाधिकारी ने जैव विविधता पार्क स्थल का किया निरीक्षण

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**नवादा।** जिलाधिकारी रवि प्रकाश ने खुरी नदी के तट पर प्रस्तावित जैव विविधता पार्क स्थल का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए ताकि निर्माण कार्य समयबद्ध तरीके से संपन्न हो सके। जिलाधिकारी ने नगर परिषद नवादा के कार्यपालक पदाधिकारी को निर्देश दिया कि नाले के निर्माण कार्य को शीघ्र प्रारंभ कराया जाए ताकि जैव विविधता पार्क के निर्माण में कोई बाधा उत्पन्न न हो। साथ ही, अंचलाधिकारी नवादा सदर को निर्देशित किया गया कि स्थल का सीमांकन कार्य अविलंब पूरा किया जाए। जिला पदाधिकारी ने निर्देश दिया कि पार्क का मुख्य प्रवेश द्वार मंगर बिगहा की ओर से बनाया जाए। इसके अतिरिक्त, स्थल पर पड़े मलबे का उपयोग लैंडफिल के रूप में करने, वहां बने गड्ढे को झील के रूप में विकसित करने तथा बीच की सड़क के ऊपर वेणुवन की तर्ज पर एक पुल के निर्माण का भी निर्देश दिया गया, जिससे पार्क के एक ओर से दूसरी ओर आसानी से जाया जा सके। वन विभाग को शीघ्र निर्माण कार्य प्रारंभ करने के निर्देश देते हुए जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि जैव विविधता पार्क का निर्माण कार्य हर हाल में निर्धारित समय सीमा के भीतर पूरा किया जाना चाहिए। किसी भी प्रकार की लापरवाही को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि यह परियोजना पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है और इसके माध्यम से नवादा वासियों को एक स्वच्छ, सुंदर एवं हरित वातावरण प्रदान किया जा सकेगा। निरीक्षण के अवसर पर वन प्रमंडल नवादा के अधिकारी, गोपनीय शाखा के प्रभारी पदाधिकारी, कार्यपालक पदाधिकारी नगर परिषद नवादा, अंचलाधिकारी नवादा समेत अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

# विश्व माहवारी स्वच्छता दिवस पर जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन

## पेंटिंग प्रतियोगिता एवं ''रेड डॉट चैलेंज'' के माध्यम से किशोरियों ने दिया सामाजिक संदेश



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हिसुआ(नवादा)।** नगर परिषद हिसुआ एवं एफएसएमसी प्राईवेट लि. के संयुक्त तत्वावधान में प्रोजेक्ट कन्या उच्च माध्यमिक विद्यालय, हिसुआ में विश्व माहवारी स्वच्छता दिवस के अवसर पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यालय की किशोरियों द्वारा पेंटिंग प्रतियोगिता और 'रेड डॉट चैलेंज' का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य माहवारी से जुड़ी सामाजिक भ्रांतियों को दूर करना तथा समाज में इस विषय को लेकर सकारात्मक सोच को प्रोत्साहित करना था।

पेंटिंग प्रतियोगिता में शमा प्रवीण, दिव्या रानी, गेसू कुमारी, सुहाना कुमारी, अंजनी कुमारी आदि प्रतिभागियों ने भाग लिया। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कार देकर प्रोत्साहित किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय की महिला शिक्षिका मीरा कुमारी, अंजू कुमारी, कंचन कुमारी एवं सुमन रावत ने सक्रिय भूमिका निभाई साथ ही एफएसएमसी से उत्तम कुमार एवं ओम प्रकाश कुमार की उपस्थिति भी सराहनीय रही। यह कार्यक्रम न केवल विद्यार्थियों के लिए एक सीखने का अवसर रहा, बल्कि समाज में माहवारी स्वच्छता को लेकर जरूरी संवाद को भी प्रोत्साहित करने वाला कदम साबित हुआ।

# वांछित नक्सली रवि पासवान 29 वाहिनी सशस्त्र सीमा बल के अभियान में गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**गया।** बिहार में नक्सल विरोधी अभियान के अंतर्गत 29 वाहिनी सशस्त्र सीमा बल, गया द्वारा एक बड़ी सफलता प्राप्त हुई है। विश्वसनीय सूत्रों से प्राप्त आसूचना के आधार पर 29 वाहिनी के कमांडेंट मधुकर अमिताभ के निर्देश पर 'एफ' समवाय बन्नुबगीचा के सहायक कमांडेंट शिवांक पाण्डेय के नेतृत्व में एक संयुक्त अभियान चलाया गया। इस अभियान में सशस्त्र सीमा बल, विशेष कार्य बल (एसटीएफ) बासुयाचक, चिता-11 इकाई तथा स्थानीय थाना चानन, जिला लखीसराय की पुलिस टीम ने भाग लिया। अभियान के दौरान लगभग 30 वर्षीय वांछित नक्सली रवि पासवान, पिता कारू पासवान, ग्राम



सिंहहोल, थाना बन्नुबगीचा, जिला लखीसराय को ग्राम न्यु बांकुरा, जिला लखीसराय के घने जंगली क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार नक्सली रवि पासवान पर थाना चानन में प्राथमिकी संख्या 119/19 तथा थाना पीरी बाजार, जिला लखीसराय में प्राथमिकी संख्या 115/19 के अंतर्गत गंभीर आरोप दर्ज हैं। वह लंबे समय से फरार था और सुरक्षा बलों की निगरानी में था। गिरफ्तारी के पश्चात रवि पासवान को थाना चानन, जिला लखीसराय को अग्रिम कानूनी प्रक्रिया हेतु सौंप दिया गया है। सुरक्षा बलों ने यह अभियान अत्यंत सावधानीपूर्वक एवं योजनाबद्ध ढंग से चलाया और किसी भी प्रकार की हिंसा या प्रतिरोध के बिना सफलता प्राप्त की। इस कार्रवाई से स्पष्ट है कि राज्य में नक्सल गतिविधियों पर रोकथाम हेतु सुरक्षा बल लगातार सतर्क एवं सक्रिय है। इस प्रकार की कार्रवाई से स्थानीय जनता में सुरक्षा की भावना और कानून व्यवस्था के प्रति विश्वास सुदृढ़ हुआ है। सशस्त्र सीमा बल और स्थानीय पुलिस के इस समन्वित प्रयास की सराहना की जा रही है।

# जिला परिषद अध्यक्ष पर सोलर लाइट योजना में 50 लाख रुपये की ठगी का आरोप

## जिला परिषद अध्यक्ष नैना कुमारी और उनके पति के खिलाफ परिवाद दर्ज

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**गयाजी।** बोधगया क्षेत्र से जिला परिषद सदस्य और नरेंद्र मोदी विचार मंच की प्रदेश अध्यक्ष डॉ. ज्योति पासवान ने बुधवार को गया सर्किट हाउस में आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान जिला परिषद अध्यक्ष नैना कुमारी और उनके पति पर सोलर लाइट योजना में गंभीर वित्तीय अनियमितता, चेक बाउंस, धमकी देने और जातिगत प्रताड़ना जैसे गंभीर आरोप लगाए। डॉ. पासवान ने बताया कि वर्ष 2021 में जिला परिषद सदस्य चुने जाने के बाद उन्होंने नैना कुमारी को जिला परिषद अध्यक्ष पद के लिए समर्थन दिया था। वर्ष 2022 में पंचायत स्तर पर सोलर लाइट लगाने की योजना आई जिसमें दोनों के बीच आपसी सहमति से कार्य कराने का निर्णय हुआ। डॉ. पासवान के अनुसार इस कार्य के लिए नैना कुमारी और उनके पति सरदार ने उनसे कुल 50 लाख रुपये की राशि ली जिसमें 40 लाख रुपये बैंक खाते से और 10 लाख



रुपये नकद दिए गए। काम पूरा होने के बाद जब डॉ. पासवान ने अपनी राशि वापस मांगी तो नैना कुमारी और उनके पति ने उनसे मिलना बंद कर दिया। कई बार उनके आवास पर जाने पर गार्ड द्वारा टालने का प्रयास किया गया। बाद में तीन चेक दिए गए, जिनकी कुल राशि 30 लाख रुपये थी परंतु सभी चेक बाउंस हो गए। डॉ. पासवान का दावा है कि जब उन्होंने 15 मई को फोन कर अपनी राशि की मांग की तो उन्हें अपशब्द कहे गए और जान से मारने की धमकी भी दी गई। इस बातचीत की ध्वनि रिकॉर्डिंग उनके पास मौजूद है। उन्होंने मगध मेडिकल थाना में इस पूरे प्रकरण को लेकर लिखित शिकायत दर्ज कराई है और चेक बाउंस मामले में न्यायालय में याचिका भी दायर की है। डॉ. पासवान ने आरोप लगाया कि नैना कुमारी के पति सरदार वास्तविक रूप से सभी निर्णय लेते हैं और उन्हें ही जिला परिषद का संचालन करने वाला व्यक्ति बताया। उन्होंने आरोप लगाया कि सरदार जिला परिषद के अन्य सदस्यों को भी गुमराह कर आर्थिक शोषण कर रहे हैं। डॉ. पासवान ने कहा कि यह मामला पहले आपसी समझ से सुलझाया जा सकता था लेकिन जब उन्हें ठगा गया और मानसिक प्रताड़ना दी जाने लगी तब उन्होंने कानूनी रास्ता अपनाने का निर्णय लिया। डॉ. पासवान ने यह भी कहा कि उनके क्षेत्र में विकास के कोई कार्य नहीं हो रहे हैं और जनता द्वारा जनप्रतिनिधि बनाकर भेजे जाने के बाद भी वे खुद को असहाय महसूस कर रही हैं। इस पूरे मामले ने जिला परिषद के भीतर गहरी गुटबाजी और संभावित वित्तीय अनियमितताओं को उजागर कर दिया है। अब देखना यह होगा कि प्रशासन और जांच एजेंसियां इस मामले को कितनी गंभीरता से लेती हैं और दोषियों पर क्या कार्रवाई होती है।

## दो बंद घरों से लाखों की संपत्ति चोरी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गुरुआ।** थाना क्षेत्र के स्थानीय बाजार से सटे उपरडीह मुहल्ले में मंगलवार की रात चोरों ने बड़ी चोरी की घटना को अंजाम दिया। चोरों ने एक रात में मस्जिद के पास स्थित दो बंद घरों को निशाना बनाकर चोरों ने करीब एक लाख रुपये की संपत्ति चुरा ली। इसमें नगद 40 हजार रुपये सहित जेवरात और अन्य कीमती सामान शामिल हैं। जानकारी के अनुसार, पीड़ित गौतम कुमार और संजय कुमार दो सहोदर भाई हैं, जो अपने परिवार के साथ बाराचट्टी प्रखंड स्थित शोभ गांव में अपनी बहन के घर गए हुए थे। इसी दौरान चोरों ने रात के अंधेरे में घर के पिछवाड़े से घुसकर वारदात को अंजाम दिया। घर में घुसने के लिए चोरों ने लगभग आधा दर्जन ताले तोड़े और गोदरेज व बक्शा का ताला तोड़कर उसमें रखे कीमती सामान चुरा लिए। बुधवार की सुबह 9 बजे जब दोनों भाई अपने परिवार के साथ लौटे तो घटना की जानकारी हुई। घर का मुख्य दरवाजा सुरक्षित था, लेकिन अंदर जाकर देखा तो कमरे का सामान बिखरा पड़ा था और ताले टूटे हुए थे।

## पंचायती राज मंत्री राजीव रंजन सिंह और दिलीप जायसवाल ने एनडीए कार्यकर्ता सम्मेलन का उद्घाटन किया

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**अरवल।** जिले में केंद्रीय पंचायती राज मंत्री राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह और भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल ने एनडीए कार्यकर्ता सम्मेलन का उद्घाटन आज इन्डोर स्टेडियम अरवल में किया। इस अवसर पर उन्होंने प्रधानमंत्री के बिक्रमगंज में आयोजित होने वाले 30 मई के सभा को सफल बनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री द्वारा बिहार के विकास के लिए अनेक कार्यक्रम का उद्घाटन और शिलान्यास किया जायेगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के द्वारा बिहार के विकास के लिए अनेक विकास योजनाओं के माध्यम से लोगों का जीवन स्तर ऊंचा उठाने का कार्य किया जा रहा है। सम्मेलन में जिले के प्रभारी मंत्री हरी सहनी और एनडीए के अनेक नेता और कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## विश्व माहवारी स्वच्छता दिवस पर जागरूकता रैली का आयोजन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**अरवल।** जिले में विश्व माहवारी स्वच्छता दिवस के अवसर पर बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय अरवल से इन्डोर स्टेडियम अरवल तक जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। रैली को जिला महिला एवं बाल विकास पदाधिकारी रचना सिन्हा द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इस अवसर पर छात्राओं और किशोरियों के बीच स्वच्छता किट का भी वितरण किया गया। छात्राओं को संबोधित करते




हुए जिला महिला एवं बाल विकास पदाधिकारी रचना सिन्हा ने कहा कि किशोरियों को इस उम्र में शारीरिक और मानसिक बदलाव आते हैं। उन्होंने माहवारी के दौरान स्वच्छता अपनाने की अपील की।

## नशे में माता-पिता के साथ गाली गलौज करने वाला पुत्र गया जेल

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कोंच।** थाना क्षेत्र के पाली गांव में शराब के नशे में माता-पिता के साथ गाली-गलौज करने वाले पुत्र को पुलिस ने गिरफ्तार कर बुधवार को जेल भेज दिया। कोंच पुलिस ने बताया कि मां शिवकुमारी देवी पति भोला पासवान ने पुत्र के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई थी जिसके बाद कांड संख्या 293/25 दर्ज कर कार्रवाई की गई। माता ने आरोप लगाया था कि उनका पुत्र राजेश पासवान शराब के नशे में उनके साथ गाली-गलौज करता रहता है। ए एस आई रामजी मुर्मू ने बताया कि इस तरह के मामलों में कड़ी कार्रवाई की जाएगी और परिवार के सदस्यों के साथ बदसलूकी करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा।

## अखिल भारतीय किसान महासभा के बैनर तले किसानों ने दिया धरना

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कोंच।** प्रखंड मुख्यालय पर अखिल भारतीय किसान महासभा के नेतृत्व में किसानों ने महाधरना बुधवार के दोपहर 12 बजे दिया। इस दौरान किसानों ने अपनी 7 सूत्री मांगों को लेकर प्रदर्शन किया और सरकार से मांगों को पूरा करने की अपील की। कार्यक्रम की अध्यक्षता उत्तर कोयल नहर किसान संघर्ष मोर्चा के मुख्य संरक्षक जयनंदन शर्मा व संचालन अशोक यादव ने किया। महासभा के नेता सह गुरारू के जिला पार्षद बालेश्वर प्रसाद यादव ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के रोहतास जिले के विक्रमगंज में 30 मई को आगमन पर महाधरना के माध्यम से मांग करते हैं कि जो क्षेत्र की समस्याएं



हैं उसका समाधान हो और उलूल - जलूल बातें, प्रधानमंत्री न करें। किसानों की मांगों में इंद्रपुरी जलाशय का निर्माण कराने, सोन नहरों का आधुनिकीकरण कर उसके टेल प्वाइंट तक सालों पानी देने, दुर्गावती परियोजना, मलई बराज परियोजना, उत्तर कोयल नहर परियोजना को यथाशीघ्र पूरा करने, कुटकु डैम में फाटक लगाने, डालमियानगर उद्योगों को पुनः चालू कराने, डालमियानगर में प्रस्तावित रेल कारखाना का निर्माण शुरू कराने, समुचित मुआवजा के बिना बल पूर्वक कृषि भूमि अधिग्रहण पर रोक लगाने, मुफ्त बिजली देने व स्मार्ट मीटर वापस लेने और नल-जल से वंचित टोलों में चापाकल लगाने, कृषि मार्केटिंग पर राष्ट्रीय प्रस्ताव वापस लेने, एम एस पी की कानूनी गारंटी करने, एपीएमसी एक्ट की पुनर्बहाली कृषि मंडियों को चालू करने, बंद रेलों को चालू करने, वरीय नागरिकों को मिलने वाली सुविधाएं बहाल करने, आरा - रांची इंटरसिटी का विक्रमगंज में ठहराव करने एवं इसमाइलपुर में देहरादून तथा सियालदह एक्सप्रेस का ठहराव कराने शामिल हैं। किसानों ने सरकार से इन मांगों को जल्द से जल्द पूरा करने की मांग की है। महाधरने में बड़ी संख्या में किसानों ने भाग लिया और अपनी एकजुटता दिखाई। अखिल भारतीय किसान महासभा के नेताओं ने कहा कि जब तक मांगें पूरी नहीं होतीं, तब तक आंदोलन जारी रहेगा। मौके पर राजद प्रखंड अध्यक्ष सुरेश यादव, प्रभारी डॉ रामाशीष कुमार, दारा सिंह, रवि कुमार, शैल देवी, चंचल यादव, राम विजय यादव, एल के बिंदु, अगस्त यादव, सुखेन्द्र यादव, सुंदर देव यादव सहित दर्जनों लोग मौजूद थे।

## ट्रैक्टर चोरी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**डिहरी ऑन-सोन।** डिहरी मुफस्सिल थाना के दहाउर गांव से अज्ञात अपराधियों ने गांव में बधार में खड़ी ट्रैक्टर चोरी कर लिया। पुलिस के अनुसार ट्रैक्टर मालिक शिवशंकर सिंह ने अपने ट्रैक्टर बी आर 24 जी बी 9162 के चोरी की आशंका गांव के गुड्डू सिंह व अन्य पर आशंका जताया है।

## मारपीट की प्राथमिकी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**डिहरी ऑन-सोन।** दरिहट थाना में दरिहट गांव निवासी ओम कुमार ने गांव के मुन्ना यादव, अंकित यादव, दीपक यादव समेत पांच पर जानलेवा हमला कर जख्मी करने की प्राथमिकी किया है। 112 के पहुंचने से उसकी जान बची। पुलिस ने उसे अस्पताल में भर्ती कराया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## विश्व माहवारी स्वच्छता दिवस पर कस्तूरबा बालिका विद्यालय में माहवारी किट का वितरण

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**गया।** गया जिला अंतर्गत बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना अंतर्गत विश्व माहवारी स्वच्छता दिवस 2025 के अवसर पर महिला एवं बाल विकास निगम गया द्वारा कस्तूरबा बालिका विद्यालय टनकुपा गया में विभिन्न कार्यक्रम कार्यशाला, रेड डॉट चैलेंज, माहवारी कीट वितरण आयोजित किया गया एवं उपस्थित बालिकाओं को माहवारी स्वच्छता से सम्बंधित जानकारी दी गयी। माहवारी दौरान आने वाली समस्याओं को बताया गया। बालिकाओं द्वारा पूछे गए सवालों का समाधान भी किया गया। साथ ही खान पान पर विशेष ध्यान देने



की सलाह दी गयी। अभिरुचि सामाजिक कार्यकर्ता, वन स्टॉप सेंटर गया द्वारा इस मौके पर बालिकाओं को बताया गया कि यह एक सामान्य प्रक्रिया है। इस दौरान विशेष साफ-सफाई रखनी चाहिए। ज्यादा समस्या होने पर डॉक्टर से संपर्क करना चाहिए। जिला मिशन समन्वयक सुशांत आनंद के द्वारा बालिकाओं को जागरूक करते हुए बताया गया कि किसी भी प्रकार की समस्या होने पर आपलोग 181 पर फोन करके या अन्य योजनाएं की जानकारी हेतु जिला हब कार्यालय आकर संपर्क कर सकती है। मौके पर कस्तूरबा बालिका विद्यालय टनकुपा की वार्डन एवं शिक्षिका उपस्थित रही जिला हब से रोहित कुमार द्वारा उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफलता बनाने में अपना योगदान दिया गया।

## ग्रामीण विकास मंत्री का श्रीराम का चिन्ह देकर रंजीत कुशवाहा ने किया स्वागत



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**गया जी।** गया जी में बिहार सरकार के ग्रामीण विकास विभाग के मंत्री परम श्रवण कुमार को ज्ञान मोक्ष और विष्णु की धरती गया जी सर्किट हाउस में भगवान श्रीराम का प्रतीक चिन्ह देकर उनका स्वागत करते हुए रंजीत कुशवाहा युवा जेडीयू जिला उपाध्यक्ष गया सह 20 सूत्री कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति सदस्य नगर प्रखंड गया सह अखिल भारतीय युवा कुशवाहा समाज भारत जिला अध्यक्ष गया सह रिटेलर उर्वरक विक्रेता संघ जिला अध्यक्ष गया सह रोगी कल्याण समिति मेंबर नगर गया।

## विश्व माहवारी स्वच्छता दिवस पर कार्यशाला, रेड डॉट चैलेंज, माहवारी किट का वितरण

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गया।** गया जिला में महिला एवं बाल विकास निगम के अंतर्गत संचालित वन स्टॉप सेंटर, गया द्वारा 'विश्व माहवारी स्वच्छता दिवस' के अवसर पर समाहरणालय परिसर में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। वन स्टॉप सेंटर की केंद्र प्रशासक आरती कुमारी ने बताया कि आज विश्व माहवारी स्वच्छता दिवस के अवसर पर महिला एवं बाल विकास निगम, गया के अंतर्गत जिला में विभिन्न कार्यक्रम वन स्टॉप सेंटर एवं जिला हब फॉर




एम्पावरमेंट ऑफ विमेन द्वारा गया जिला में विभिन्न कार्यक्रम, कार्यशाला, रेड डॉट चैलेंज, माहवारी कीट वितरण, जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। वन स्टॉप सेंटर में दर्ज मामलों में प्रति दिन 50-100 की संख्या में आम जनता आते रहते हैं, गया समाहरणालय परिसर में सभी आम जनता 'पीरियड फ्रेंडली वर्ल्ड' थीम के आधार पर एक साथ मिलकर सभी को पीरियड फ्रेंडली बनाने पर जोर दिया गया है।

माहवारी कोई शर्म की बात नहीं है, यह स्वास्थ्य, सम्मान और सशक्तिकरण की पहचान है। आज बिहार की हर बेटी, बहन और मां को यह जानना जरूरी है कि माहवारी के दौरान स्वच्छता अपनाना न सिर्फ जरुरी है बल्कि यह एक स्वस्थ जीवनशैली की बुनियाद भी है। हमारा संकल्प है हर महिला को मिले स्वच्छता, सुविधा और सम्मान।

## शिव प्राण प्रतिष्ठा को ले निकली कलश शोभा यात्रा, आठ दिवसीय अनुष्ठान प्रारम्भ


नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**डिहरी ऑन-सोन।** मोहन बिगहा माता देवरानी चिकित्सालय स्थित काली मंदिर परिसर में भगवान शिव, मां काली, बजरंग बली, शायर माता, डिहवार बाबा के प्राण प्रतिष्ठा व श्रीमद भगवत कथा ज्ञान यज्ञ को बुधवार को जलभरी शोभा यात्रा के साथ आठ दिवसीय अनुष्ठान प्रारंभ हो गया। कलश शोभा यात्रा मोहन बिगहा से शुरू होकर पाली रोड, सिनेमा रोड, कर्पूरी चौक होते सोन तट पहुंचा। साड़ी पहन कंधे पर चुनरी ओढ़कर और हाथों में जल-कलश थामकर बड़ी संख्या में महिलाएं भी शामिल हुईं। कलश में जल भरने का अनुष्ठान पूरा कर सामूहिक यात्रा मोहन बिगहा पहुंची। जलभरी यात्रा से लौटने के बाद मंदिर के द्वार पर हुई शास्त्र-सम्मत पूजन में प्रधान यजमान अरूण कुमार शर्मा ने पूजन किया। आयोजक मंडल के चर्चित चिकित्सक डा. निर्मल कुशवाहा, पप्पू सिंह, हरी ओम कुमार, सूरजनाथ सिंह, सतेन्द्र सिंह, शिव कुमार सिंह, संजय सिंह, अमीत तिवारी, डॉ आदित्य सिंह, संजय कुमार सिंह, पलटू सिंह, पप्पू सिंह, बन्टी पटेल, पुरोहित दया शंकर दूबे, रंजन उपाध्याय, कृष्ण सिंह सहित काफी संख्या में महिलाएं पुरुष मंदिर के द्वार पर हुई पूजा में जलभरी यात्रा में शामिल सभी महिला-पुरुष शामिल हुए।

## आंती बाजार में मुख्य सड़क का अतिक्रमण, गाड़ियों के जाम से ईंधन की बर्बादी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कोंच।** प्रखंड के आंती बाजार में मुख्य सड़क पर अतिक्रमण के कारण गाड़ियों की जाम की समस्या आम हो गई है। इससे न केवल लोगों को आवागमन में परेशानी हो रही है, बल्कि ईंधन की भी बर्बादी हो रही है। स्थानीय लोगों ने बताया कि अतिक्रमण के कारण सड़क का अधिकांश हिस्सा घिर गया है जिससे गाड़ियों को निकलने में परेशानी होती है। इससे जाम की स्थिति उत्पन्न होती है और लोगों को घंटों तक जाम में फंसना पड़ता है। यह समस्या पोस्ट ऑफिस से इमामबाड़ा के पास तक सबसे अधिक है। आंती बाजार की सड़कों पर बढ़ता ट्रैफिक जाम न केवल समय को बर्बादी का कारण बन रहा है बल्कि यह ईंधन के दुरुपयोग और पर्यावरण प्रदूषण का भी प्रमुख कारक है। ट्रैफिक जाम की स्थिति में बाजार पार करने में



कभी कभार घंटों लग जाते हैं। इस दौरान वाहन सड़क पर रेंगती नजर आती हैं। जाम में वाहन चालकों को गाड़ी स्टार्ट रखना पड़ता है क्योंकि उन्हें लेन के वाहनों के आगे बढ़ने का इंतजार होता है। ऐसी स्थिति में ईंधन बर्बाद होता है जिसका आर्थिक और पर्यावरणीय प्रभाव गंभीर है। यह समस्या न केवल हमारी जेब पर भारी पड़ रही है बल्कि पर्यावरण और सार्वजनिक स्वास्थ्य के लिए भी एक बड़ा खतरा बन रही है। ट्रैफिक जाम में वाहन लंबे समय तक रुके रहते हैं जिस दौरान इंजन चालू रहने तथा बार-बार रुकने और चलने की स्थिति में इंजन की कार्य क्षमता कम हो जाती है जिससे पेट्रोल और डीजल वाहनों में ईंधन की बर्बादी बढ़ती है। इलेक्ट्रिक वाहनों में भी बैटरी की अत्यधिक खपत होती है जो अप्रत्यक्ष रूप से ऊर्जा संसाधनों पर दबाव डालती है। इसका पर्यावरण पर भी गंभीर प्रभाव पड़ता है। ट्रैफिक जाम में वाहनों से निकलने वाले कार्बन डाइऑक्साइड, नाइट्रोजन ऑक्साइड और पार्टिकुलेट मैटर जैसे प्रदूषक वायु प्रदूषण को बढ़ाते हैं। यह प्रदूषण श्वसन रोगों और अन्य स्वास्थ्य समस्याओं का कारण बन रहा है। ट्रैफिक जाम का असर केवल ईंधन और पर्यावरण तक सीमित नहीं है, यह लोगों के समय, उत्पादकता और मानसिक स्वास्थ्य को भी प्रभावित करता है। सामाजिक कार्यकर्ता मो.आकिब आलम, उपेंद्र यादव, मुन्ना आदि बताते हैं कि घंटों जाम में फंसे रहने से चालकों और यात्रियों में तनाव और चिड़चिड़ापन बढ़ता है। समय रहते ठोस कदम नहीं उठाए गए तो ट्रैफिक जाम की समस्या और विकराल हो सकती है। लोगों ने प्रशासन से अतिक्रमण हटाने और सड़क को खाली कराने की मांग की है। ताकि आवागमन सुगम हो सके और ईंधन की बर्बादी रुके।

## ग्रामीणों ने लॉकेट चोर को पकड़ किया पुलिस के हवाले

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रामपुर (कैमूर)।** प्रखंड के करमचट थाना क्षेत्र के बसीनी गांव में दुकान पर कुरकुरे खरीदने जा रही एक छोटी बच्ची से गले में पहने लॉकेट को काट कर चोर भाग रहा था जिसे लोगों द्वारा रंगे हाथों पकड़ लिया गया। इसके बाद डायल 112 की पुलिस को ग्रामीणों द्वारा सूचना देते हुए स्थानीय थाने पुलिस को सौंप दिया गया। जानकारी के मुताबिक पकड़ा गया आरोपी चोर थाना क्षेत्र के नावाडीह गांव का बताया जाता है। बासनी गांव की शारदा देवी ने बताया कि उनकी पोती मीठी कुमारी पिता कृष्णा साह दुकान पर दोपहर लगभग 2 बजे कुरकुरे खरीदने जा रही थी। इसी बीच चोर ने बच्ची के गले में पहने सोने के लॉकेट को काटकर चोरी किया जा रहा था। इसी बीच ग्रामीणों ने उसे पकड़ लिया। इसके बाद आरोपी चोर के पास से लॉकेट को ग्रामीण ने बरामद कर लिया। उसे कुछ लोगों ने चोरी करने के मामले में पड़कर धुनाई भी कर दी। बसिनी गांव के ही कुंवर बहादुर सिंह ने बताया कि गांव में लक्ष्मी नारायण महायज्ञ 5 दिनों से चल रहा था। इस बीच आरोपी चोर ने 7- 8 लोगों का सोने का चेन, 3000 रुपए और एक बच्ची का लॉकेट चोरी कर लिया था। लॉकेट चोरी करते पकड़ा गया और पुलिस को सौंप दिया गया।

## लातेहार में पुलिस मुठभेड़ में मारे गए नक्सली का शव पहुंचा गया स्थित पैतृक गांव

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**गया जी।** लातेहार में पुलिस मुठभेड़ में मारे गए 5 लाख का इनामी कुख्यात नक्सली सबजोनल कमांडर मनीष यादव उर्फ मनीष जी का आज शव गया स्थित उनके पैतृक गांव डुमरिया थाना क्षेत्र के छकरबंधा गांव पहुंचा। गांव में शव पहुंचते ही भारी संख्या में ग्रामीण भी उनके शव देखने के लिए पहुंचे थे, वही उनकी पत्नी का रो रो का बुरा हाल हो गया था वही उनका अंतिम संस्कार गांव के ही पास एक बधार में किया गया जहां उनके 5 वर्षीय पुत्र द्वारा मुखाग्नि दिया गया। मारे गए नक्सली पर बिहार/ झारखंड में 40 से ज्यादा मामले दर्ज थे और उन पर 5 लाख का इनाम घोषित था। कुख्यात नक्सली का मुठभेड़ लातेहार जिले के नेतरहाट थाना के चोरहा जंगल में 25 मई को हुआ था। बताया जाता है कि नक्सली नीरज यादव 2013 में नक्सली संगठन से जुड़े थे और वह नक्सली से जुड़ने से पहले अपने किसी भी परिवार से सलाह भी नहीं लिए थे। आर्थिक स्थिति खराब होने के कारण वह नक्सली संगठन में जुड़े थे। वही मारे गए नक्सली के चचेरे भाई बताते हैं कि वह शुरू में ही 1 साल पढ़ाई के लिए बाहर भी गए, आर्थिक स्थिति खराब होने के कारण पढ़ाई बंद हो गई और फिर कमाने की खोज में चले गए लेकिन उन्हें कहीं भी नौकरी नहीं मिला जिसके बाद वह 2013 में वापस अपने घर पहुंचा और नक्सली संगठन में चले गए। उनके भाई बताते हैं कि पुलिस को गुप्त सूचना देने वाले उनके ही संगठन के कुछ लोग थे जिस संगठन के द्वारा भी उस पर कार्रवाई करें और उसे भी मारे,वही जिला प्रशासन और बिहार सरकार से मांग करते हैं कि उनके दो छोटे-छोटे बच्चे हैं और पत्नी है उन्हें सरकार पालन पोषण के लिए कुछ सहायता करे। साथ ही उनके बच्चों को पढ़ाई के लिए स्कूल में नामांकन कराए ताकि दोनों बच्चे भी बाद में उग्रवादी ना बने।


संपादकीय

# हम चौथी बड़ी अर्थव्यवस्था

निश्चय ही यह भारतीयों के लिए खुशी और गर्व का विषय है कि भारत दुनिया की चौथी बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है। हम पहले पांचवे नंबर पर थे पर हाल में हमने जापान को एक पायदान नीचे ढकेलकर चौथे नंबर पर अपना झंडा गाड़ दिया है। इस खबर के आते ही भारतीय शेयर बाजारों में भारी उछाल देखा गया। आश्चर्य नहीं कि साल दो साल में भारत दुनिया की 5 ट्रिलियन डॉलर की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाए। क्योंकि हमसे आगे सिर्फ जर्मनी है और उसकी अर्थव्यवस्था भारत से थोड़ी ही आगे है। यूं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी काफी समय से कहते आ रहे हैं कि दुनिया में सर्वाधिक आबादी वाले देश भारत को विश्व की तीसरी अर्थव्यवस्था भी बनाना है। लेकिन यह तभी संभव है कि हमारे जीडीपी वृद्धि दर 6 फीसदी से अधिक हो। फिलहाल तो ऐसा ही होता नजर आ रहा है। तमाम दुनिया में चल रहे युद्धों के बीच भारत ने अपनी आर्थिकी की तेज रफ्तार कायम रखी है। भारत की चौथी बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की घोषणा नीति आयोग के सीईओ बीवीआर सुब्रमण्यम ने 25 मई को आयोग की 10वीं गवर्निंग काउंसिल मीटिंग में घोषणा की कि हम अब दुनिया की चौथी सबसे बड़ी इकोनॉमी हैं। हमारी जीडीपी (सकल घरेलू उत्पादन) अब 4 ट्रिलियन डॉलर के पार पहुंच गई है। खास बात यह है कि यह कोई नीति आयोग का दावा नहीं बल्कि अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) का डेटा कह रहा है। आईएमएफ की ताजा रिपोर्ट के मुताबिक भारत की जीडीपी 4.19 ट्रिलियन डॉलर हो चुकी है। हमसे आगे अब जर्मनी है, जिसकी जीडीपी 4.74 ट्रिलियन डॉलर की है। यानी जर्मनी और भारत की जीडीपी में अंतर केवल 0.55 ट्रिलियन डॉलर का है, जिसे कभी भी कवर किया जा सकता है। इसके पूर्व वर्ल्ड इकानॉमिक आउटलुक की रिपोर्ट 22 अप्रैल को जारी हुई थी। इसमें अनुमान लगाया गया था कि भारत जल्द ही जापान को पीछे छोड़ देगा। वही होता भी दिख रहा है। हालांकि दुनिया की पहली और दूसरी अर्थव्यवस्थाएं क्रमशः अमेरिका और चीन की है, जो भारत की वर्तमान आर्थिकी से क्रमशः सात और पांच गुना बड़ी है। जाहिर है कि भारत की अर्थव्यवस्था दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था को जल्द बन जाएगी, लेकिन दूसरे नंबर पर डटे चीन को मात देने में काफी वक्त लगेगा। अमेरिका की इकानॉमी 30.51 डॉलर तथा चीन की 19.23 ट्रिलियन डॉलर की है। आईएमएफ का मानना है कि भारत की इकोनॉमिक ग्रोथ 2025 में 6.2 प्रतिशत और 2026 में 6.3 प्रतिशत रहने का अनुमान है। यह ग्रोथ रेट बाकी दुनिया की बाकी बड़ी अर्थव्यवस्थाओं के मुकाबले ज्यादा है। खासकर ग्रामीण इलाकों में बढ़ती खपत की वजह से भारत की आर्थिकी को मजबूती मिल रही है। हालांकि, ग्लोबल ग्लोबल और ट्रेड का थोड़ा असर भी दिख सकता है। भारत अगर दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बन भी गया तो बुनियादी सवाल फिर भी बाकी रह जाएगा कि देश के आर्थिक विकास में इतनी असमानता क्यों है? माली सम्पन्नता का लाभ गरीबों तक क्यों नहीं पहुंच पा रहा है। यह सच्चाई है। ऐसे में अमीर और अमीर तथा गरीब और गरीब होता जा रहा है। भूख, गरीबी, बेकारी आज भी हमारे सामने बड़ी चुनौतियां हैं। इसी के साथ महंगाई और देश का असंतुलित विकास भी एक बड़ी समस्या है। यकीनन जीडीपी बढ़ रही है, लेकिन देश में गरीबी कम नहीं हो रही। आम आदमी की क्रय शक्ति में खास इजाफा नहीं हुआ है। जब तक सरकार की नीतियां इन चुनौतियों से नहीं निपटती तब तक भारत तीसरी तो क्या दूसरी अर्थ व्यवस्था भी बन जाए तो हमारी आर्थिक सम्पन्नता पर सवालिया निशान हमेशा लगते रहेंगे।

# ऑपरेशन सिंदूर पर ऐसे विवाद क्यों?

**पहलगाम आतंकवादी हमले से लेकर ऑपरेशन सिंदूर की अभूतपूर्व कार्रवाई, उसके बाद 8 और 9 मई की रात्रि तक पाकिस्तान के साथ सीधे सैन्य टकराव और उसके बाद जिस तरह के वक्तव्य आये, प्रश्न उठाए गए हैं सामान्य तौर पर भी वे चिंतित करने वाले हैं। इसमें सबसे**




**अंतिम विवाद विदेश मंत्री एस जयशंकर के ऑपरेशन संबंधित पाकिस्तान को जानकारी देने के स्वाभाविक वक्तव्य का राहुल गांधी और कांग्रेस के द्वारा विवादास्पद बनाया जाना है। राहुल गांधी ने एक निजी न्यूज चैनल का वीडियो शेयर करते हुए एक्स पर लिखा, 'हमारे हमले की शुरुआत में पाकिस्तान को सूचित करना एक अपराध था।**

### अवधेश कुमार

विदेश मंत्री ने सार्वजनिक रूप से स्वीकार किया है कि भारत सरकार ने ऐसा किया।.. 'इसे किसने अधिकृत किया? इसके परिणामस्वरूप हमारी वायुसेना ने कितने विमान खो दिए?' राहुल गांधी का पोस्ट था इसलिए हजारों की संख्या में शेयर हो गया और अपने देश के चरित्र के अनुरूप हंगामा भी। इस कांग्रेस मीडिया एवं कम्यूनिकेशन के प्रमुख वरिष्ठ नेता जयराम रमेश पहले ही इससे आगे बढ़ कर विदेश मंत्री के इस्तीफे की मांग कर चुके थे। एक्स पर उनका पोस्ट था, 'विदेश मंत्री- अपने अमेरिकी समकक्ष की ओर से किए जा रहे दावों का जवाब तक नहीं देते हैं, उन्होंने एक असाधारण रहस्योद्घाटन किया है। वह अपने पद पर कैसे बने रह सकते हैं, ये समझ से परे है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 19 जून, 2020 को चीन को सार्वजनिक रूप से क्लीन चिट दे दी और हमारी बातचीत की स्थिति खत्म कर दी। जिस शख्स को उन्होंने विदेश मंत्री के तौर पर नियुक्त किया, उसने इस बयान से भारत को धोखा दिया है।'

कांग्रेस पार्टी के समर्थक और भाजपा विरोधियों के साथ अनेक आम लोगों को भी इन बड़े नेताओं के वक्तव्य के बाद लगा होगा कि क्या वाकई हमने ऑपरेशन सिंदूर के पहले ही पाकिस्तान को बता दिया? सामान्य दृष्टि से भी इससे हास्यास्पद बात कुछ नहीं हो सकती कि जो सरकार आतंकवादी हमले के बाद सीमा पार स्थित महत्वपूर्ण आतंकवादी केन्द्रों को ध्वस्त करने की साहसिक कार्रवाई की गोपनीय तैयारी कर चुकी हो वह इसके पूर्व ही दुश्मन को बता देगा? लेकिन हमारा देश में नेता, एक्टिविस्ट, मीडिया के कुछ साथी पत्रकार कुछ भी लिख और बोल सकते हैं। यह देश का दुर्भाग्य है और गहरी चिंता का विषय कि पूरे अभियान में, जिसने संपूर्ण दुनिया को विस्मित किया तथा पाकिस्तान को सकते में ला दिया उसे पर उत्सव मनाने की जगह अपने पय ही प्रश्न उठाकर देश का मनोबल कमजोर करने की भूमिका निभाई जा रही है। आखिर विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा क्या था? उन्होंने कहा था, 'ऑपरेशन की शुरुआत में हमने पाकिस्तान को एक संदेश भेजा था कि हमारा निशाना आतंकवादी ढांचे पर है, न कि उनकी सेना पर। हमने उन्हें हस्तक्षेप न करने का विकल्प दिया था, लेकिन उन्होंने इसे मानने से इनकार कर दिया।' उनके अनुसार, 7 मई की रात 1 से 1:30 बजे के बीच, भारतीय सेना के डीजीएमओ लेफ्टिनेंट जनरल राजीव घई ने पाकिस्तान के डीजीएमओ मेजर जनरल काशिफ अब्दुल्ला को फोन कर यह जानकारी दी थी। भारत ने केवल सावधानी से चुने गए आतंकी ठिकानों को ही निशाना बनाया है, न कि सेना के ठिकानों को। इसमें कहां है कि पूर्व में ही सूचित कर दिया? राहुल गांधी के वक्तव्य के बाद विदेश मंत्रालय ने इसका खंडन भी कर दिया कि पाकिस्तान को ऑपरेशन शुरू होने के बाद सूचना दी गई थी, न कि उससे पहले। इस बयान को गलत तरीके से पेश किया जा रहा है। यह तथ्यों की तोड़-मरोड़ है।'

बावजूद विवाद जारी है और रहने वाला है। सभी बड़े नेताओं को पता है कि सच क्या है। पहले की सरकारें ऐसा साहस नहीं कर सकी इसलिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सरकार जनता और दुनिया की नजर में ऐतिहासिक पराक्रमी न मान लिया जाए इसके भय से अनेक ऐसे विवाद खड़े किए जा रहे हैं। इसका मतलब हुआ कि आगे भी ऐसे ही होता रहेगा। तभी तो जिस ऑपरेशन पर अब अमेरिका व यूरोप के सामरिक विशेषज्ञ भारत की रणनीतिक और कूटनीतिक सफलता ऐतिहासिक बताकर पाकिस्तान के झूठ को तथ्यों से उजागर कर चुके हैं वहां हमारे ही देश में दुश्मनों विशेषकर चीन, पाकिस्तान और अन्य के नैरेटिव को फैलाकर पूरी सफलता के स्वाद में मिट्टी तेल डालने का उपक्रम हो रहा है। भारत बहादुर देश है और जब हमने तैयारी से 1:05 बजे रात से 1:30 बजे तक यानी 25 मिनट के अंदर दो दर्जन से ज्यादा मिसाइलों के सटीक निशाने से महत्वपूर्ण आतंकवादी ठिकानों को ध्वस्त करना शुरू किया तो पाकिस्तान को बता दिया कि कार्रवाई आतंकवाद के विरुद्ध है, पाकिस्तान पर हमला नहीं। पाकिस्तान नहीं कह रहा है कि ऑपरेशन सिंदूर की सूचना पहले मिल गई और हमने किसी मिसाइल को मार गिराया। वह सकते में आ गया कि इतनी बड़ी कार्रवाई की भनक कैसे नहीं लगी?

दूसरे, यह हवाई बमबारी नहीं थी कि हमारे किसी वायुयान या पायलट को पाकिस्तान नुकसान पहुंचता। अगर नेताओं को इतनी समझ नहीं है तो उनके बारे में देश तय करें कि हमें कैसा व्यवहार करना है। अंतरराष्ट्रीय मानक है कि हम किसी देश की सीमा में घुसकर किसी अपराध या आतंकवाद के विरुद्ध कार्रवाई करते हैं तो उसे सूचना देते हैं। इसका रिकॉर्ड भी रखा जाता है ताकि वह अंतरराष्ट्रीय समुदाय के सामने हमले का झूठ न फैला सके। 10 मई को सैन्य टकराव रुकने के बाद डोनाल्ड राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के ट्वीट के बाद विपक्ष ने सरकार पर हमला शुरू कर दिया यह जानते हुए कि नरेंद्र मोदी सरकार स्वयं अनेक बार कर चुकी है कि जम्मू कश्मीर के मामले में मध्यस्थता नहीं होगी। 10 मई की चार पत्रकार वार्ताओं मे सेना की दो महिला प्रवक्ताओं कर्नल सोफिया कुरेशी और विंग कमांडर व्योमिका सिंह तथा विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने साफ कर दिया। यह भी स्पष्ट किया गया कि आतंकवादी कार्रवाई को युद्ध की तरह लिया जाएगा। उसके बाद दो दिन सेना के तीनों अंगों के डीजीएमओ की पत्रकार वार्ताओं,अगले दिन प्रधानमंत्री ने राष्ट्र के नाम संबोधन और उसके बाद आदमपुर वायु सेना अड्डा भाषण में साफ कर दिया कि पाकिस्तान आतंकवाद रोकने और सैन्य दुस्साहह से बचने की गारंटी पर खरा नहीं उतरा तो ऑपरेशन सिंदूर चारी है। प्रधानमंत्री नेकहा कि यज्ञ अखंड प्रतिज्ञा है। यानी अगर आतंकवादी कार्रवाई हुई तो केवल आतंकवादियों के विरुद्ध नहीं, पाकिस्तान सरकार का काम मानकर उनके विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। इससे स्पष्ट घोषणा और कुछ हो नहीं सकती।

देश के लिए इससे बड़ा दुर्भाग्य कुछ नहीं हो सकता कि आतंकवाद के विरुद्ध संघर्ष में विश्व के लिए नए मानक जैसे प्रतिमान को देश की उपलब्धि मानने की जगह संकुचित राजनीतिक स्वार्थ तथा रुग्ण वैचारिकता के आलोक में छोटा करने का आत्मघाती व्यवहार किया जा रहा है। जब पाकिस्तान को आईएफ यानी अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष ने कर्ज दे दिया तो जयराम रमेश ने पोस्ट कर दिया कि भारत ने मतदान में विरोध नहीं किया। वे आर्थिक विषयों के पत्रकार रहे हैं और केंद्रीय मंत्री। उन्हें पता है कि विरोध में वोट करने का कोई प्रावधान नहीं और बहिर्गमन करन विरोध होता है जो भारत ने किया। इसी तरह बार-बार अमेरिकी दबाव में युद्ध विराम की बात हो रही है। डोनाल्ड ट्रंप अमेरिका के राष्ट्रपति हैं और उनको कुछ बोलने से हम रोक नहीं सकते। विदेश मंत्रालय ने साफ किया कि अमेरिका से कब-कब बात हुई लेकिन भारत पर कोई दबाव हो इसे न अमेरिका बोला न कहीं से कोई संकेत। बावजूद ऐसा साबित करने की कोशिश हुई कि ट्रंप और अमेरिका के डर से युद्ध विराम कर दिया। प्रधानमंत्री के संबोधन के बावजूद पाकिस्तान और चीन के नैरेटिव को प्रमुखता दी जा रही है। अब ट्रंप ने भी कह दिया कि उसने कोई मध्यस्थता नहीं की। तब भी ये मानने को तैयार नहीं। भारत में कभी सीजफायर या युद्ध विराम शब्द का प्रयोग नहीं किया। हमने सैन्य कार्रवाई और गोलाबारी रुकने पर सहमति की बात की। यह समाचार उड़ा कि युद्धविराम केवल 18 मई तक है। अब पाकिस्तान के डीजीएमियों की ओर से आ गया कि इसकी कोई समय सीमा नहीं है। प्रश्न है कि क्या इसके बावजूद हमारे नेता, एक्टिविस्ट, बुद्धिजीवी, पत्रकारों का एक समूह अपने देश को छोटा करने से बाज आएंगे? कांग्रेस कहती है कि वह सेना के साथ है। क्या सेना के साथ होना देश पर अहसान करना है? ऐसा कौन कहेगा हम सेना के साथ नहीं है। सेना पहले भी थी तो कार्रवाई क्यों नहीं हुई? सेना राजनीतिक नेतृत्व के आदेश का ही पालन कर सकती है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सरकार ने साहस दिखाया तो श्रेय उसको जाएगा। विरोधी चटपटा कर आत्महत्या कर लें तब भी इसमें श्रेय नहीं मिलने वाला। ये लोग देश के स्तर पर एकजुटता दिखाई तो श्रेय पूरे देश का होता। क्या यह बार-बार पूछना देश हित का कार्य है कि हमको क्या क्षति हुई बताया जाए? युद्ध में क्षति एकपक्षीय नहीं होती। दोनों पक्षों की होती है, किसी का कम किसी की ज्यादा। किंतु जब अभी भारत स्वयं को युद्ध या ऑपरेशन सिंदूर की अवस्था में मानता है तो जिम्मेवार भारतीय का राष्ट्रीय कर्तव्य ऐसे प्रश्नों से दूर रहना है। जो लोग अपना राष्ट्रीय कर्तव्य इसमें नहीं समझते उनके बारे में हम क्या शब्द प्रयोग करें या देश कैसा व्यवहार करें यह आप तय करिए।

अध्यात्म

## अपनी पहचान से क्यों अनजान?



कल सुहानी की गणित की परीक्षा है और उसे डर है कि वह परीक्षा में आए सवाल हल नहीं कर पाएगी। वैसे तो सुहानी गणित में बहुत होशियार थी, पर बीमार होने के कारण उसकी पिछली कुछ परीक्षाएँ अच्छी नहीं हुई। इसलिए उसे लगने लगा कि वो गणित में अच्छी नहीं है।

वह उदास और चिंतित होकर अपने कमरे में बैठी थी और मदद के लिए अपने दोस्त नचिकेता को याद कर रही थी। तभी उसके कमरे में खिड़की से एक फ्लाइंग टॉय-कार आई। उस कार में नचिकेता बैठा हुआ था। नचिकेता ने अपना काला चश्मा निकालते हुए सुहानी से पूछा, क्या बात है सुहानी, इतनी परेशान क्यों हो? सुहानी ने अपनी परेशानी नचिकेता को बताई। चलो तुम्हारी चिंता दूर करने के लिए, तुम्हें एक कहानी सुनाता हूँ, नचिकेता ने कहा। तो बच्चों, आओ हम भी इस रोचक कहानी का मज़ा लें। एक दिन एक छोटी शेरनी की माँ उसे मांद में छोड़कर उसके लिए खाना लाने गई। खाना ढूंढने में उसे ज़रा देर हो गई। छोटी शेरनी को अपनी माँ की चिंता हुई और वह उसे ढूंढने मांद के बाहर चली गई। अँधेरे में शेरनी की बच्ची रास्ता भटक गई और भेड़ों के बाड़े में जा पहुँची। वहाँ बहुत सारी भेड़ें रहती थीं। शेरनी अब भेड़ों के साथ ही रहने लगी। वह भेड़ों की तरह ही बर्ताव करने लगी। वो ना तो शेरनी की तरह दहाड़ती, ना तेज़ दौड़ती और ना ही ऊँची छलाँग लगाती। भेड़ों के बीच रहकर वह खुद को एक भेड़ ही समझने लगी थी। एक बार वह दूसरी भेड़ों के साथ घास चरने गई तभी वहाँ शेरनी की माँ आ गई। सभी भेड़ें डर कर इधर-उधर भागने लगीं पर शेरनी वहीं खड़ी रही। उसने अपनी माँ को पहचान लिया और दौड़कर उसके गले लगी। शेरनी को याद आ गया कि वह कोई भेड़ नहीं, एक शेरनी है। शेरनी और उसकी माँ एक साथ दहाड़े। शेरनी को अपनी असली ताकत का एहसास हुआ।

नचिकेता की कहानी सुन कर सुहानी का मनोबल बढ़ गया। उसने एक नई ऊर्जा का अनुभव किया और खुद को परीक्षा के लिए तैयार करने के लिए फिर से प्रेरित किया।

# नए बीज किसानों के लिए वरदान या कॉरपोरेट का जाल?

**भारत जहां करोड़ों किसान अपनी रोजी-रोटी के लिए खेती पर निर्भर हैं, अपनी खाद्य सुरक्षा और टिकाऊ कृषि के लिए नए रास्ते तलाश रहा है। इस खोज में, जेनेटिकली मॉडिफाइड (जीएम) और जीनोम संपादित बीज आजकल चर्चा के केंद्र में हैं। सरकार इन्हें अधिक पैदावार, मौसम की मार सहने की क्षमता और कम संसाधनों के इस्तेमाल के लिए क्रांतिकारी बता रही है। हाल ही में, डॉ. राइज 100 और पूसा डीएसटी राइज 1 जैसी जीनोम संपादित चावल की नई किस्में इसी दिशा में उठाया गया कदम हैं। लेकिन बीटी कपास, बीटी बैंगन और जीएम सरसों की पिछली असफलताएँ एक बड़ा सवाल खड़ा करती हैं-क्या ये तकनीकें सच में किसानों के लिए वरदान साबित होंगी, या इनके पीछे खेती को बाजार बनाने की एक चाल छिपी है, जो हमारे किसानों और पर्यावरण दोनों को खतरे में डाल सकती है? यह लेख जीएम और जीनोम संपादन के इतिहास, उनके प्रभावों, खतरों और गैर-जीएम विकल्पों की तुलना करता है, साथ ही खेती के कॉरपोरेटीकरण के खतरे को भी उजागर करता है।**

### निलेश देसाई

जेनेटिक मॉडिफिकेशन (जीएम) में बाहर से डीएनए लेकर पौधों में डाला जाता है, ताकि उनमें कुछ खास गुण (जैसे कीड़ों से बचाव, सूखा सहने की क्षमता) आ जाएं। भारत में जीएम की शुरुआत बीटी कपास से हुई, जिसे 2002 में मंजूरी मिली। मॉनसैंटो की इस तकनीक में एक खास बैक्टीरिया (बीटी) का जीन कपास में डाला गया, जिससे वह कीड़ों को मारने वाला जहर पैदा करने लगा।

**शुरुआत में इसकी सफलता के दावे किए गए, लेकिन जल्द ही इसकी सच्चाई सामने आने लगी**

**कीटों का प्रतिरोध:** 2010 तक, गुलाबी बॉलवर्म जैसे कीड़ों ने बीटी कपास के खिलाफ अपनी प्रतिरोधक क्षमता विकसित कर ली, जिसके चलते किसानों को फिर से कीटनाशकों का इस्तेमाल बढ़ाना पड़ा।

**महंगी लागत:** बीटी कपास के बीज आम बीजों से 4-5 गुना महंगे (1,000-1,500 रुपये प्रति पैकेट) थे। पेटेंट के कारण किसान हर साल नए बीज खरीदने को मजबूर थे, क्योंकि बीज बचाना गैरकानूनी था।

**कर्ज और आत्महत्याएँ:** महाराष्ट्र के विदर्भ जैसे इलाकों में बीटी कपास की विफलता और ऊंची लागत ने हजारों किसानों को कर्ज के दलदल में धकेल दिया। 2002 से 2018 के बीच, महाराष्ट्र में 15,000 से ज़्यादा किसान आत्महत्याएँ दर्ज की गईं, जिनमें से कई बीटी कपास से जुड़ी थीं।

**पर्यावरण को नुकसान:** बीटी कपास ने मधुमक्खी जैसे गैर-लक्ष्य कीटों को नुकसान पहुँचाया और मिट्टी की उपजाऊ क्षमता को 20-30 प्रतिशत तक कम कर दिया।

**बीटी बैंगन:** 2010 में, मॉनसैंटो और महिको ने कीट प्रतिरोध के लिए बीटी बैंगन को मंजूरी दिलाने की कोशिश की। लेकिन पर्यावरणविदों, किसान संगठनों और आम जनता के विरोध के कारण इसे रोक दिया गया। लोगों को डर था कि इससे जैव विविधता को नुकसान पहुँचेगा और खाद्य सुरक्षा खतरे में पड़ जाएगी।

**जीएम सरसों (डीएमएच-11):** 2017 में, दिल्ली विश्वविद्यालय द्वारा विकसित जीएम सरसों को मंजूरी देने की कोशिश हुई। लेकिन 'स्वतंत्र भारत के लिए संग्रह' जैसे संगठनों ने इसके पर्यावरणीय और स्वास्थ्य जोखिमों (जैसे ग्लूफोसिनेट प्रतिरोध) को उजागर किया, जिसके बाद 2022 में सुप्रीम कोर्ट ने इस पर रोक लगा दी।

इन असफलताओं ने साफ दिखाया कि जीएम बीज भले ही कुछ समय के लिए फायदा दें, लेकिन लंबे समय में किसान कर्ज, पर्यावरण का नुकसान और जैव विविधता की हानि जैसे बड़े खतरे उनके फायदों से कहीं ज़्यादा हैं। फिर भी, सरकार अब जीनोम संपादन को अगला बड़ा कदम बता रही है।

जीनोम संपादन, खासकर सीआरआईएसपीआर-सीएएस 9 तकनीक, जीएम से थोड़ी अलग है क्योंकि



इसमें बाहर से डीएनए नहीं डाला जाता। यह जीनोम में बहुत ही सटीक बदलाव (जैसे डीएनए काटना या बदलना) करती है। भारत ने हाल ही में दो जीनोम संपादित चावल की किस्में - डॉ. राइज 100 और पूसा डीएसटी राइज 1 - पेश की हैं, जिन्हें आईसीएआर ने विकसित किया है। सरकार का दावा है कि इनसे 19-20 प्रतिशत ज़्यादा उपज मिलेगी, मीथेन का उत्सर्जन 20 प्रतिशत तक कम होगा, और ये सूखा और खारेपन को भी सह सकेंगी।

1. **अनचाहे बदलाव:** सीआरआईएसपीआर-सीएएस 9 में सीएएस 9 एंजाइम कभी-कभी जीन में गलत जगह पर भी बदलाव (ऑफ-टारगेट म्यूटेशन) कर सकता है, जिससे फसल की गुणवत्ता या पर्यावरण को नुकसान पहुँच सकता है। डॉ. शोमा मार्ला (आईसीआरआईएसएटी) ने चेतावनी दी है कि इसकी एक तयशुदा मात्रा का इस्तेमाल भी जोखिम भरा हो सकता है।

2. **जैव विविधता का नुकसान:** जीनोम संपादित चावल से भारत की 1 लाख से ज़्यादा देसी चावल की किस्मों में आनुवंशिक मिलावट का खतरा है। इससे भारत का जैविक चावल निर्यात (2023 में 1.2 बिलियन डॉलर) भी प्रभावित हो सकता है।

3. **बीज की संप्रभुता:** सीआरआईएसपीआर तकनीक पर आईपीआर (बौद्धिक संपदा अधिकार) है, जो कोर्टेवा और बायर जैसी कंपनियों के हाथ में है। इससे किसान बीटी कपास की तरह बीज खरीदने के लिए इन पर निर्भर हो सकते हैं।

4. **पर्याप्त परीक्षण नहीं:** इन किस्मों के लंबे समय (5-10 साल) के प्रभावों का कोई स्वतंत्र अध्ययन नहीं हुआ है, जिससे बीटी कपास जैसी विफलता फिर से हो सकती है।

5. **स्वास्थ्य जोखिम:** ऑफ-टारगेट म्यूटेशन से पैदा हुए चावल की सुरक्षा पर सवाल हैं, क्योंकि इंसानों की सेहत पर इसके असर का कोई परीक्षण नहीं हुआ है।

जीएम और जीनोम संपादन को बढ़ावा देने के पीछे खेती को बाजार बनाने की मंशा साफ दिखाई देती है। बहुराष्ट्रीय कंपनियाँ और कुछ नीति निर्माता इन तकनीकों को बढ़ावा देकर कृषि को कॉरपोरेट नियंत्रण में लाना चाहते हैं। इसके कुछ संकेत इस प्रकार हैं-

1. **कॉरपोरेट लॉबिंग:** मॉनसैंटो, बायर और कोर्टेवा जैसी कंपनियाँ जीएम और जीनोम संपादन को भारत में बढ़ावा देने के लिए करोड़ों रुपये खर्च करती हैं। बीटी कपास की मंजूरी में मॉनसैंटो की लॉबिंग इसका एक उदाहरण है। पीपीवीएफआर एक्ट, 2001 में कमजोर प्रावधानों ने कंपनियों को बीजों पर पेटेंट लेने की छूट दी, जिससे किसान उन पर निर्भर हो गए।

2. **बीज की संप्रभुता पर हमला:** जीएम और जीनोम संपादित बीजों के पेटेंट से किसान बीज बचाने या आपस में साझा करने के अपने पारंपरिक अधिकार खो रहे हैं। विदर्भ में बीटी कपास के किसानों को हर साल नए बीज खरीदने पड़े, जिससे उनका कर्ज बढ़ता गया। 'स्वतंत्र भारत के लिए संग्रह' ने चेतावनी दी है कि जीनोम संपादित चावल से किसानों की बीज और खाद्य संप्रभुता खत्म हो सकती है।

3. **जैविक बाजार को खतरा:** जीनोम संपादित चावल की व्यावसायिक खेती से भारत का जैविक चावल निर्यात (2030 तक 5 बिलियन डॉलर का लक्ष्य) प्रभावित हो सकता है, क्योंकि यूरोप जैसे बाजार जीन-संपादित उत्पादों को लेकर बहुत सख्त नियम रखते हैं। इससे कॉरपोरेट्स को गैर-जैविक बीज बाजार पर कब्जा करने का मौका मिल जाएगा।

यह साफ है कि जीएम और जीनोम संपादन के नाम पर कहीं न कहीं किसानों को एक नए जाल में फंसाने की कोशिश हो रही है। हमें यह समझना होगा कि खाद्य सुरक्षा का असली रास्ता टिकाऊ खेती, किसानों के अधिकारों की रक्षा और जैव विविधता को बढ़ावा देने में है, न कि ऐसी तकनीकों को अपनाने में जिनके खतरे अभी पूरी तरह से समझ में नहीं आए हैं और जो किसानों को कॉरपोरेट के हाथों में सौंप सकती हैं। सरकार को चाहिए कि वह किसानों और पर्यावरण के हितों को सर्वोपरि रखे, न कि कुछ कंपनियों के मुनाफे को।

## आज का कार्टून




## राशिफल

**मेष:** व्यापार बढ़ाने के लिये मेहनत ज्यादा करनी पड़ेगी। आपके कार्यों की सराहना होगी। लम्बित पड़ी योजनाओं को पुनः शुरू करने का प्रयास करें।

**वृषभ:** जीवनसाथी से मतभेद होने के योग बन रहे हैं। कई मामलों में आपको धैर्य की आवश्यकता होगी। प्रबन्धन से जुड़े लोगों को परेशानी हो सकती है।

**मिथुन:** दैनिक कार्यों को आसानी से पूर्ण कर लेंगे। अपने व्यवहार में लचीलापन रखें। समय रहते हुये अपनी गलतियों से सीखने का प्रयास करें।

**कर्क:** सामाजिक कार्यों में विशेष ध्यान देंगे। भावनाओं में बहकर धन खर्च न करें। मेहमानों का आगमन हो सकता है लेकिन आपको सावधानी बहुत रखनी होगी।

**सिंह:** धार्मिक और अध्यात्मिक विचारों के प्रभाव में रहेंगे। युवा वर्ग अपने करियर को लेकर सतर्क रहेंगे। आप अपने करियर के प्रति फोकस रहेंगे।

**कन्या:** सन्तान के प्रति चिन्तायुक्त हो सकते हैं। छोटे-मोटे अवरोधों को दूर करने का प्रयास करें। मौसम में बदलाव के कारण स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है।

**तुला:** किसी परिचित के माध्यम से आपको बड़ा व्यावसायिक ऑर्डर मिल सकता है। कार्यक्षेत्र में आपको पदोन्नति मिल सकती सकती है।

**वृश्चिक:** आज का दिन आपके लिये सामान्य तौर पर शुभ माना जायेगा। रोगों से मुक्ति मिलेगी। माता के साथ अपने सम्बन्ध अच्छे रखें।

**धनु:** बच्चे पढ़ाई में परेशानी महसूस कर सकते हैं। माता के साथ वैचारिक मतभेद हो सकते हैं। उधार धन लेने से आज आपको बचना चाहिये। व्यापार को लेकर बड़े समझौते आज न करें।

**मकर:** अनावश्यक बहसबाजी से दूर रहें। घर पर आप काफी बोरियत महसूस करेंगे। मौसम में बदलाव के कारण सिर में दर्द हो सकता है। शिक्षा के क्षेत्र में आपको उत्तम सफलता मिल सकती है।

**कुंभ:** आपकी आर्थिक स्थिति काफी अच्छी रहेगी। मित्रों और पड़ोसियों के चहेते बने रहेंगे। आप वैवाहिक कार्यक्रम आदि की रूपरेखा बना सकते हैं।

**मीन:** आप कलात्मक गतिविधियों में रुचि ले सकते हैं। आपकी वाणी में ओज रहेगा। जिससे लोग आपसे काफी आकर्षित रहेंगे। सफलता प्राप्त करने के लिये कड़ी मेहनत करनी पड़ेगी।

# एशिया के सबसे चौड़े ब्रिज का उद्घाटन आज

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**बेगूसराय नगर।** जिले के सिमरिया गंगा नदी पर एशिया महादेश के सबसे बड़ा पुल का उद्घाटन पीएम नरेंद्र मोदी करेंगे। पुल बनकर तैयार हो चुका है। गुरुवार को पीएम श्री मोदी पटना से इसका उद्घाटन करेंगे। ज्ञात हो कि एशिया महादेश के सबसे चौड़े सिक्स लाइन पुल जिले के गंगा नदी पर 11 अगस्त 2018 से बनना शुरू हुआ था। इस परियोजना की आधारशिला प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2017 में रखी थी। एसपी सिंगला कंस्ट्रक्शन से मिली जानकारी के मुताबिक कुल लंबाई 8.15 किलोमीटर है। इसमें 1.865 किलोमीटर लंबा मुख्य पुल और 6.285 किलोमीटर की संपर्क सड़कें शामिल हैं। अब 29 या 30 मई को बिहार में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कदम पड़ते ही उत्तर और दक्षिण बिहार वासियों के चेहरे पर मुस्कान छा जायेगी क्योंकि राजेंद्र सेतु के डैमेज होने की वजह से पिछले 10 वर्षों में इलाके में महंगाई काफी ज्यादा बढ़ गई है। उत्तर और दक्षिण बिहार के लोगों के आगमन में मिनट की दूरी तय करने में घंटों लग जाते थे। नेशनल हाईवे अथारिटी द्वारा पटना और बेगूसराय जिले को जोड़ने वाला राज्य का पहला छह लेन गंगा पुल बनकर तैयार हो चुका है। 1740 करोड़ की लागत से बने इस आधुनिक पुल को सीसीटीवी से लैस किया गया है। इतना ही नहीं पर्यावरण संरक्षण का भी विशेष ध्यान रखा गया है। अप और डाउन में जगह-जगह करीब 50 कैमरे इंस्टाल किए गए हैं जो कि सोलर पैनल से संचालित की जाएगी। इतना ही नहीं स्पीड कंट्रोल के लिए अलग से कैमरे लगाएं गए हैं जो कि तेज रफ्तार वाहन के चलाने पर फाइन भी कट जाएगा। स्पीड लिमिट की बात करें तो बड़े वाहन 60 जबकि छोटे वाहन 80 की रफ्तार से चलेगी। बताया जा रहा है कि संपर्क पथ कुल 8.15 किलोमीटर लंबा है। इसमें गंगा नदी पर 1.865 किलोमीटर का मुख्य पुल शामिल है। पुल के साथ ही 3 किलोमीटर में फोरलेन और 3.285 किलोमीटर में छह लेन का संपर्क मार्ग तैयार किया गया है। नई छह लेन पुल पर दोनों ओर 13-13 मीटर चौड़ी सड़क है। साथ ही पैदल यात्रियों के लिए डेढ़ मीटर का फुटपाथ भी बनाया गया है। पुल के दोनों छोरों पर कुल 6 वेकल अंडरब्रिज, एक आरओबी और दो आरयूबी भी बनाए गए हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा इसका उद्घाटन किए जाने के बाद सबसे ज्यादा फायदा पटना, बेगूसराय, लखीसराय जिले के लोगों को मिलेगा। इसके अलावा आरा, बक्सर, दरभंगा, समस्तीपुर, सहरसा, मधुबनी, शेखपुरा, जमुई, नवादा, गया, नालंदा जैसे शहरों के बीच की दूरी कम हो जाएगी। इधर केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने नितिन गडकरी को पत्र लिखकर उक्त निर्माण के पूरा होने की शुभकामनाएं दी है। साथ ही कहा कि इस पुल का नाम राष्ट्रकवि रामधारी सिंह दिनकर के नाम पर होने से क्षेत्र के लोगों की भावना का सम्मान होगा। साथ ही साहित्य एवं संस्कृति के प्रति प्रतिबद्धता और गहरी साबित होगी।

# महिलाओं के जीवन में आया बदलाव

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**वीरपुर (बेगूसराय)।** प्रखंड के 2 जीविका महिला ग्राम संगठन में बुधवार को महिला संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। ग्रामीण विकास विभाग द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित थीं। पहला कार्यक्रम उन्नति जीविका महिला ग्राम संगठन द्वारा डीहपर पंचायत में आयोजित किया गया। कार्यक्रम के उद्देश्यों पर जीविका के बीपीएम शैलेश रंजन ने प्रकाश डाला। मौके पर मुख्यमंत्री के संदेश को पढ़ कर सुनाया गया। इस अवसर पर राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं से महिलाओं के जीवन में आए बदलावों को फिल्मों के माध्यम से दिखाया गया। राज्य सरकार द्वारा महिलाओं के लिए चलाई जा रही योजनाओं एवं कार्यक्रमों का लाभ महिलाएं कैसे ले सकती हैं, इसपर केंद्रित लीफलेट का वितरण भी आयोजन में किया गया। मौके पर सरकार की विभिन्न योजनाओं का लाभ ले चुकी लाभार्थियों ने अपने-अपने अनुभवों को साझा किया। लाभार्थियों ने बताया कि राज्य सरकार की योजनाओं के कारण वे सामाजिक एवं आर्थिक रूप से सशक्त हुई हैं। संवाद के दौरान महिलाओं ने अपनी अपेक्षाओं एवं आकांक्षाओं को रेखांकित किया। वहीं दूसरा कार्यक्रम राजकमल जीविका महिला ग्राम संगठन द्वारा नौला पंचायत में आयोजित किया गया। मौके पर महिलाओं ने विभिन्न फिल्मों एवं आईईसी के माध्यम से राज्य सरकार द्वारा महिलाओं के लिए चलाई जा रही योजनाओं के बारे में जाना। मंच संचालन क्षेत्रीय समन्वयक सुरेश कुमार एवं धन्यवाद ज्ञापन सामुदायिक समन्वयक रंजीत कुमार और अंजली कुमारी द्वारा किया गया। मौके पर बीपीएम शैलेश रंजन, बुककीपर लंकेश कुमार और नीलम कुमारी, सीएम सजन देवी और बबीता देवी सहित सैकड़ों महिलाएं उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### गंगा नदी में डूबने से मौत

**बरौनी ग्रामीण/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बिहट नगर परिषद अंतर्गत सदानंदपुर टोला निवासी श्रीराम सिंह के पुत्र गोपाल कुमार की मौत गंगा नदी में डूबने से हो गयी। बताया गया है कि वह बुधवार की सुबह परिवार के साथ मुंडन संस्कार में सिमरिया गंगा घाट गया था। इधर मुंडन संस्कार का कार्य चल रहा था और उधर कुछ लोग स्नान करने गंगा नदी में गए जिसमें गोपाल कुमार भी साथ में था। गंगा नदी में स्नान करने के दौरान पानी में डूबने के कारण उसकी मौत हो गई। आनन फानन में परिजनों ने एनडीआरएफ टीम को बुलाया और खोज शुरू कर दिया। घटना की जानकारी मिलते ही चकिया थाना प्रभारी ने घटनास्थल पर पहुंचकर गोताखोर के माध्यम से शव को बाहर निकला। वहीं आवश्यक कागजी कार्रवाई को पूरा करते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए बेगूसराय भेज दिया। घटना को लेकर परिजनों एवं मोहल्ले में मायूसी छाई हुई है।

### विधायक ने किया भवन का उद्घाटन

**बरौनी ग्रामीण/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मुख्यमंत्री विकास योजना अंतर्गत नगर परिषद बीहट के वार्ड नंबर 5 में मध्य विद्यालय हाजीपुर में तेघरा विधायक राम रतन सिंह द्वारा फीता काट कर नवनिर्मित भवन का उद्घाटन बुधवार को किया गया। जानकारी के अनुसार उक्त भवन का निर्माण विधायक द्वारा अनुशंसित 15 लाख की से कराया गया है। इस संबंध में विधायक राम रतन सिंह ने कहा कि उक्त भवन बन जाने से विद्यालय के बच्चों के पठन-पाठन में सहूलियत होगी। मौके पर वार्ड पार्षद प्रतिनिधि हरिनंदन कुमार, पूर्व मुखिया प्रतिनिधि संजीव कुमार सिंह, हाजीपुर के शाखा मंत्री अनिल चौधरी, परमानंद सिंह, वार्ड प्रतिनिधि चंदन कुमार, विद्यालय के प्रधानाध्यापक अशोक दास, विकास कुमार, राजेंद्र सिंह, देवघर सिंह, अनिल सिंह, अरविंद सिंह आदि उपस्थित थे।

### 1017 पात्र लाभुकों का बना आयुष्मान कार्ड

**नावकोठी (बेगूसराय)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रखंड के सभी नौ पंचायतों में प्रधानमंत्री आयुष्मान स्वास्थ्य कार्ड निर्माण हेतु त्रिदिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में तीन दिनों में 1017 पात्र लाभुकों का आयुष्मान स्वास्थ्य कार्ड बनाया गया। बीडीओ चिरंजीव पांडेय ने आयुष्मान स्वास्थ्य कार्ड स्थल का जायजा लिया। प्रतिनियुक्त कर्मियों ने बताया कि सर्वर डाउन रहने से स्वास्थ्य कार्ड जेनरेट करने में काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। इसके लिए पीडीएस विक्रेताओं, पंचायत सचिव, टोला सेवक, आवास सहायक, आशा, आंगनबाड़ी सेविका, जीविका दीदी को मोटिवेट करने की जिम्मेदारी सौपी गई थी। लोगों को इसके निर्माण में अभिरूचि कम दिखी अथवा तकनीकी कारणों से इनका आयुष्मान स्वास्थ्य कार्ड नही बन सका। मौके पर कुमार प्रिंस, सोनू, देव कुमार, प्रवीण कुमार, श्रवण कुमार, स्वास्थ्य प्रबंधक आनंद ईश्वर, मुकुंद कुमार, संदीप चंद्र आदि सक्रिय थे।

### बेटिकट यात्रियों के खिलाफ चेकिंग अभियान में 11 हजार 712 लोग गिरफ्तार

**समस्तीपुर/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** पूर्व मध्य रेल के समस्तीपुर मंडल में बेटिकट यात्रियों के खिलाफ चलाये गए मेधा जांच अभियान में पिछले एक सप्ताह में कुल 11 हजार 712 लोगों को पकड़ा गया है। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक अन्नया स्मृति ने बुधवार को बताया कि पकड़े गए बेटिकट यात्रियों से जुर्माना एवं किराये के रूप मे कुल 85 लाख 9 हजार 810 रुपये वसूल किया गया। उन्होंने बताया कि यह मेधा जांच अभियान मंडल के समस्तीपुर, दरभंगा, सहरसा, बापूधाम मोतिहारी, नरकटियागंज, जयनगर, रक्सौल, दरभंगा एवं सुपौल समेत विभिन्न स्टेशनों व ट्रेनों मे चलाई गई। अन्नया स्मृति ने बताया कि इस जांच अभियान मे वाणिज्य विभाग के अधिकारियों के नेतृत्व में 2 सौ से अधिक टीटीई, रेलवे सुरक्षा बल एवं रेल पुलिस की टीम लगाई गई थी।

### मलाबार समूह ने आवंटित किए 150 करोड़ रुपये

**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** भारत के अग्रणी व्यापारिक समूह एवं मलाबार गोल्ड एंड डायमंड्स की मूल कंपनी मलाबार समूह ने 2025-26 में अपनी सीएसआर पहलों को आगे बढ़ाने के लिए 150 करोड़ रुपये आवंटित किए हैं। ये पहलें स्वास्थ्य, शिक्षा, भूख एवं गरीबी उन्मूलन, महिला सशक्तिकरण, पर्यावरण संरक्षण और वंचितों के लिए आवास पर केंद्रित हैं। समूह ने अपनी प्रमुख सीएसआर पहल 'हंगर फ्री वर्ल्ड' के तहत भारत और जाम्बिया में वंचितों को प्रतिदिन 70 हजार भोजन वितरित करने की प्रतिबद्धता जताई है। इस तरह 2025-26 में कुल 2.50 करोड़ भोजन बांटे जाएंगे। यह पिछले 3 सालों में बांटे गए 2.5 करोड़ भोजन की अब तक की पूरी उपलब्धि से एक बड़ी छलांग है। यह खाद्य सुरक्षा के लिए समूह की ठोस प्रतिबद्धता के बारे में भी बताता है। यह पहल संयुक्त राष्ट्र के सस्टेनेबल डेवलपमेंट गोल 2- जीरो हंगर के अनुरूप है। नीति आयोग के पूर्व सीईओ एवं जी-20 शेरपा डॉ. अमिताभ कांत ने नई दिल्ली के जनपथ स्थित डॉ. अंबेडकर इंटरनेशनल सेंटर में आयोजित एक कार्यक्रम में समूह के सीएसआर कार्यक्रमों के अगले चरण का शुभारंभ किया। इस कार्यक्रम में मौजूद अन्य गणमान्य व्यक्तियों में मलाबार समूह के चेयरमैन एम.पी. अहमद, मलाबार समूह के वाइस चेयरमैन के.पी. अब्दुल सलाम और मलाबार गोल्ड एंड डायमंड्स के भारतीय परिचालन के मैनेजिंग डायरेक्टर ओ. अशर शामिल थे। मलाबार समूह के चेयरमैन एम.पी. अहमद ने इस पहल के बारे में कहा, ''मलाबार समूह में सीएसआर हमारी संस्कृति का अभिन्न हिस्सा है और हम समाज को वापस देने में विश्वास करते हैं। हम 28 मई को अपने वार्षिक सीएसआर दिवस के रूप में समर्पित करते हैं। हम निरंतर और प्रभावशाली कदमों के माध्यम से वंचितों के साथ खड़े होने की अपनी प्रतिज्ञा को दोहराते हैं. हमारी सीएसआर पहल उस स्थायी प्रतिबद्धता का प्रतिबिंब हैं। हम अपना सर्वश्रेष्ठ कर रहे हैं।

### बंद घर का ताला तोड़ छह लाख की चोरी

**दानापुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बीती रात बेखौफ चोरों ने थाना क्षेत्र के सगुना मोड अशोकतल निवासी व ब्यूटी पॉर्लर संचालिका खुशबू सिंह के बंद घर का ताला तोड़कर 15 हजार नकद समेत छह लाख की संपत्ति पर हाथ साफ करने का मामला सामने आया है। इस संबंध में गृहस्वामी विजय किशोर सिंह की पत्नी खुशबू सिंह ने स्थानीय थाना में अज्ञात चोरों के विरूद्ध लिखित शिकायत की है। खूशबू ने बताया कि मंगलवार की सुबह 9 बजे घर में ताला बंद कर गोला रोड ब्यूटी पार्लर दुकान चलाने गई थी जब रात करीब 9 बजे घर पहुंचा तो घर के दरवाजा अंदर से बंद था। दरवाजा को तोड़कर अंदर घुसे तो देखा कि कमरे में रखे गोदरेज व आलमीरा टूटा पड़ा हुआ है और 15 हजार नगद और सोने के चेन दो पीस, अंगुठी तीन पीस, एक मंगलसूत्र, चांदी के बर्तन व चांदी का सिक्का गायब था।

# भाकपा का शाखा सम्मेलन संपन्न

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नावकोठी (बेगूसराय)।** भाकपा का 24वां शाखा सम्मेलन शहीद गणेश पोद्दार नगर विष्णुपुर में बुधवार को आयोजित किया गया। सरस्वती देवी तथा सिया राम शर्मा ने संयुक्त रूप से अध्यक्षता की। सम्मेलन की शुरूआत में स्थानीय विधायक सूर्यकांत पासवान ने झंडोत्तोलन किया। शहीद वेदी पर फूल-माला अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। उदघाटन भाषण में विधायक सूर्यकांत पासवान ने कहा कि देश के बदलते हालात में भाकपाई की भूमिका बढ गई है। देश की एकता एवं अखंडता को अक्षुण्ण रखने की जिम्मेदारी उन्हीं के कंधे पर है। आज के परिप्रेक्ष्य पर विस्तार से चर्चा करते हुए कहा कि संपूर्ण नावकोठी अंचल में भाकपा का भूमि आन्दोलन एवं कार्यकर्ताओं की शहादत के बदौलत ही गरीब, मजलूमों को अपना हक हकूक मिला है। उन्होंने साम्प्रदायिक सौहार्दता को बिगाड़ने वाली शक्ति से परहेज करने की बात कही। शाखा मंत्री देवेंद्र पासवान ने प्रतिवेदन प्रस्तुत किया जिसे बहस के उपरांत पारित किया गया। सर्वसम्मति से 21 सदस्यीय नई शाखा कमिटी गठित की गई जिसमें सर्वसम्मति से पुनः देवेंद्र पासवान को शाखा मंत्री तथा सहायक शाखा मंत्री अमरेश कुमार पोद्दार उर्फ टुनटुन को बनाया गया। मौके पर सहायक अंचल मंत्री जितेन्द्र कुमार राय, डा राजेन्द्र शर्मा, कपिलदेव सहनी, सागर महतो, रामाशीष तांती, राजेन्द्र महतो, अनिता, लक्ष्मी, शकुंतला, इदिरा, उषा, अंजुषा देवी आदि मौजूद थे।

# निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बेगूसराय नगर।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार के एडीआर भवन में जिला विधिक सेवा प्राधिकार एवं आइएमए के संयुक्त बैनर तले निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का उद्घाटन द्वीप प्रज्ज्वलित कर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश ऋषिकांत ने किया। उद्घाटन करते हुए प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश ऋषिकांत ने कहा कि बेगूसराय जिले के सभी प्रसिद्ध चिकित्सकों ने अपना बहुमूल्य समय देकर स्वास्थ्य जांच शिविर लगाए हैं। मैं उन सभी का स्वागत करता हूं। इसमें अलग-अलग क्षेत्र के सभी सुपर स्पेशलिस्ट डाक्टर यहां स्वास्थ्य जांच करेंगे।



स्वास्थ्य जांच शिविर में न्यायालय कर्मी, अधिवक्ता, एवं लिटिगेंट्स का भी स्वास्थ्य जांच होना है। जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव न्यायाधीश करूणानिधि प्रसाद आर्या ने कहा कि पिछले तीन-चार दिनों से इस बारे में जिले के आइएमए अध्यक्ष एवं रेडक्रास सोसाइटी के उपाध्यक्ष के साथ बैठक आयोजित की गई जिससे आज यह स्वास्थ्य जांच शिवर होना तय हुआ। मौके पर परिवार न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश गीता गुप्ता, एडीजे राज नारायण निगम, एक्साइज के स्पेशल जज सुनील कुमार चौबे, एसीजेएम रविंद्र कुमार, एसडीजेएम रूबी कुमारी, जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष संजीत कुमार, वकील संघ के अध्यक्ष ध्रुव कुमार सिंह, जिला वकील संघ के महासचिव ताराकांत झा, रेडक्रास सोसाइटी के उपाध्यक्ष डा नलिनी रंजन सिंह, वरिष्ठ शिशु रोग विशेषज्ञ डा. शशि भूषण प्रसाद सिंह, आइएमए के महासचिव डा. पंकज कुमार सिंह, डायबिटीज रोग विशेषज्ञ डा. राहुल कुमार, डा. मृत्युंजय कुमार, डा. दीपक कुमार, डा. प्रशांत कश्यप, डा. रंजना सिन्हा, डा. अशोक कुमार गुप्ता, डा. रूपक कुमार, डा. एके प्रसाद, एवं सोनी कुमारी, डा. स्मृति किरण, डेंटिस्ट गीता कुमारी, डा. अल्पना राय ने मरीजों को देख उनका निशुल्क जांच कर उन्हें दवा आदि मुहैया कराया।

# जन जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नावकोठी (बेगूसराय)।** प्रखंड के विभिन्न स्कूलों में माहवारी जन जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन बुधवार को किया गया। इस क्रम में उत्क्रमित उच्चतर माध्यमिक विद्यालय चकमुजफ्फर के छात्राओं ने हिस्सा लिया। आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रभारी हेडमास्टर इंदु कुमारी ने की। शिक्षिका भारती कुमारी ने बताया कि किशोरियों में एक स्वाभाविक प्रक्रिया के तहत शारीरिक बदलाव होते हैं। इस बदलाव के दौरान माहवारी की शुरूआत होती है। इससे शरीर से रक्तस्राव होता है। इससे घबराना नहीं चाहिए बल्कि अपने परिजन से इस संदर्भ में जानकारी लेनी चाहिए। जिस तरह पुरूष को किशोरावस्था से युवावस्था के बीच शारीरिक बदलाव दाढ़ी-मूंछ का आना एक स्वाभाविक प्रक्रिया है,उसी तरह लड़कियों में माहवारी के दौरान रक्तस्राव है। इस दौरान सेनेटरी पैड का उपयोग करने, आयरन फोलिक एसिड की टेबलेट लेने और उचित खानपान की सलाह दी गयी। माहवारी के दौरान शरीर से रक्त निकलने के दौरान कमजोरी महसूस होना, थकान होना, उल्टी आना, चक्कर आना, पैरों में जलन होना, चलने के दौरान सांस फूलना यह एनीमिया का लक्षण हो सकता है। एनीमिया से मुक्ति पाने के लिए हरी साग सब्जी, फल, मांस, मछली, अंडा, कलेजी आदि खाने की सलाह दी गयी। उन्होंने कहा कि जानकारी के अभाव में माहवारी के दौरान उचित और साफ स्वच्छ पेड का उपयोग नहीं करने से बच्ची संक्रमित भी हो जाती है जिससे गंभीर बीमारी का खतरा उत्पन्न हो जाता है। इसलिए माहवारी से संबंधित जानकारी अपने महिला टीचर, आंगनवाड़ी सेविका, आशा एवं एएनएम तथा परिजनों से लेना और अपने सहपाठियों को जागरूक करने की अपील की गयी। स्कूल के अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, स्वास्थ्य उपकेंद्र, आंगनबाड़ी केन्द्र पर सेनेटरी पैड मशीन लगाये गए हैं। उक्त स्थल पर से रियायती कीमत पर सेनेटरी पैड प्राप्त कर सकती है। इस अवधि में शारीरिक स्वच्छता पर विशेष रूप से ध्यान देने की अपील की गई। मौके पर खुशबू कुमारी, संजीत कुमार, कन्हैया कुमार आदि मौजूद थे।

# विकास विद्यालय में मासिक धर्म कार्यशाला

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बेगूसराय नगर।** विकास विद्यालय में नूनू बाबू चौरिटेबल ट्रस्ट के संयुक्त तत्वावधान में किशोरियों के लिए मासिक धर्म जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं को मासिक धर्म (मासिक धर्म) से जुड़ी भ्रांतियों को दूर कर स्वच्छता और स्वास्थ्य के प्रति जागरूक बनाना था। कार्यशाला का उद्घाटन विद्यालय के निदेशक राजकिशोर सिंह ने किया। इस अवसर पर प्रख्यात स्त्री रोग विशेषज्ञ डा. इकरा नफीस और डा गुंजन कुमारी ने छात्राओं को मासिक धर्म से जुड़ी शारीरिक व मानसिक समस्याओं, स्वच्छता बनाए रखने के उपायों और खान-पान से संबंधित सुझावों पर



विस्तारपूर्वक जानकारी दी। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय की शिक्षिका हैदर मैडम ने किया। कक्षा 7 से 12 तक की छात्राएँ बड़ी संख्या में कार्यक्रम में उपस्थित रहकर डाक्टरों से सवाल भी पूछे। तारा कालेज अफ हायर एजुकेशन के निदेशक राकेश कुमार एवं मिलन फर्मा के निदेशक मिलन कुमार उपस्थित थे। यह कार्यशाला बालिकाओं के स्वास्थ्य, स्वच्छता एवं आत्मविश्वास को बढ़ाने की दिशा में एक सकारात्मक पहल रही जिसे विद्यालय परिवार, प्रतिभागी छात्राओं और अभिभावकों द्वारा खूब सराहा गया।

# एनटीपीसी में कार्यरत दैनिक कर्मियों का धरना समाप्त

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बरौनी ग्रामीण।** थर्मल पावर कर्मचारी यूनियन एनटीपीसी में कार्यरत दैनिक मजदूरों का धरना बुधवार को स्थगित हो गया। ज्ञात हो की मजदूरों को बार-बार प्रबंधन के द्वारा गेट पास के नाम पर बैठने की बात की जाती है। प्रबंधन के खिलाफ धरना में उपस्थित मजदूरों के बीच यूनियन के महासचिव प्रहलाद सिंह एवं एनटीपीसी के मानव संसाधन उप महाप्रबंधक अर्णव मुखर्जी से बातचीत हुई। वहीं प्रबंधन के तरफ से कहा गया कि तकनीकी कारणों की वजह से विलंब हुआ। 30 मई को सभी मजदूर कार्य पर वापस लगेंगे। यह तिथि किसी भी कीमत पर बढ़ाने वाली नहीं है। मजदूरों ने प्रबंधन के साथ निर्धारित समय को स्वीकार किया। यूनियन नेता ने कहा कि यदि मजदूरों का गेट पास 30 मई को नहीं बनता तो दैनिक मजदूरों का वेतन लागू करें। निर्धारित तिथि से इन बातों को ध्यान में रखते हुए धरना को समाप्त किया गया। वही यूनियन के महासचिव प्रहलाद सिंह ने बताया कि उक्त कार्य के लिए एनटीपीसी मजदूर संगठित है। मौके पर ललन राय, नवल किशोर, अनिल तांती आदि मजदूर उपस्थित थे।

# चयनित अभ्यर्थियों को मंत्री ने किया सम्मानित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मंसूरचक(बेगूसराय)।** प्रखण्ड क्षेत्र के समसा 2 पंचायत स्थित जनता डिफेंस ट्रेनिंग सेंटर कस्टोली में चक्रवात आश्रय स्थल का उद्घाटन सह नवचयनित बिहार पुलिस के 30 जवानों के सम्मान में समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सेवानिवृत सूबेदार सह प्रशिक्षक रामायण महतो व संचालन युवा कवि कुमार अमरेश ने किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बिहार सरकार के खेल मंत्री सह स्थानीय विधायक सुरेन्द्र मेहता ने कहा कि आज मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के सपनों का बिहार धरातल पर दिख रहा हैं। आज बिहार के बेटे-बेटियां विभिन्न क्षेत्रों में नाम रौशन कर रहे हैं। स्थानीय मुखिया सह मुखिया संघ के प्रखण्ड अध्यक्ष इजहार अंसारी ने चक्रवात आश्रय गृह के निर्माण में आने वाली बाधाओं की चर्चा करते हुए सफल निर्माण पर खुशियां व्यक्त की। प्रखण्ड विकास पदाधिकारी सुभाष कुमार ने निःशुल्क प्रशिक्षण देने वाले रामायण महतो की जमकर प्रशंसा की। बताते चलें कि कार्यक्रम में जिले के सेवानिवृत 40 आर्मी जवानों को भी सम्मानित किया गया। मौके पर उप प्रमुख रंजीत कुमार सिंह, सेवानिवृत विंग कमांडर रंजीत सिंह, सेवानिवृत आर्मी चन्द्रप्रकाश सिंह, थानाध्यक्ष अमित कुमार कांत, बीपीआरओ कुमार जयंत, मुखिया डॉ दिनेश कुमार राय, अरमान कुरैशी, सरपंच राजा कुमार, पैक्स अध्यक्ष राजेश कुमार वर्मा, मो. महबूब अंसारी, विजय कुमार, सेवानिवृत कर्मचारी राम बहादुर महतो, सेवानिवृत शिक्षक रामजन्म सिंह, शिक्षक मो.नसीम, मनोज कुमार, अभिषेक कुमार, चक्रवात आश्रय गृह के भूमीदाता राम प्रकाश महतो, कपिलदेव महतो, राम बिलास महतो, भरत महतो, चन्द्रदेव महतो, राम बिहारी महतो, डोमन महतो सहित विभिन्न पंचायत के दर्जनों जनप्रतिनिधि व सैकड़ों अभिभावक मौजूद थे।

# विश्व आपातकालीन चिकित्सा दिवस का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**फुलवारीशरीफ।** एम्स पटना के आपातकालीन चिकित्सा विभाग की ओर से विश्व आपातकालीन चिकित्सा दिवस का आयोजन किया गया। इस वर्ष की थीम 'आपकी आपातकालीन देखभाल प्रदान करने पर गर्व है' के तहत यह कार्यक्रम आपातकालीन सेवाओं के महत्व को रेखांकित करने और जीवन रक्षक हस्तक्षेपों के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से मनाया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व एम्स के कार्यकारी निदेशक प्रो. सौरभ वर्श्नेय ने किया। उद्घाटन भाषण डॉ. दीपक कुमार ने दिया। उन्होंने आधुनिक स्वास्थ्य सेवा प्रणाली में आपातकालीन चिकित्सा की अनिवार्यता पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम की पहली श्रृंखला में डॉ. सुनील कुमार द्वारा मायोकार्डियल इंफार्क्शन (हार्ट अटैक) पर जन-जागरूकता व्याख्यान दिया गया। उन्होंने हृदयाघात की प्रारंभिक पहचान और त्वरित इलाज के महत्व को विस्तार से समझाया। इसके बाद डॉ. दीपक कुमार ने हीट स्ट्रोकः रोकथाम और प्रबंधन विषय पर प्रस्तुति दी, जो वर्तमान लू के हालात को देखते हुए बेहद प्रासंगिक रही। इस अवसर पर एक अनोखी पहल के रूप में आपातकालीन चिकित्सा विभाग के चिकित्सकों के लिए शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में सीनियर रेजिडेंट डॉ. विनय कुमार सिंह विजेता बने। कार्यक्रम में विभाग के पहले बैच के पीजी छात्रों, जो इस वर्ष अंतिम परीक्षा देंगे, ने आपातकालीन चिकित्सा क्षेत्र में अपने अनुभव साझा किए। इन अनुभवों ने श्रोताओं को चिकित्सा क्षेत्र के सबसे चुनौतीपूर्ण और संवेदनशील पहलुओं से रूबरू कराया। कार्यक्रम का समापन केक काटने की रस्म के साथ हुआ, जिसमें प्रो. (डॉ.) अनुप कुमार, चिकित्सा अधीक्षक एवं प्रो. (डॉ.) रुचि सिन्हा, डीन (शैक्षणिक) ने संकाय सदस्यों और रेजिडेंट्स के साथ सहभागिता की। कार्यकारी निदेशक प्रो. सौरभ ने विभागाध्यक्ष डॉ. दिवेन्दु भूषण और उनकी टीम को बधाई देते हुए गोल्डन ऑवर्स की महत्ता पर बल दिया, जो समय रहते इलाज द्वारा अनगिनत जिंदगियों को बचाने में सहायक होते हैं। उप निदेशक (प्रशासन) ने भी कार्यक्रम में भाग लिया और आपातकालीन चिकित्सा में शोध को प्राथमिकता देने की आवश्यकता पर ज़ोर दिया।

# ओपन डबल डेकर बस से मरीन ड्राइव का आनंद लेंगे पटनावासी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार सरकार पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए मुंबई की तर्ज पर अब राजधानी पटना में भी ओपन डबल डेकर बस चलवाने की तैयारी में है। इससे पर्यटक गंगा नदी के किनारे खुले आसमान के नीचे मरीन ड्राइव का आनंद ले सकेंगे। यह बस दीघा रोटरी गोलंबर से कंगन घाट तक चलेगी। इस दो मंजिला बस की सबसे खास बात है इसकी खुली छत, जहां बैठकर पर्यटक गंगा के मनोहारी दृश्यों का आनंद उठा सकेंगे। खासकर शाम के समय जब गंगा किनारे सूर्यास्त का नज़ारा होता है तो यह सफर और भी रोमांचक बन जाएगा। प्रति व्यक्ति किराया केवल 100 रखा गया है, जो हर वर्ग के पर्यटक को यह अनुभव सुलभ बनाता है। बस में कुल 40 सीटें होंगी, जिसमें 20 नीचे और 20 ऊपर की ओर। आधुनिक डिजाइन की गई इस बस को विशेष रूप से आराम, सुविधा और सुरक्षा को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है। पर्यटकों की सुविधा के लिए बस में एयर कंडीशनिंग, आरामदायक सीटें, फ्रिज, माइक्रोवेव, बाथरूम और आपातकालीन स्थिति में काम आने वाला पैनिक बटन भी लगाया गया है। बस की टेस्टिंग प्रक्रिया पूरी कर ली गई है और अब परिवहन विभाग से मंजूरी मिलने के बाद जल्द ही इसे सड़कों पर उतार दिया जाएगा। पटना से बाहर घूमने जाने वाले पर्यटकों के लिए बिहार पर्यटन विभाग ने एक और खास सेवा शुरू की है, 'कारवां' नामक लक्जरी 7 सीटर गाड़ी। यह गाड़ी पूरी तरह से हाई-टेक सुविधाओं से लैस है, जिसमें एयर कंडीशनर, वाई-फाई, माइक्रोवेव, फ्रिज, बाथरूम, दो टीवी स्क्रीन और बटन से बेड में बदल जाने वाला रिक्लाइनर सोफा शामिल हैं। यात्रियों की सुविधा के लिए इसमें 20 मीटर लंबा पावर केबल, दो इमरजेंसी बटन, और ड्राइवर से संवाद के लिए फोल्डेबल शीशा भी दिया गया है। यह सेवा न सिर्फ बिहार, बल्कि आसपास के राज्यों के लिए भी उपलब्ध होगी। विदेश यात्रा के लिए विशेष परमिट की व्यवस्था भी की गई है। 'कारवां' सेवा को न्यूनतम 250 किलोमीटर के लिए बुक किया जा सकता है, जिसका किराया 35 प्रति किलोमीटर तय किया गया है। इच्छुक पर्यटक बिहार पर्यटन कार्यालय में जाकर इसकी ऑफलाइन बुकिंग कर सकते हैं।

# उर्वरक की आपूर्ति में कोई कोताही न हो, सीमावर्ती इलाकों में हो सघन छापेमारी : डीएम

## जिला कृषि टास्क फोर्स की बैठक में डीएम सौरभ जोरवाल ने दिए सख्त निर्देश

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मोतिहारी।** पूर्वी चंपारण जिलाधिकारी सौरभ जोरवाल ने सोमवार को जिला कृषि टास्क फोर्स की समीक्षा बैठक में कृषि पदाधिकारियों को किसानों के हित में कई निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि किसानों को समय पर उर्वरक की उपलब्धता हर हाल में सुनिश्चित होनी चाहिए। साथ ही सीमावर्ती इलाकों में उर्वरक की कालाबाजारी रोकने के लिए लगातार छापेमारी अभियान चलाने के निर्देश दिए।



जिलाधिकारी ने यह भी कहा कि छापेमारी दल सक्रिय रहे और किसी भी स्तर पर लापरवाही न बरती जाए। बैठक में नगर आयुक्त सौरभ सुमन यादव सहित कृषि विभाग के अन्य वरीय अधिकारी मौजूद थे।

**अब तक 39 प्रतिष्ठानों पर छापेमारी, 12 पर कार्रवाई**

जिला कृषि पदाधिकारी मनीष कुमार सिंह ने जानकारी दी कि खरीफ 2025 के लिए बीज वितरण जारी है और जिले में उर्वरकों की पर्याप्त उपलब्धता है। उन्होंने बताया कि अब तक 39 उर्वरक प्रतिष्ठानों पर छापेमारी की गई है, जिनमें 12 प्रतिष्ठानों में अनियमितता पाई गई।

इनमें से 2 प्रतिष्ठानों के विरुद्ध प्राथमिकी, 2 की अनुज्ञप्तियां रद्द, 4 की अनुज्ञप्तियां निलंबित तथा 4 प्रतिष्ठानों से स्पष्टीकरण मांगा गया है। यह कार्रवाई किसानों को सही समय पर और उचित मूल्य पर उर्वरक उपलब्ध कराने के उद्देश्य से की जा रही है।

**प्राकृतिक खेती व वर्मी पीट निर्माण पर जोर**

जिला कृषि पदाधिकारी ने बताया कि जिले में प्राकृतिक खेती का लक्ष्य प्राप्त कर लिया गया है। वर्मी पीट निर्माण के लिए लक्ष्य प्राप्त हो चुका है और ऑनलाइन पोर्टल खुलने के उपरांत क्लस्टर आधारित निर्माण कार्य शुरू होगा। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत लंबित ई-केवाईसी और एनपीसीआई प्रक्रिया को पूर्ण किया जा रहा है, जिसे समयबद्ध तरीके से निष्पादित करने का निर्देश डीएम ने दिया।

**मिट्टी परीक्षण व उद्यान योजनाओं में तेजी लाने का निर्देश**

सहायक निदेशक (रसायन) कुणाल कुमार राय ने बताया कि मिट्टी नमूना लक्ष्य 15,169 के विरुद्ध अब तक 7,565 ऑनलाइन नमूने एकत्र किए जा चुके हैं। डीएम ने निर्देश दिया कि शेष लक्ष्य को शीघ्र पूरा किया जाए। सहायक निदेशक (उद्यान) विकास कुमार ने जानकारी दी कि अंजीर, अदरक, ओल, हल्दी, केला और नारियल की खेती के लिए लक्ष्यों की प्राप्ति हो चुकी है, और अब किसानों से ऑनलाइन आवेदन लेने की प्रक्रिया प्रारंभ की जा रही है।

बैठक में जिला कृषि पदाधिकारी मनीष कुमार सिंह, सहायक निदेशक (रसायन) कुणाल कुमार राय, सहायक निदेशक (उद्यान) विकास कुमार, सहायक निदेशक (बीज विश्लेषण) संतन कुमार, सहायक निदेशक (कृषि अभियांत्रण) सुरेंद्र कुमार भारती, सभी अनुमंडल कृषि पदाधिकारी एवं अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# जागरूकता फैलाकर पंचायत स्तर पर बनाया जा रहा आयुष्मान कार्ड : डीडीसी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**मोतिहारी।** सरकार के द्वारा चलाई जा रही आयुष्मान भारत योजना के तहत सभी बीपीएल परिवारों के बीच जागरुकता फैलाकर पंचायत स्तर पर आयुष्मान कार्ड बनाया जा रहा हैं, जिससे उक्त सभी परिवारों को पांच लाख तक के स्वास्थ्य बीमा का लाभ मिलेगा, जिससे वे मुफ्त में इलाज करवा सकते हैं। इसके लिए आशा कार्यकर्ता, जीविका दीदी सहित सभी नगर निकयों के वार्ड, मुखिया एवं जनप्रतिनिधियों के द्वारा जागरुकता फैलाई जा रही हैं। इसके लिए पंचायत से लेकर प्रखंड एवं सीएससी सेंटर पर बनाया जा रहा हैं। उक्त जानकारी देते हुए नवपदस्थापित उप विकास आयुक्त डॉक्टर प्रदीप कुमार ने बताया कि जो भी राशन कार्ड धारी है या बीपीएल परिवार से संबंधित लोग हैं। सभी का इस योजना के तहत बनाया जा रहा हैं। बताया कि इसके साथ ही 70 वर्ष से ऊपर के वंचित लोगों का आयुष्मान कार्ड बनाया जाएगा। भारत सरकार की एक प्रमुख स्वास्थ्य बीमा पॉलिसी है जो प्रत्येक कार्ड धारकों के परिवारों को 5 लाख तक का बीमा कराएगा, जिससे वे इससे संबंधित अस्पताल में अपना इलाज करा सकेंगेद्य इस योजना के तहत आयुष्मान कार्ड बनाए जाते हैं और फिर कार्डधारक इसी आयुष्मान कार्ड से अपना मुफ्त इलाज करवा सकता है जिसका खर्च सरकार उठाती है। यहां बता दे कि पात्र पाए जाने के बाद दस्तावेज वेरिफाई होते हैं और सबकुछ सही पाए जाने पर आवेदन कर दिया जाता है फिर कुछ समय में आपका आयुष्मान कार्ड बन जाता है जिसे अधिकारी आपको डाउनलोड करके दे देता है।

# जिलाधिकारी ने महादलित टोला और विद्यालय का किया निरीक्षण

## 142 टोलों में डॉ. अंबेडकर समग्र सेवा अभियान के तहत लगे शिविर, 12,497 परिवारों को मिला लाभ

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**मुज़फ्फरपुर।** जिलाधिकारी सुब्रत कुमार सेन ने बुधवार को मड़वन प्रखंड के करजाअनंत महादलित टोला और मुसहरी प्रखंड अंतर्गत कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय, पताही का दौरा किया। उन्होंने समाज के सबसे कमजोर तबके तक सरकारी योजनाओं और सेवाओं का लाभ पारदर्शिता, इमानदारी और जवाबदेही के साथ पहुंचाने की प्रतिबद्धता दोहराई।

**बालिकाओं को मिला स्वास्थ्य, स्वच्छता व पोषण का संदेश**

विश्व माहवारी स्वच्छता दिवस के अवसर पर आयोजित जागरूकता कार्यक्रम में जिलाधिकारी ने दीप प्रज्वलन कर समारोह का शुभारंभ किया। उन्होंने बालिकाओं से स्वच्छता, हेल्थ और न्यूट्रिशन पर ध्यान देने का आग्रह किया। समाज में माहवारी से जुड़ी भ्रांतियों को दूर करने का आह्वान करते हुए उन्होंने बच्चियों को किसी भी परेशानी की स्थिति में डॉक्टर से सलाह लेने की सलाह दी। इस अवसर पर छात्राओं के बीच स्वच्छता कीट का वितरण भी किया गया। उप विकास आयुक्त, सिविल सर्जन और जिला शिक्षा पदाधिकारी सहित अन्य अधिकारियों ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया और माहवारी को शरीर की स्वाभाविक प्रक्रिया बताते हुए इसके प्रति जागरूक होने की जरूरत पर बल दिया।

जिलाधिकारी ने विद्यालय परिसर, शौचालय, कंप्यूटर कक्ष और रसोईघर का निरीक्षण कर साफ-सफाई की स्थिति जानी और भोजन की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि जिले के सभी 14 कस्तूरबा विद्यालयों में दो मंजिला भवन का निर्माण होगा, जिसमें एक तल पर गतिविधियों के लिए हॉल और दूसरे तल पर पुस्तकालय व कंप्यूटर कक्ष की व्यवस्था होगी।

**महादलित टोलों में समग्र सेवा अभियान**

निरीक्षण के पूर्व जिलाधिकारी ने मड़वन प्रखंड के गवासरा पंचायत अंतर्गत करजाअनंत महादलित टोला में डॉ. अंबेडकर समग्र सेवा अभियान के तहत आयोजित शिविर में भाग लिया। शिविर में लाभुकों के बीच जॉब कार्ड, राशन कार्ड, श्रम कार्ड, आयुष्मान कार्ड, जन्म प्रमाण पत्र, वासगीत पर्चा और चश्मा का वितरण किया गया। उन्होंने अधिकारियों को टोले का भ्रमण कर सुनिश्चित करने का निर्देश दिया कि कोई भी पात्र परिवार योजना से वंचित न रहे। साथ ही, आंगनबाड़ी केंद्र, सामुदायिक भवन और संपर्क पथ निर्माण की प्रक्रिया तेज करने के निर्देश भी दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि इस अभियान का उद्देश्य हर टोले, हर परिवार और हर सेवा तक सरकार की योजनाएं पहुंचाना है।

# राजस्व कार्यों में पूर्वी चंपारण को मिली बड़ी उपलब्धि, राज्य में तीसरा स्थान

## जिलाधिकारी के कुशल नेतृत्व और सतत समीक्षा से जिले ने लगाई लंबी छलांग

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मोतिहारी।** बिहार राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, पटना द्वारा जारी अप्रैल माह की ताजा रैंकिंग में पूर्वी चंपारण जिले ने राज्यभर में तीसरा स्थान हासिल कर एक नई उपलब्धि दर्ज की है। पहले यह जिला 22वें स्थान पर था, लेकिन अब 56 अंकों के साथ यह तीसरे पायदान पर पहुंच गया है। अपर समाहर्ता मुकेश कुमार सिंहा ने जानकारी देते हुए बताया कि यह सफलता जिलाधिकारी सौरभ जोरवाल की सतत निगरानी, क्षेत्रीय पदाधिकारियों के साथ दैनिक वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग समीक्षा और लगातार कार्य निष्पादन की वजह से संभव हो सकी है।



अपर समाहर्ता मुकेश कुमार सिन्हा

**राजस्व कार्यों में उल्लेखनीय प्रगति**

पूर्वी चंपारण ने म्यूटेशन, परिमार्जन, अभियान बसेरा, जमाबंदी अपडेट, आधार सीडिंग और मापी कार्यों में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। म्यूटेशन के तहत प्राप्त 99,643 आवेदनों में से 95,937 का निपटारा किया गया। परिमार्जन प्लस के तहत 74,852 में से 68,561 मामलों का निष्पादन हुआ। अभियान बसेरा के तहत मिले 1,913 आवेदनों में से 639 को निपटाते हुए वास भूमि उपलब्ध कराई गई। इस अभियान के अंतर्गत महादलित, अनुसूचित जाति, जनजाति, पिछड़ा व अति पिछड़ा वर्ग के भूमिहीन परिवारों को जमीन दी जाती है। आधार सीडिंग में अब तक 11,88,752 जमाबंदियों को आधार से जोड़ा जा चुका है।

**रैंकिंग में टॉप पर ये जिले**

बांका जिला 100 में 65 अंक पाकर प्रथम स्थान पर है, जबकि शेखपुरा को 64 अंक के साथ दूसरा स्थान मिला है। पूर्वी चंपारण को 56 अंक प्राप्त हुए हैं। अपर समाहर्ता ने यह भी जानकारी दी कि डीसीएलआर चकिया को हाल ही में बिहार में सर्वश्रेष्ठ डीसीएलआर के रूप में स्थान मिला है, जो जिले के लिए गर्व की बात है। इस शानदार प्रदर्शन पर अपर समाहर्ता ने जिले के सभी राजस्व कर्मियों और पदाधिकारियों को बधाई दी और इसी ऊर्जा व कार्यसंस्कार को बनाए रखने का आह्वान किया। यह उपलब्धि पूर्वी चंपारणे के लिए न केवल प्रशासनिक क्षमता का परिचायक है, बल्कि जनता के प्रति जवाबदेही और समर्पण का प्रतीक भी बन गई है।

# बगैर लाइसेंस क्लिनिक एवं दवा दुकान जब्त

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**मोतिहारी।** जिलाधिकारी के आदेशानुसार जांच टीम ने बिना लाइसेंस क्लिनिक एवं दवा दुकान को जब्त कर संदिग्ध दवा की गुणवता जांच हेतु नमूना लिया। जिला पदाधिकारी कार्यालय द्वारा अग्रसारित शिकायत पत्र की जाँच करने हेतु सिविल सर्जन एवं सहायक औषधि नियंत्रक,पूर्वी चम्पारण के निर्देश पर प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी सह कल्याण पदा., अरेराज सत्यवीर सुमन,स्थानीय थाना एवं अन्य औषधि निरीक्षकों के सहयोग से मदरसा वाली गली, हरसिद्धी स्थित डा. एमएल चौरसिया उर्फ मुनि लाल चौरसिया, आयुर्वेदिक चिकित्सक द्वारा मो0 उमर फारुख के मकान में भारे पर बिना लाइसेंस क्लिनिक एवं दवा दुकान आशीर्वाद हेल्थकेयर क्लिनिक की जांच की गई। जांच क्रम में संचालक डा. चौरसिया अनुपस्थित पाए गए। क्लिनिक में डाक्टर का पैड पाया गया जिसपर अंकित डा. मोबाइल न. पर बात करने पर उनके द्वारा बताया गया कि उनके पास दवा लाइसेंस नहीं है। तत्पश्चात क्लिनिक सह दवा दुकान की सभी दवाएं नियमानुसार जब्त की गई तथा कुछ नशीली दवा ( नारकोटिक्स दवा) एवं फ्रीज में रखी जाने वाली दवा फ्रीज से बाहर पाया गया जिसे जब्त किया गया। दो संदिग्ध दवा की गुणवता जांच हेतु नमूना लिया गया। छापेमारी दल में औषधि निरीक्षक सुशील कुमार, दयानंद प्रसाद, सागर मल सोनी, मो. रईश आलम एवं राकेश सिंह द्वारा शामिल थे।



# मुखिया पति की गिरफ्तारी पर भड़के ग्रामीण, पुलिस पर हमला, पांच जवान घायल, आठ गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**कल्याणपुर (पूर्वी चम्पारण)।** थाना क्षेत्र के सिसवा खरार पंचायत में मंगलवार की रात उस वक्त अफरातफरी मच गई जब मुखिया पति विजय कुमार साह को गिरफ्तार करने गई पुलिस टीम पर ग्रामीणों ने हमला कर दिया। इस हिंसक घटना में थानाध्यक्ष समेत पांच पुलिसकर्मी घायल हो गए और पुलिस वाहन क्षतिग्रस्त हो गया। बाद में दबाव बढ़ने पर मुखिया पति ने एसपी स्वर्ण प्रभात के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया। जानकारी के अनुसार, कल्याणपुर पुलिस की टीम ने गोपलगंज न्यायालय से निर्गत वारंट संख्या 1670/25 के तहत मुखिया पति विजय साह को गिरफ्तार किया था। गिरफ्तारी के दौरान उन्होंने जोर-जोर से चिल्लाना शुरू किया, जिसके बाद करीब 70-80 ग्रामीण, जिनमें महिलाएं और पुरुष शामिल थे, हथियारों (लोहे की रॉड, फरसा, दबिया आदि) से लैस होकर एकत्र हो गए और पुलिस टीम पर हमला कर दिया।

हिंसा इतनी बढ़ गई कि थानाध्यक्ष जितेंद्र कुमार, रामकुमार पासवान, संदीप कुमार, विकास कुमार और राकेश कुमार सिंह घायल हो गए। साथ ही, पुलिस वाहन के सामने, पीछे और साइड के शीशे तोड़ दिए गए और ईंट-पत्थर तथा धारदार हथियारों से हमला किया गया।

**मुखिया, मुखिया पति समेत आठ गिरफ्तार, छापेमारी जारी**

घटना के तुरंत बाद पुलिस ने मुखिया नेहा प्रकाश सहित आठ लोगों को गिरफ्तार किया है। इनमें से चार आरोपियों को जेल भेजा जा रहा है, जबकि शेष की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है। थानाध्यक्ष जितेंद्र कुमार ने बताया कि घटना में 23 नामजद और 50-60 अज्ञात लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया गया है।

**ग्रामीणों की ओर से दो वर्षों में तीसरी बार पुलिस पर हमला**

उल्लेखनीय है कि पिछले दो वर्षों में यह तीसरी बार है जब पुलिस को गांव में छापेमारी के दौरान ग्रामीणों के हिंसक विरोध का सामना करना पड़ा है। 21 सितंबर 2023 को भी चोरी के एक ट्रैक्टर की बरामदगी के दौरान उचका गांव में पुलिस पर ग्रामीणों ने विरोध किया था। विगत वर्ष भी जयचंद साह की गिरफ्तारी के दौरान पुलिस को इसी तरह की स्थिति से गुजरना पड़ा था।

एसपी स्वर्ण प्रभात ने बताया कि कानून हाथ में लेने वालों को बख्शा नहीं जाएगा।

## निलंबन अवधि के दौरान कार्यरत शिक्षिका ने यूपी से बनाई हाजरी

**पीपराकोठी (पूर्वी चम्पारण)/नबिटा ब्यूरो।** कोटवा के एक स्कूल की शिक्षिका निलंबन अवधि के दौरान कार्यरत कार्यालय बीआरसी पीपराकोठी से फरार रहने का आरोप लगाया गया है। ई शिक्षा कोष पर मार्क ऑन ड्यूटी का आंकड़ा निकाला गया तो वह उसके घर यूपी का लोकेशन बताया। इस मामले को लेकर कोटवा के सत्यम कुमार ने प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी को आवेदन देकर जांच की मांग की है। बताया गया है कि उत्क्रमित मध्य विद्यालय की विद्यालय अध्यापिका बबिता यादव को स्कूल के हेडमास्टर के साथ विवाद को लेकर विभाग ने 22 फरवरी को निलंबित कर दिया। और निलंबन अवधि में बीआरसी पीपराकोठी शिक्षिका का मुख्यालय बनाया गया। परंतु उनके वहां से गायब हो कर घर यूपी से ई शिक्षा कोष पर हाजरी बनाने का आरोप लगाया गया है।

# गन्ना मंत्री के अमर्यादित भाषा विवाद ने पकड़ा तूल, भाजपा से टिकट काटने की मांग तेज

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मोतिहारी।** पूर्वी चंपारण के हरसिद्धि विधानसभा क्षेत्र से विधायक और राज्य के गन्ना उद्योग मंत्री कृष्णनंदन पासवान के अभद्र और अमर्यादित भाषा प्रयोग को लेकर सियासी घमासान तेज हो गया है। मंत्री द्वारा एक स्थानीय युवक से अशोभनीय भाषा में बात करने का ऑडियो और वीडियो वायरल होने के बाद विरोध की लहर उमड़ पड़ी है। इस पूरे मामले को लेकर शनिवार को मोतिहारी शहर स्थित भूमिहार ब्राह्मण छात्रावास में ब्रह्मर्षि समाज सहित विभिन्न सामाजिक संगठनों की एक विशेष बैठक आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता गोईठहां निवासी ओमप्रकाश मिश्रा ने की और संचालन वरिष्ठ अधिवक्ता आलोक चंद्रा ने किया।



**मंत्री की कार्यशैली पर उठे सवाल, सर्वसम्मत से निंदा प्रस्ताव पारित**

बैठक में वक्ताओं ने मंत्री पासवान की भाषा और व्यवहार को न केवल दुर्भाग्यपूर्ण बताया बल्कि कहा कि इससे उनके पद की गरिमा और चंपारण की ऐतिहासिक प्रतिष्ठा को ठेस पहुंची है। सभी वक्ताओं ने एक स्वर में मंत्री की आलोचना करते हुए कहा कि उनके इस व्यवहार से भाजपा की छवि को भी नुकसान पहुंच रहा है।

बैठक में सर्वसम्मति से एक निंदा प्रस्ताव पारित किया गया और भाजपा नेतृत्व से मांग की गई कि मंत्री को आगामी विधानसभा चुनाव में टिकट न दिया जाए। वक्ताओं ने कहा कि चंपारण की क्रांतिकारी भूमि की मर्यादा बनाए रखने के लिए ऐसे व्यक्तियों को राजनीति से अलग किया जाना चाहिए।

**फोन पर की गई गाली-गलौज बनी विवाद की जड़**

गौरतलब है कि बीते गुरुवार को हरसिद्धि विधानसभा अंतर्गत मथुरापुर पंचायत के वार्ड संख्या 10 निवासी राजेश कुमार सिंह ने पंचायत भवन निर्माण को लेकर मंत्री को फोन किया था। इस दौरान मंत्री ने राजेश और अन्य ग्रामीणों के साथ अभद्र भाषा का प्रयोग किया, जिसका ऑडियो-वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया।

इस घटना से आहत समाज के लोगों में गहरी नाराजगी देखी जा रही है। लोगों का कहना है कि मंत्री की यह भाषा शैली न केवल अशोभनीय है, बल्कि इससे जनप्रतिनिधि की गरिमा भी धूमिल हुई है। बैठक में यह निर्णय लिया गया कि पारित निंदा प्रस्ताव को स्थानीय सांसद और पूर्व केंद्रीय मंत्री राधामोहन सिंह सहित भाजपा के प्रदेश एवं केंद्रीय नेतृत्व को भेजा जाएगा, ताकि मंत्री को टिकट से वंचित किया जा सके। बैठक में संयोजक राय सुंदर देव शर्मा, विनोद सिंह, प्रो. अखिलेश सिंह, महातम सिंह, ऋषि सिंह, संजीव कुमार सिंह, मनोज राम, भिखू पासवान, बिनोद गुप्ता, लालाबाबू सिंह, देवेश कुमार, पीड़ित राजेश सिंह, चंद्र किशोर सिंह, टुन्नी सिंह, पप्पू सिंह, अंकित कुमार, नीरज शर्मा, आनंद सिंह सहित भारी संख्या में लोग उपस्थित थे। धन्यवाद ज्ञापन राकेश मिश्रा ने किया।

# नव निर्मित मंदिर में मां सरस्वती की प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**चिरैया (पूर्वी चम्पारण)।** प्रखंड के महादेव साह उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, चिरैया कोठी परिसर स्थित नव निर्मित मंदिर में बुधवार को मां सरस्वती की प्रतिमा की भव्य प्राण प्रतिष्ठा विधिवत रूप से संपन्न हुई। समारोह में वैदिक मंत्रोच्चार के साथ मां सरस्वती की पूजा-अर्चना की गई और वातावरण भक्तिमय हो उठा। कार्यक्रम में मुख्य यजमान के रूप में शिक्षक रवि कुमार रवि और उनकी धर्मपत्नी किशोरी कुमारी उपस्थित रहे। यज्ञाचार्य अनिल शास्त्री, सहायक उपाचार्य विशाल शास्त्री एवं विवेक शास्त्री की अगुवाई में वैदिक रीति से पूजा-अनुष्ठान सम्पन्न कराया गया। प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर शंखनाद और घंटा ध्वनि से मंदिर परिसर गुंजायमान हो गया। श्रद्धालु भावविभोर होकर मां सरस्वती की आराधना में लीन दिखे। इससे पूर्व मंगलवार को मंदिर परिसर से भव्य कलश शोभा यात्रा निकाली गई थी, जिसमें श्रद्धालुओं के साथ बड़ी संख्या में ग्रामीणों और विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कलश यात्रा ने पूरे क्षेत्र में धार्मिक उत्सव का वातावरण बना दिया। मां सरस्वती की प्रतिमा स्थापित होने से विद्यालय के छात्र-छात्राओं और आसपास के ग्रामीणों में उल्लास का माहौल देखा गया। सभी ने इसे शिक्षा और संस्कार के क्षेत्र में एक सकारात्मक पहल बताया। मौके पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक प्यारे सतीश कुमार सिंह, शिक्षक कृष्ण कुमार, अमोद कुमार सिंह, अरविंद कुमार पंडित, अशोक कुमार पंडित, चितरंजन कुमार, दिनेश कुमार, अनमोल कुमार सहित सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं और बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।



# डिप्लोमा सर्टिफिकेट प्रवेश परीक्षा 2025: स्वच्छ और कदाचार मुक्त आयोजन के लिए कड़े इंतजाम

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मोतिहारी।** बिहार संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा परिषद, पटना के निर्देशानुसार, पूर्वी चंपारण में डिप्लोमा सर्टिफिकेट प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा 2025 का आयोजन 31 मई और 1 जून को होगा। जिला समाहरणालय के डॉ. राजेंद्र प्रसाद सभागार में मंगलवार को अपर समाहर्ता मुकेश कुमार सिंहा की अध्यक्षता में आयोजित संयुक्त ब्रीफिंग में यह जानकारी दी गई। अपर समाहर्ता ने बताया कि परीक्षा के लिए जिले में 14 केंद्र बनाए गए हैं, जहां 31 मई को 4,300 और 1 जून को 4,626 परीक्षार्थी शामिल होंगे। दोनों दिन परीक्षा एक पाली में सुबह 11:00 बजे से दोपहर 1:15 बजे तक होगी। परीक्षा को स्वच्छ, निष्पक्ष और कदाचार मुक्त बनाने के लिए व्यापक इंतजाम किए गए हैं। सभी केंद्रों पर स्टैटिक मजिस्ट्रेट, पुलिस पदाधिकारी, पुरुष और महिला पुलिस बल तैनात किए जाएंगे। इसके अलावा, जैमर लगाए जाएंगे और परीक्षार्थियों की बायोमेट्रिक जांच होगी।

परीक्षार्थियों की कड़ाई से तलाशी (फ्रिस्किंग) के निर्देश दिए गए हैं। सुबह 8:00 बजे से केंद्र में प्रवेश शुरू होगा, और 10:30 बजे तक सभी परीक्षार्थियों को प्रवेश कर लेना होगा। 10:45 बजे के बाद किसी भी स्थिति में प्रवेश की अनुमति नहीं होगी। परीक्षार्थियों को केवल चप्पल पहनकर केंद्र में प्रवेश करने की अनुमति होगी; जूते और मोजे वर्जित हैं। स्मार्टफोन, घड़ी या अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरण ले जाना भी प्रतिबंधित है। अपर समाहर्ता ने सभी केंद्र अधीक्षकों को बिहार संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा परिषद के दिशा-निर्देशों के अनुसार सीट प्लान तैयार करने और इसे केंद्र के प्रवेश द्वार व अन्य स्थानों पर प्रदर्शित करने का निर्देश दिया, ताकि परीक्षार्थियों को अपने स्थान खोजने में परेशानी न हो।

सदर अनुमंडल पदाधिकारी को परीक्षा केंद्रों के 200 मीटर की परिधि में निषेधाज्ञा लागू करने का निर्देश दिया गया है, जो परीक्षा के दिन प्रभावी रहेगी।

# नेपाल से शराब ला रहा तस्कर गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**आदापुर (पूर्वी चंपारण)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के बेलदरवा चौक पर आदापुर पुलिस ने एक शराब तस्कर को गिरफ्तार कर 40 बोतल विदेशी शराब 'कस्तुरी' जब्त की है। यह कार्रवाई थाना प्रभारी धर्मवीर कुमार चौधरी के नेतृत्व में की गई। गिरफ्तार आरोपी की पहचान श्यामपुर बाजार के पासी टोला निवासी जामुन चौधरी के पुत्र के रूप में की गई है। थाना प्रभारी ने जानकारी दी कि युवक नेपाल से शराब की खेप लेकर आदापुर क्षेत्र में प्रवेश कर रहा था, तभी पुलिस टीम ने उसे संदिग्ध अवस्था में देख घेराबंदी कर बेलदरवा चौक से दबोच लिया।

# प्रशांत किशोर 31 मई को पूर्वी चंपारण में करेंगे जनसभाएं

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**मोतिहारी।** जन सुराज के संस्थापक प्रशांत किशोर 31 मई को पूर्वी चंपारण जिले के मटियरिया (हरसिद्धि विधानसभा) और पताही (चिरैया विधानसभा) में विशाल जनसभाओं को संबोधित करेंगे। बिहार बदलाव यात्रा के तहत सड़क मार्ग से इन सभाओं में पहुंचकर वह कांग्रेस, राजद और वर्तमान नीतीश कुमार के नेतृत्व वाली एनडीए सरकार की विफलताओं को उजागर करेंगे। जन सुराज के प्रदेश प्रवक्ता संजय कुमार ठाकुर ने मंगलवार को यह जानकारी दी।

ठाकुर ने बताया कि बिहार की विभिन्न सरकारों की गलत नीतियों ने राज्य को विकास के मामले में रसातल में पहुंचा दिया है। शिक्षा और रोजगार के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाए गए, जिससे बेरोजगारी और पलायन बिहार की नियति बन गया है। उन्होंने बताया कि हाल के जातिगत सर्वे में सामने आया कि 34 प्रतिशत आबादी गरीबी रेखा से नीचे है, 50 लाख से अधिक दलित परिवार भूमिहीन हैं, और केवल 5 प्रतिशत दलित और 7 प्रतिशत अति पिछड़े लोग ही 12वीं कक्षा पास कर पाए हैं। सर्वे में यह भी पता चला कि 3 करोड़ से अधिक बिहारी रोजगार के लिए अन्य राज्यों में पलायन कर चुके हैं। उन्होंने नीतीश सरकार पर वादाखिलाफी का आरोप लगाया। ठाकुर के अनुसार, नीतीश कुमार ने 94 लाख गरीबों को 2 लाख रुपये की प्रोत्साहन राशि देने की घोषणा की थी, लेकिन यह राशि किसी को नहीं दी गई साथ ही, 50 लाख भूमिहीन दलित परिवारों को 3 डिसमिल जमीन देने का वादा भी अधूरा रहा। 2.34 लाख दलितों को जमीन आवंटित हुई, लेकिन 1.20 लाख परिवार अब भी कब्जे के लिए प्रशासन के चक्कर काट रहे हैं। जमीन सर्वे का कार्यक्रम भी भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गया है, जिससे किसान और भूस्वामी शोषण का शिकार हो रहे हैं। प्रशांत किशोर इन मुद्दों को लेकर बिहार बदलाव यात्रा के तहत प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में जनसभाएं कर रहे हैं और सरकार के खिलाफ हस्ताक्षर अभियान चला रहे हैं। जुलाई में एक करोड़ हस्ताक्षर राज्यपाल को सौंपे जाएंगे। ठाकुर ने बताया कि पूर्वी चंपारण की जनसभाओं की तैयारियां पूरी हो चुकी हैं, और बड़ी संख्या में लोग इन सभाओं में शामिल होंगे। उन्होंने जन सुराज के कार्यकर्ताओं से अधिक से अधिक लोगों को साथ लाकर इन सभाओं को सफल बनाने की अपील की।

# दो बाइकों की टक्कर में युवक की मौत, दो गंभीर रूप से घायल

## तीन दिन पहले ही छुट्टियों में घर लौटा था मृतक गोलू | बाइक से सेविंग कराने तेतरिया बाजार जाने क्रम में हुआ हादसा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** जिले के नबीनगर प्रखंड के तेतरिया रोड स्थित भूसौली मोड़ पर बुधवार की सुबह तेज रफ्तार और लापरवाही ने एक होनहार युवा की जान ले ली। आमने-सामने से आ रही दो बाइकों की जोरदार टक्कर में 25 वर्षीय गोलू कुमार की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो अन्य युवक रिशु सिंह और अंशु सिंह गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। मृतक की पहचान सिमरी जैतीया गांव निवासी अरुण सिंह के बड़े पुत्र गोलू कुमार के रूप में हुई है। वह महाराष्ट्र के पुणे में एक निजी कंपनी में काम करता था और तीन दिन पहले ही छुट्टियों में घर लौटा था। बुधवार की सुबह गोलू कुमार अपनी बाइक से सेविंग कराने तेतरिया बाजार जा रहा था। उसी दौरान भूसौली मोड़ के पास सामने से आ रही तेज रफ्तार बाइक से उसकी टक्कर हो गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों बाइकों के सवार इधर-उधर सड़क किनारे गिर पड़े। आवाज सुनकर मौके पर बड़ी संख्या में लोग जुटे और आनन-फानन में तीनों घायलों को रेफरल अस्पताल नबीनगर पहुंचाया गया। अस्पताल पहुंचते ही डॉक्टरों ने गोलू कुमार को मृत घोषित कर दिया। वहीं रिशु सिंह और अंशु सिंह की स्थिति गंभीर देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल और फिर वहां से जमुहार स्थित गोपाल नारायण सिंह मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया है। घटना की सूचना मिलते ही नगर थाना के दारोगा चंदन कुमार सदर अस्पताल पहुंचे और शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम की प्रक्रिया पूरी कराई। इसके बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। मृतक गोलू अपने दो भाइयों में सबसे बड़ा था। पिता अरुण सिंह गांव में ही खेती-बाड़ी करते हैं। बेटे की अचानक मौत से परिवार में कोहराम मच गया है, वहीं गांव में भी शोक का माहौल है। परिजनों ने जिला प्रशासन से आपदा राहत कोष के तहत मुआवजे की मांग की है। नगर थानाध्यक्ष उपेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि हादसे में मृत युवक के शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया गया है और आगे की जांच की जा रही है।


सदर अस्पताल में मृतक एवं घायल के परिजन

## अज्ञात लोगों पर प्राथमिकी

**गोह (औरंगाबाद)/ नबिटा संवाददाता।** बंदेया थाना पुलिस ने लेवी मांगने के संबंध में अज्ञात लोगों पर प्राथमिकी दर्ज कर कार्रवाई में जुट गई है। मामले में बताया जाता है कि थाना क्षेत्र के चपरा गांव निवासी गया पासवान गांव के ही मत्स्य विभाग से बीट प्राप्त एक तालाब से मछली निकलवा रहे थे। 23 मई के दिन में चार अज्ञात लोग आकर लेवी की मांग किया। वहीं दो दिन बाद रात्रि के समय करीब 30-40 की संख्या में नकाबपोश कुछ लोग आए और लेवी की मांग की व जान से मारने की धमकी दी। थानाध्यक्ष सूरज कुमार ने बताया कि इस मामले में पीड़ित द्वारा अज्ञात लोगों पर कांड दर्ज किया गया है।

# केन्द्रीय मंत्री डॉ. राजभूषण ने पीएम की सभा में पहुंचने के लिए दिया निमंत्रण

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**संदेश (भोजपुर)।** विधानसभा चुनाव 2025 को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 30 मई 2025 को आगमन के मद्देनजर सासाराम विक्रमगंज में आयोजित सभा का निमंत्रण पत्र देने पहुंचे भाजपा के केंदीय जल संसाधन मंत्री डॉ राज भूषण निषाद को फूल-माला एवं अंग वस्त्र से सम्मानित किया गया। केन्द्रीय मंत्री ने अपने संबोधन में निषाद समाज के लोगों को 30 मई को विक्रमगंज में बढ़-चढ़ कर रैली में शामिल होने को कहा। उन्होंने कहा कि निषाद समाज को आगे बढ़ने के लिए भाजपा में शामिल होना चाहिए। अपने परिवार बच्चों के उज्वल भविष्य बनाने के लिए, शिक्षा पर विशेष ध्यान देना होगा। उन्होंने कहा कि पहलगाम में पाकिस्तानी आतंकवादियों के द्वारा हमारे निर्दोष भाई बहनों का धर्म पूछकर हत्या कर दी गयी थी, जिसके ठीक 15 दिन बाद ऑपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तान के नौ आतंकी कैप को ध्वस्त कर दिया गया। नौ एयर बेस को उड़ा दिया गया। 100 से ज्यादा आतंकियों को मार गिराया गया। यह कार्रवाई हमारे देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के अदम्य साहस का परिचय देती है। केंद्रीय मंत्री ने बताया कि हम अपने निषाद समाज को 30 को सासाराम बिक्रमगंज में प्रधानमंत्री के शुभ आगमन पर ज्यादा से ज्यादा लोगों को चलने के लिए निवेदन करते हैं। मौके पर संदेश के ग्रामीण जनता एवं किसान कार्यकर्ताओं के द्वारा कुछ मांग पत्र भी दिया गया। जिसमें कोईलवर रजवाहा नहर को पक्कीकरण करना, सोन तटीय इलाके में खंडोल से लेकर तिर्थकौल बांध तक सोन नदी से कटाव को रोकने के लिए कंक्रीट सीमेंट से सीढ़ीनुमा बांध का निर्माण करना आदि शामिल है। मंत्री ने सभी कार्यों को कराने का आश्वासन दिया। इस दौरान निषाद समाज के निर्भय चौधरी, विकाश निषाद, दीपक निषाद ,संजय चौधरी ,सुधीर कुमार ,महेंद्र चौधरी ,लाल मोहर चौधरी, नकुल चौधरी, ओम प्रकाश चौधरी, सुनील तिवारी, पार्टी के जिला उपाध्यक्ष ज्योति कुशवाहा, सुजीत कुमार आदि उपस्थित थे।



# त्याग व आत्मविश्वास के धनी व्यक्ति थे सुमित्रानंदन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हसपुरा (औरंगाबाद)।** त्याग व आत्मविश्वास के धनी व्यक्ति थे सुमित्रानंदन पंत। किसी भी काम में पीछे मुड़कर कभी नहीं देखा करते थे। उनकी रग-रग में दृढ़ इच्छाशक्ति भरा था। उक्त बातें ओबरा के पूर्व विधायक वीरेन्द्र कुमार सिन्हा ने दिवंगत सुमित्रानंदन पंत के दुसरी पुण्यतिथि पर चित्र पर मालार्पण व पुष्पांजलि अर्पित करने के उपरांत दाउदनगर प्रखंड के देवीविगहा गांव में कही। उन्होंने कहा वे आज हमारे बीच भले ही नहीं है लेकिन उनकी कृति को सब कोई याद कर रहा है। राष्ट्रीय लोक मोर्चा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डा रणविजय कुमार, पूर्व विधायक वीरेन्द्र कुमार सिन्हा ने कहा कि उन्होंने सामाजिकता के क्षेत्र में जो कर्म के बदौलत जगह बनाई वह लोगों को स्मरणीय याद रहेगा। दिवंगत सुमित्रानंदन पंत हसपुरा पटेल सेवा संघ के संरक्षक व जिला प्राथमिक शिक्षक संघ के वरीय उपाध्यक्ष पद पर अंतिम सांसों तक कार्य किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सीपीआई नेता राम एकबाल सिंह ने की। पुष्पांजलि अर्पित करते हुए जदयू प्रदेश महासचिव राजेन्द्र प्रसाद सिंह जार्ज ने कहा दिवंगत सुमित्रानंदन पंत बहुयामी विचार के धनी व्यक्ति थे। मौके पर सुरेंद्र प्रसाद सिंह, राजेन्द्र प्रसाद सिंह, हृदयानंद सिंह, रंजीव रंजन उर्फ नन्हका बाबू, रामाश्रय प्रसाद सिंह, महिपाल सिंह, अरूण प्रसाद सिंह, कौशलेंद्र शर्मा, राजेन्द्र सिंह, डॉ. बिपिन कुमार, रघुनाथ सिंह, सुरेश प्रसाद सिंह, गंगा दयाल सिंह, संतोष शर्मा, गुप्तेश्वर सिंह, विजय अकेला, शिवबचन सिंह, चन्द्रेश पटेल, संतोष कुमार, प्रगति कुमार, कमलेश सिंह, अरविंद कुमार सिन्हा, विजय सिंह, बेबी कुमारी, शंभू शरण सत्यार्थी कई गणमान्य लोगों ने पुष्पांजलि अर्पित कर याद किया।



# विशेष शिविर में 30 मई तक बनेगा आयुष्मान कार्ड

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गोह (औरंगाबाद)।** गोह प्रखंड के विभिन्न पंचायतों में आयुष्मान कार्ड बनाने को लेकर विशेष शिविरों का आयोजन किया गया है। यह शिविर 26 से 28 मई तक निर्धारित किया गया था। जरूरतमंदों की सुविधा हेतु 30 मई तक समय सीमा बढ़ा दी गई है। इन शिविरों में प्रत्येक पंचायत सरकार भवनों पर लोगों का ऑन- स्पॉट पंजीकरण किया जा रहा है। इन शिविरों की निगरानी बीडीओ डॉ राजेश कुमार दिनकर एवं अन्य अधिकारी कर रहे हैं। दधपी पंचायत सरकार भवन पर 200 लोगों का कार्ड बन चुका है। शिविरों का उद्देश्य जरूरतमंदों को निःशुल्क स्वास्थ्य बीमा सुविधा उपलब्ध कराना है। बीपीएल, राशन कार्डधारी तथा 70 वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों को आयुष्मान कार्ड बनवाने के लिए केवल आधार कार्ड की आवश्यकता होगी। चाहे वे पेंशनधारी हो या नहीं। शिविरों में बड़ी संख्या में लोग दस्तावेजों के साथ पहुंचकर पंजीकरण कर रहे हैं। अधिकारियों ने अपील की है कि जिन लोगों को अब तक योजना का लाभ नहीं मिला है वे अनिवार्य रूप से इस अवसर का लाभ उठाएं। प्रशासन विशेष रूप से उन वरिष्ठ नागरिकों की पहचान कर रहा है। जिन्हें अब तक आयुष्मान कार्ड जारी नहीं हो पाया है। प्रत्येक पंचायत में नियुक्त कर्मी दस्तावेजों की जांच कर मौके पर ही पंजीकरण की प्रक्रिया पूरी कर रहे हैं। जिससे लोगों को किसी प्रकार के असुविधा नहीं हो। प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि आधार कार्ड सहित आवश्यक दस्तावेज के साथ लेकर आएं। जिससे पंजीकरण प्रक्रिया में किसी प्रकार की त्रुटि उत्पन्न नहीं हो सके। इस मौके पर पंचायत सचिव देवेन्द्र कुमार, पीआरएस संतोष कुमार, आवास सहायिका रागिनी कुमारी सहित अन्य मौजूद थें।



# यज्ञ की तैयारी जोरों पर

- 4 से 8 जून तक होना है यज्ञ का आयोजन
- ग्रामीणों में खासा उत्साह

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गड़हनी (भोजपुर)।** स्थानीय प्रखंड के राम जानकी मंदिर ठाकुरबाड़ी जीर्णोद्धार को ले बालबांध में 5 दिवसीय श्री राम जानकी प्राण प्रतिष्ठात्मक यज्ञ को ले तैयारी जोरो पर हैं। यज्ञ को लेकर 4 जून से विशाल जलभरी सह शोभायात्रा निकाली जाएगी। यह यज्ञ 4 जून से 8 जून तक चलेगा। यज्ञ श्री महंत सोमेश्वर गिरी जी महाराज उर्फ अर्ध बाहु नागा बाबा की देख-रेख में तोताद्री मठाधीश्वर श्री माधवचार्य त्रिदंडी जी महाराज के सानिध्य में होगा। वहीं प्रतिदिन शाम में रामकथा व प्रवचन अलग-अलग संतों के द्वारा होगा। रामकथा पंडित राम शंकर जी महाराज उर्फ डिजिटल बाबा, श्री आदित्य जी महाराज, आचार्य सुदामा तिवारी जी महाराज सहित कई कथा वाचक आ रहे है। यज्ञ को लेकर तैयारी जोरो पर चल रहा है। यज्ञशाला बनाया जा रहा है। दूर-दराज से आए साधु संतों को रहने को लेकर कुटिया भी बनाया जा रहा है। इसके लिए समस्त ग्रामीण जनता प्रचार प्रसार व तैयारी में लगी है। बता दे कि राम जानकी मंदिर ठाकुरबाड़ी का जीर्णोद्धार होना है और मंदिर में गणेश भगवान व राम जानकी की नए मूर्ति की स्थापना भी किया जाएगा। यज्ञ को लेकर ग्रामीणों में काफी उत्साह दिखाई दे रहा है।

# अगलगी में लाखों की संपत्तियां जलकर खाक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मदनपुर (औरंगाबाद)।** मदनपुर थाना क्षेत्र के शिवगंज बाजार में स्थित एक रेडिमेड गारमेंट एवं जुता चप्पल की दुकान में देर रात विद्युत शार्ट सर्किट के कारण आग लग गई, जिससे करीब दस लाख रुपए की संपत्तियां जल कर खाक हो गई। वहीं दुकान के काउंटर में रखे नगद छह हजार रुपए भी जल कर राख हो गए। उक्त जानकारी दुकानदार पिन्टु कुमार ने दी है। उन्होंने बताया कि शाम को दुकान बंद कर घर चले गए थे। किसी ने फोन कर सूचना दिया कि दुकान का विद्युत तार जल रहा है। थोड़ी ही देर में बताया गया कि दुकान में आग लग गयी है। एक साथ पहुंचे दो दमकल वाहनों ने आग पर काबू पाया गया। लेकिन तब तक रेडिमेड गारमेंट कपड़ा, जुता चप्पल सहित अन्य सामग्रियां जल कर खाक हो गई। अंचलाधिकारी मो. अकबर हुसैन ने बताया कि अगलगी की घटना की जांच पड़ताल कर प्रावधान के मुताबिक मुआवजा दिया जाएगा। थानाध्यक्ष राजेश कुमार ने बताया कि घटनास्थल का जायजा लिया गया है।

# 26 वें दिन भी जारी रही राजस्वकर्मियों की हड़ताल

**बिहार टाइम्स ब्यूरो**

**आरा।** बिहार राज्य भूमि सुधार कर्मचारी संघ बिहार पटना के राज्य कमिटी के निर्णय के आलोक में भोजपुर जिला के राजस्व कर्मचारी बीते 7 मई से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर हैं। 26 वे दिन भी हड़ताल जारी रहा है। वक्ताओं ने कहा 17 सूत्री मांगों को लेकर उनका हड़ताल अनवरत चलता रहेगा। मुख्य मांग में 2800 ग्रेड-पे, गृह जिला स्थानांतरण, सेवा संपुष्टि, बर्खास्त कर्मियों को सेवा वापस सहित अन्य मांगों के पूर्ति होने तक आंदोलन चलेगा। आज के धरना कार्यक्रम को महासंघ गोप गुट भोजपुर के जिला अध्यक्ष रामानंद सिंह जिला सचिव उमेश कुमार सुमन ने संबोधित करते हुए कहा कि सरकार को बेरोजगार नौजवानों की चिंता नहीं है। आम जनता का परिमार्जन, जाति, एलपीसी, परिमार्जन के साथ-साथ जमीन का सर्वे के लिए जमीन का पेपर की सुधार के लिए अंचल अधिकारी के कार्यालय में जाते हैं और निराश होकर लौट आते हैं। यही स्थिति पूरे बिहार के अंचलों में है। आम जनता की सुध लेने वाला कोई नहीं है। बैठक की अध्यक्षता रवि कुमार एवं संचालन राहुल राय ने किया। कार्यक्रम में रंजीत कुमार जिलाध्यक्ष, संजय कुमार सिंह जिला सचिव, राहुल राय, प्रदेश सचिव, संजीव, संजीत, हेमू कुमार तिवारी, मो0 नौशाद, सोनू कुमार, तारकेश्वर राम, निखिल, सतीश, कमलेश समेत अन्य मौजूद थे।



# 9वीं बार राजद के प्रखंड अध्यक्ष बने सिद्धेश्वर

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**संदेश (भोजपुर)।** संदेश प्रखंड स्थित राष्ट्रीय जनता दल के कार्यालय में संदेश प्रखंड अध्यक्ष राजद का संगठनात्मक चुनाव कराया गया। अध्यक्षता पार्टी के प्रखंड निर्वाची पदाधिकारी सुभाष यादव की अध्यक्षता में सम्पन्न कराया गया। निर्वाची पदाधिकारी सुभाष यादव ने बताया कि सभी पंचायतों के पंचायत अध्यक्ष एवं कार्यकर्ताओं ने सर्वसम्मति से सिद्धेश्वर यादव को निर्विरोध अध्यक्ष पद के लिए चुना है। मौके पर संदेश प्रखंड के सभी कार्यकर्ता भाग लिए। सिद्धेश्वर यादव ने बताया कि हमें 9वीं बार संदेश के प्रखंड अध्यक्ष के रूप में मनोनीत किया गया है। उन्होंने सभी राजद कार्यकताओं को बधाई देते हुए कहा कि तेजस्वी यादव के हाथों को मजबूत कर उन्हें बिहार के मुख्यमंत्री बनाने का काम करेंगे। इस दौरान मो असलम एजाज, विनोद सिंह, अब्दुल ज्वार, नरेंद्र प्रसाद गुप्ता, शिव शंकर साव, जगदीश यादव, कामेश्वर साव, दिनेश यादव, विमल कुमार राम, संजय सिंह, नंदू कुमार चौधरी, धर्मेंद्र कुमार चौधरी व पार्टी के सभी कार्यकर्ता उपस्थित थे।



# जल-जमाव बना मुसीबत का सबब

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अंबा (औरंगाबाद)।** सरकार गांवों के सौंदर्यीकरण के पीछे करोड़ों रुपए खर्च कर रही है, लेकिन वास्तविकता यही है कि करोड़ों रुपए खर्च करने के बाद भी ग्रामीणों की मूलभूत जरूरतों को भी पूरा नहीं किया गया है। आज भी नाली और गली की दुर्दशा गांवों की प्रमुख समस्या बनी हुई है। कुटुंबा प्रखंड क्षेत्र के मटपा पंचायत अंतर्गत बहेरा गांव में नाले के पानी का सीधा सड़क पर बहाव के कारण ग्रामीणों का घर से निकलना दूभर हो गया है। वहीं वाहन चालकों और राहगीरों को आवागमन में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उक्त गांव के वार्ड सदस्य विरेंद्र कुमार ने बताया कि सालों भर सड़क पर नाली का पानी जमा रहता है। बरसात के मौसम में आसपास के घरों में भी नाले का पानी घुस जाता है। उन्होंने बताया कि दिन-ब-दिन स्थिति भयावह होती जा रही है। नाला के पानी से उठती दुर्गंध से संक्रामक बीमारियां फैलने लगी है। अगर जल्द ही दूषित पानी के निकासी की समुचित व्यवस्था नहीं की गई तो बीमारियां व्यापक रूप ले लेंगी। ग्रामीणों ने बताया कि गांव के कई दशक पुराने ठाकुरबाड़ी मंदिर में पूजा करने के लिए श्रद्धालु इसी रास्ते से आते-जाते हैं। पूजा-पाठ में पवित्रता का अपना महत्व है। रास्ते पर नाली के पानी का जमाव होने के कारण श्रद्धालुओं को काफी परेशानियां हो रही है। उन्होंने कहा कि क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों को समस्या से अवगत कराया गया है, लेकिन अभी तक उसका कोई समाधान नहीं निकल पाया। ग्रामीणों ने समस्या के त्वरित निष्पादन की मांग की है।



# डीएसपी चंदन कुमार ने किया पदभार ग्रहण



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मदनपुर (औरंगाबाद)।** मदनपुर अनुमंडल पुलिस कार्यालय में बुधवार को नव पदस्थापित डीएसपी चंदन कुमार ने पदभार ग्रहण किया। पूर्व डीएसपी अमित कुमार ने चंदन कुमार को पुष्प गुच्छ देकर अभिवादन किया। नव पदस्थापित डीएसपी चंदन कुमार ने कहा कि यहां के लोगों के साथ मिलकर निष्पक्षता से कार्य किया जाएगा। अपराध मुक्त क्षेत्र बनाने के लिए जन सहभागिता जरूरी है। बता दें कि पुलिस अनुमंडल सदर 2 बनने के बाद यहां दूसरसे एसडीपीओ के पद पर कार्य ग्रहण करनेवाले चंदन कुमार ही हैं। इस अवसर पर मदनपुर थाना अध्यक्ष राजेश कुमार, कार्यालय प्रधान सतीश कुमार, सामाजिक कार्यकर्ता संतोष कुमार गुप्ता, समाजसेवी मुरारी कुमार सोनी सहित अन्य गणमान्य लोग शामिल थे।

# मनीछपरा में हवाई फायरिंग से दहशत, तीन नामजद

**आरा (नबिटा ब्यूरो)।** भोजपुर जिले के बड़हरा थाना क्षेत्र के मनीछपरा गांव में वर्चस्व को लेकर अपराधी प्रवृति के दो पक्षों में लगभग दस राउंड हवाई फायरिंग किया गया है। फायरिंग की घटना से पूरे इलाके में दहशत का माहौल उत्पन्न हो गया है। अचानक गोलियों की तडतड़ाहट से ग्रामीणों में डर व्याप्त हो गया था। इस घटना की सूचना मिलते ही दल बल के साथ बड़हरा थानाध्यक्ष शैलेश्वर प्रसाद घटनास्थल पर पहुंचे। स्थल से सात खाली खोखा बरामद किया है। पुलिस इस घटना की जांच कर तीन लोगों पर नामजद एफआईआर दर्ज कर गिरफ्तारी में जुट गई है।


**बिहार सरकार**

**नगर विकास एवं आवास विभाग**

**कार्यपालक पदाधिकारी का कार्यालय , नगर पंचायत, नवीनगर औरंगाबाद**

अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या– 03/2025–26 (E.T)

(E-Tendering On website – eproc2.bihar.gov.in)

1. विज्ञापन दाता का नाम एवं पता :– कार्यपालक पदाधिकारी , नगर पंचायत नवीनगर
2. निविदा आमंत्रण सूचना निर्गत की तिथि :– दिनांक 26.05.2025
3. निविदा अपलोड करने की प्रारंभ तिथि/समय :– दिनांक 04.06.2025 को 02:00 बजे अपा0 से (on www.eproc2.bihar.gov.in)
4. प्री बीड मीटिंग का समय स्थान एवं तिथि :– दिनांक 05.06.2025 को 11:00 बजे पूर्वा0 स्थान – कार्यालय नगर पंचायत, के सभागार में
5. संवेदक द्वारा निविदा अपलोड करने की अन्तिम तिथि/समय :– दिनांक 12.06.2025 को 03.00 बजे अपा0 तक (on www.eproc2.bihar.gov.in)
6. तकनिकी बीड खोलने की तिथि एवं समय :– दिनांक 13.06.2025 को 11.00 बजे पूर्वा0 के बाद (on www.eproc2.bihar.gov.in)
7. वित्तिय बीड खोलने की तिथि एवं समय :– तकनीकी बीड के निष्पादन के पश्चात ।
8. **निविदा में सफल निविदाकार को आवश्यक कागजात जैसे** – सभी शपथ पत्र (मूल में) , Existing Commitment (मूल में) अग्रधन राशि के रूप में जमा बैंक गारंटी मूल प्रति/ऑनलाइन जमा प्राप्ति प्रति (मूल में) , परिमाण विपत्र का ऑनलाइन जमा प्राप्ति प्रति (मूल में) एकरारनामा के पूर्व जमा करना अनिवार्य होगा ।
9. **कार्य का विवरण :–**

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | परिमाण विपत्र की राशि (रू0 में) | अग्रधन की राशि (रू0 में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (Through online payment) | Bid Processing Fee (Through online payment) (अप्रत्यर्पणीय) (रू0 में) | कार्य समाप्ति की अवधि (इन्क्लुडिंग मौनसुन की अवधि माह में |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर पंचायत नवीनगर क्षेत्रान्तर्गत सम्राट अशोक भवन का निर्माण कार्य । | 16854742.00 | 337100.00 | 10000.00 | As Per E-Proc2 | 12 माह |

10 Note :- Bidders should submit Bid Processing fee through on-line Payment as Per Amount Generated on Website https://eproc2.bihar.gov.in/

11.. निविदा की वैधता अवधि :– 365 दिन

12. निविदा कागजात अपलोड करने से पूर्व संवेदक को " Bid Processing Fee " निम्न विधि से जमा करना होगा : (i) विस्तृत निविदा आमंत्रण सूचना विभागीय वेबसाईट www.eproc2.bihar.gov.in अथवा www.state.bihar.gov.in/prdbihar में देखा जा सकता है।

कार्यपालक पदाधिकारी
नगर पंचायत नवीनगर

PR. No. 004532 (B&C ) 2025-26

विस्तृत जानकारी www.state.bihar.gov.in/prdbihar से प्राप्त की जा सकती है।

गर्भावस्था की पहली तिमाही में माँ की एच.आई.वी. और सिफलिस की जाँच जरूर करायें।


# ट्रेलर में लगी भीषण आग, 25 बाइकें जलीं

**पटना (नबिटा ब्यूरो)।** पटना के सबलपुर में टेढ़ी पुल के पास बुधवार को एक ट्रेलर में शॉर्ट सर्किट से आग लग गई। देखते ही देखते आग फैली और वाहन के अंदर रखी टीवीएस कंपनी की 25 बाइकें जल गईं। हादसा देवकीनंदन कैंपस स्थित वेयरहाउस के पास हुआ है। मैसूर से आई ट्रेलर से बाइकें उतारते समय यह घटना हुई। ट्रेलर में कुल 89 बाइकें थीं। बताया जा रहा कि करोड़ों से ज्यादा रुपए का नुकसान हुआ है। ट्रेलर में से कुछ बाइकें उतारने के दौरान ट्रेलर के इंजन में बैटरी ब्लास्ट हुआ। इससे शॉर्ट सर्किट हुआ और आग लग गई। इस हादसे में ट्रेलर का ड्राइवर भी झुलस गया। उसे एनएमसीएच, पटना रेफर किया गया है।

# सत्संगियों ने पौधारोपण का लिया संकल्प

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** थाना क्षेत्र के गांधीनगर स्थित ब्रह्मस्थान परिसर में मंगलवार की देर शाम ज्येष्ठ महीने की अमावस्या तिथि को स्वरांजलि सेवा संस्थान द्वारा सत्संग का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ समवेत स्वर में हनुमान चालीसा के पाठ से किया गया। सभी उपस्थित सत्संगियों ने पौधारोपण का संकल्प लिया। पंचमुखी हनुमान मंदिर परिसर में भक्त छोटू पासवान, डब्लू सिंह, बिरजा यादव एवं राकेश कुमार ने मिलकर पौधारोपण किया। स्वरांजलि सेवा संस्थान के संस्थापक डी. आनन्द ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण संवर्धन जरूरी है। त्रेता युग में आज के ही दिन प्रभु श्री रामचंद्र की मुलाकात हनुमान जी से पहली बार हुई थी। ज्येष्ठ महीने के मंगलवार की महिमा अपरंपार है। विभिन्न भजनों के माध्यम से मानवता का संदेश दिया गया। बट, पीपल, नीम आदि पौधों पर विस्तृत चर्चा की गई। स्वरांजलि सेवा संस्थान के सदस्यों ने शाकाहार पर जोर दिया। महाप्रसाद एवं पूजन व्यवस्था में राकेश कुमार, डब्लू सिंह, किरण कुमारी, बिरजा यादव, छोटू पासवान, प्रमोद पासवान एवं संतोष पांडे का विशेष योगदान रहा। स्काई मिशन स्कूल के बच्चों ने छोटी छोटी गईया छोटे छोटे ग्वाल भजन को प्रस्तुत किया। इस मौके पर गुड्डू यादव, मृत्युंजय कुमार, सत्येंद्र यादव, लालू यादव, राजेश शर्मा, रिशु कुमारी, पंकज कुमार एवं विनोद सिंह की भूमिका सराहनीय रही। भक्त राकेश कुमार के सौजन्य से भक्तों के बीच धार्मिक पुस्तकों का वितरण किया गया। धार्मिक पुस्तक वितरित करते हुए राकेश कुमार ने कहा कि अच्छी पुस्तक पढ़ कर हम स्वस्थ, स्वच्छ और बेहतर समाज का निर्माण कर सकते हैं। आरती के पश्चात कार्यक्रम को विराम दिया गया। धन्यवाद ज्ञापन डब्लू सिंह ने किया।



# छह दिवसीय क्रिकेट टूर्नामेंट का समापन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**आरा।** भोजपुर जिले के बड़हरा प्रखंड अंतर्गत पड़रिया स्टेडियम में 21 से 28 मई तक चल रहे 'रणधीर सिंह मेमोरियल क्रिकेट टूर्नामेंट 2025' का बुधवार रात भव्य समापन हो गया। यह भोजपुर में खेल का अब तक का सबसे बड़ा आयोजन था और आने वाले समय में बड़हरा की धरती पर इससे भी भव्य आयोजन होंगे यह आयोजन इतिहास के पन्नों पर स्वर्ण अक्षरों में दर्ज होगा। यह ऐतिहासिक टूर्नामेंट बिहार क्रिकेट एसोसिएशन, पटना की देख-रेख में और जनप्रिय जनसेवक रणविजय सिंह 'राजापुरवाले' के सहयोग से बुधवार की रात सफलतापूर्वक संपन्न हो गया। जिसमें बड़हरा, कोईलवर और आरा मुफस्सिल की विभिन्न टीमों ने भाग लिया। हजारों दर्शकों ने शानदार खेल का रोमांच और उत्साहपूर्ण मुकाबलों का आनंद लिया।

# ट्रैक्टर ने सड़क किनारे खड़े नौ लोगों को मारा धक्का, जदयू नेता की मौत, आठ घायल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**दानापुर।** शाहपुर थाना क्षेत्र के उसरी बाजार हनुमान मंदिर के समीप बुधवार सुबह एक बेलगाम ईंट लदे ट्रैक्टर ने सड़क किनारे खड़े नौ लोगों को जोरदार ठोकर मार दी, जिसमें जदयू नेता बलराम यादव की घटनास्थल पर ही मौत हो गई, जबकि उनके पुत्र सहित आठ लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को स्थानीय निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मृतक बलराम यादव (उम्र 44), भगवतीपुर निवासी और सरारी पंचायत के जदयू अध्यक्ष थे। वे अपने दस वर्षीय पुत्र पवन कुमार के साथ मछली खरीदने उसरी बाजार



आए थे, तभी हादसा हुआ। ट्रैक्टर चालक वाहन को सड़क किनारे गड्ढे में छोड़कर फरार हो गया। घटना के बाद आक्रोशित लोगों ने दानापुर-उसरी मार्ग को जाम कर दिया और पुलिस-प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। तकरीबन एक घंटे तक आवागमन बाधित रहा। सूचना पर पहुंची पुलिस ने लोगों को समझा-बुझाकर जाम हटवाया। घटना में घायल लोगों में भगवतीपुर निवासी रमेश साव, उनके पुत्र व बहनोई समेत उसरी के चार लोग शामिल हैं। जदयू के प्रदेश महासचिव विनोद कुमार सिंह, प्रखंड अध्यक्ष मनोज कुमार, दिनेश कुशवाहा एवं रिंकू कुमार सिंह ने मृतक के परिजनों से मिलकर सांत्वना दी और हरसंभव मदद का आश्वासन दिया। शाहपुर थानाध्यक्ष मनीष कुमार आनंद ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए अनुमंडलीय अस्पताल भेजा गया है और ट्रैक्टर चालक की तलाश जारी है।

## 23 दिन से लापता युवक की बरामदगी नहीं होने पर परिजनों ने किया सड़क जाम

**दानापुर/नबिटा संवाददाता।** बीते 5 मई से लापता युवक गुड्डू राय की बरामदगी को लेकर बुधवार को परिजनों ने बस पड़ाव के समीप टायर जलाकर सड़क जाम कर दिया। परिजन पुलिस की निष्क्रियता पर भड़के हुए थे और लापता युवक की बरामदगी की मांग पर अड़े थे। इससे दानापुर-मनेर मुख्य मार्ग पर आधे घंटे तक आवागमन बाधित रहा। सूचना पर पहुंची पुलिस ने प्रदर्शन कर रहे लोगों को समझाने का प्रयास किया, लेकिन जब वे नहीं माने तो पुलिस ने हल्का बल प्रयोग करते हुए लाठीचार्ज कर सड़क खाली कराई। इस दौरान दो लोगों को हिरासत में लिया गया, जिन्हें पूछताछ के बाद छोड़ दिया गया। लापता युवक गुड्डू राय, कासीमचक पंचायत के बड़ा हरशामचक गांव के मूल निवासी हैं और फिलहाल सगुना मोड़ स्थित डीएसपी कार्यालय के पीछे किराए के मकान में परिवार के साथ रहते थे। उनकी पत्नी मोतीझरी देवी ने स्थानीय थाने में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी और एक संदिग्ध युवक धीरज द्वारा ले जाने का सीसीटीवी फुटेज और पेनड्राइव भी पुलिस को सौंपी थी।

# यातायात व्यवस्था चुस्त-दुरुस्त करने सड़क पर उतरी एडीटीओ करिश्मा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद।** जिले की ट्रैफिक व्यवस्था को पटरी पर लाने के लिए सहायक जिला परिवहन पदाधिकारी करिश्मा सिंह ने बुधवार को स्वयं सड़क पर उतर पड़ीं। उनके अचानक निरीक्षण से ट्रैफिक नियमों की धज्जियाँ उड़ाने वालों में हड़कंप मच गया। कुछ ही देर में शहर की रफ्तार मानो थमती सी नजर आई। इस दौरान सड़क पर यातायात व्यवस्था में अनुशासन की झलक भी दिखने लगी। निरीक्षण के दौरान बिना हेलमेट चल रहे बाइक सवारों, ट्रिपल लोडिंग, बेतरतीब ढंग से खड़े ऑटो और अन्य दूसरे वाहनों पर विशेष रूप से कार्रवाई की गई। कई वाहन चालकों को चेतावनी देकर छोड़ा गया, जबकि दूसरे कई वाहन चालकों से जुर्माना की राशि भी वसूला गया। जैसा की



ज्ञात हो शहर में बढ़ती सड़क दुर्घटनाएं और भीषण जाम की समस्या को लेकर आम लोग हमेशा त्रस्त दिखते हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि ऑटो और बस चालकों ने पूरे शहर में ही मनमाने ढंग से पार्किंग स्थल बना डाला है, जिससे पैदल चलना भी दूभर हो गया है। वहीं, बाइक चालकों में बिना हेलमेट, तेज रफ्तार, और ट्रिपल लोड एक आम बात हो गई है वहीं बुधवार को परिवहन विभाग की ओर से किए गए कार्रवाई के बाद आम लोगों को यह उम्मीद जगा है कि करिश्मा सिंह जैसे अधिकारी ही शहर की ट्रैफिक व्यवस्था को दुरुस्त कर सकती हैं। उनके नाम की तरह ही उनकी कार्रवाई ने सड़कों पर एक 'करिश्मा' दिखाया है। वहीं इस दौरान प्रशासन की ओर से भी यह भी संकेत दिए गए हैं कि अगले कुछ दिनों में ऐसे औचक निरीक्षण और सघन जांच अभियान आगे भी जारी रहेंगे।

# कांग्रेस पार्टी का जन आक्रोश चौपाल आयोजित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बाढ़।** बुधवार को बाढ़ विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी एवं कांग्रेस नेता सत्येन्द्र बहादुर के नेतृत्व में बुधवार को राणा बिगहा पंचायत के चकरकोंदी टोला में जन आक्रोश चौपाल का आयोजन किया गया। इस चौपाल में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लिया और अपनी समस्याओं को खुलकर रखा। कई गांव में ट्रांसफार्मर जले हुए हैं पर महीनों से कोई समाधान नहीं, ओवरलोड को देखते हुए नए ट्रांसफर का नहीं उपलब्ध कराना, पुल, शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं की बदहाली, अंचल कार्यालय से लेकर नल जल योजना के निष्क्रियता पर सरकार की उदासीनता पर जनता में नाराजगी, ग्रामीणों ने बताया कि वे कई बार जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों से मिल चुके हैं, पर उनकी समस्याओं को सिर्फ आश्वासन मिलता है, समाधान नहीं। सत्येन्द्र बहादुर ने कहा कि हम जनता की आवाज़ को दबने नहीं देंगे। सरकार की जिम्मेदारी है कि वह जनता की बुनियादी समस्याओं का समाधान करे। यह जन आक्रोश चौपाल सिर्फ शिकायत का मंच नहीं, बल्कि जन संवाद और समाधान का माध्यम है।

## सड़क हादसे में आधा दर्जन लोग जख्मी, तीन गंभीर

**बाढ़।** एनटीपीसी थाना क्षेत्र के रंजना होटल के पास मंगलवार की देर रात्रि एक एक लग्जरी कार को ट्रक ने सामने से टक्कर मार दी। हादसे में वाहन पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। घटना की सूचना पाकर थाना अध्यक्ष ललित मोहन सिंह ने दलबल के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर घायलों को बाढ़ के अनुमंडल अस्पताल ले जाकर भर्ती करवाया। जहां तीन लोगों की हालत गंभीर बताई जाती है।

# दानापुर में पांच दिनों से नया टोला जलापूर्ति पंप खराब, पेयजल के लिए लोग परेशान

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**दानापुर।** पिछले पांच दिनों से नगर परिषद क्षेत्र के नया टोला स्थित जलापूर्ति पंप खराब पडा हुआ है। जिससे आधा दर्जन मोहल्ले में तपती गर्मी में शुद्ध पेयजल के लिए बूंद-बूंद पानी के लिए हाहाकार मचा हुआ है। जिससे लोगों कुआं व चापाकल का पानी पीने को विवश है। परिषद प्रशासन द्वारा कोई वैकल्पिक व्यवस्था तक नही किया गया है। जिससे तपती गर्मी में लोगों बाल्टी लेकर शुद्ध पेयजल के लिए भटकना पड रहा है। जलापूर्ति पंप बंद रहने के कारण आरओ वालों के भरोसे है, जिससे प्राइवेट पानी विक्रेताओं को चांदी काट रही है। नया टोला के किरण प्रसाद समेत आदि लोगों ने बताया कि पिछले पांच दिनों से नया टोला स्थित जलापूर्ति पंप खराब पडा हुआ है। इसके बाद भी पार्षद समेत परिषद के अधिकारियों अभी तक कोई सुध तक लेने तक नही आया है और नही कोई वैकल्पिक व्यवस्था किया गया है।

# दो दिनों के लिए बढ़ाई गई आयुष्मान कार्ड निर्माण विशेष अभियान की अवधि

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद।** जन स्वास्थ्य को सुदृढ़ एवं सुलभ बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए आयुष्मान भारत-प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना एवं मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना के अंतर्गत लाभार्थियों के लिए आयुष्मान कार्ड तथा 70 वर्ष या उससे अधिक उम्र के सभी वरिष्ठ नागरिकों के लिए आयुष्मान वय वंदना कार्ड के निर्माण हेतु चल रहे विशेष अभियान की अवधि दो दिनों के लिए बढ़ा दी गई है।पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार यह विशेष अभियान दिनांक 26 मई से 28 मई, 2025 तक आयोजित किया गया था, जिसे अब दो दिनों के लिए विस्तारित करते हुए 29 एवं 30 मई, 2025 तक संचालित किया जाएगा। जैसा कि ज्ञात हो इस अभियान का उद्देश्य है कि अधिक से अधिक पात्र लाभार्थियों तक स्वास्थ्य सुरक्षा कवच पहुंचाया जा सके, ताकि उन्हें गंभीर बीमारियों के इलाज में वित्तीय सहायता प्राप्त हो सके। आयुष्मान कार्ड के माध्यम से सरकारी एवं सूचीबद्ध निजी अस्पतालों में मुफ्त इलाज की सुविधा मिलती है, जिससे लाखों लोगों ने देशभर में लाभ उठाया है। इस संबंध में जहानाबाद जिला प्रशासन ने सभी पात्र नागरिकों से अपील करते हुए कहा है कि वे इस अवसर का लाभ उठाएँ तथा अपने नजदीकी शिविर पर जाकर आवश्यक दस्तावेज़ों के साथ उपस्थित हों एवं निःशुल्क आयुष्मान कार्ड बनवाकर खुद को एवं अपने परिवार को स्वास्थ्य सुरक्षा प्रदान करें। जिला प्रशासन की ओर से बताया गया कि अधिक जानकारी एवं सहायता के लिए पात्र व्यक्ति अपने पंचायत या प्रखंड स्तर पर कार्यरत संबंधित कर्मियों से संपर्क कर सकते हैं।

# आशा कार्यकर्ताओं की बहाली शुरू, महिलाओं को मिला रोजगार का सुनहरा अवसर

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी (पटना)।** महिलाओं को स्वावलंबन और रोजगार की दिशा में एक महत्वपूर्ण अवसर प्रदान करते हुए मसौढ़ी नगर परिषद क्षेत्र के 34 वार्डों में आशा कार्यकर्ताओं की बहाली की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। यह नियुक्ति राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत स्वास्थ्य विभाग द्वारा की जा रही है, जिसका उद्देश्य शहरी एवं ग्रामीण स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करना है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, प्रत्येक 2500 की जनसंख्या पर एक आशा वर्कर की बहाली की जाएगी। फिलहाल शहर के सात वार्डों—कैलूचक, जतीचक, संगतपर, गंगाचक मलिकाना, तारेगना गोला, श्रीनगर और कश्मीरगंज—में पहले से आशा कार्यकर्ता कार्यरत हैं, जबकि अन्य रिक्त वार्डों में बहाली की प्रक्रिया तेजी से जारी है।

इस बहाली प्रक्रिया के माध्यम से स्थानीय, योग्य और प्रेरित महिलाओं को आशा कार्यकर्ता के रूप में चयनित किया जाएगा। चयनित महिलाओं की भूमिका गर्भवती महिलाओं, नवजात शिशुओं, बीमार व्यक्तियों और बच्चों को प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाएं, परामर्श और देखभाल उपलब्ध कराने की होगी। साथ ही ये कार्यकर्ता टीकाकरण, पोषण, परिवार नियोजन और मातृ-शिशु स्वास्थ्य जैसे कार्यक्रमों में भी अहम भूमिका निभाएंगी।

**स्वास्थ्य सेवाओं को मिलेगा संबल**

नगर परिषद क्षेत्र में आशा कार्यकर्ताओं की नियुक्ति से स्थानीय स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूती मिलेगी और जरूरतमंद परिवारों तक स्वास्थ्य सुविधाएं सुगमता से पहुंच सकेंगी। यह पहल महिलाओं को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने के साथ-साथ सामुदायिक स्वास्थ्य में उनकी भागीदारी को भी बढ़ावा देगी।

# आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए विशेष शिविर, अब तक 2552 कार्ड जारी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी (पटना)।** मसौढ़ी अनुमंडल में गांव से लेकर शहर तक आयुष्मान कार्ड बनाने का अभियान जोर-शोर से चल रहा है। पंचायत स्तर पर प्रखंडों में और शहरी क्षेत्रों में नगर परिषद द्वारा आयोजित विशेष शिविरों में अब तक 2,552 आयुष्मान कार्ड बनाए जा चुके हैं। इन शिविरों का आयोजन 30 मई तक चलेगा, और लोगों की भारी भीड़ देखने को मिल रही है। पुनपुन प्रखंड में 808, धनरूआ में 769, मसौढ़ी में 443 और नगर परिषद क्षेत्र में 529 आयुष्मान कार्ड बनाए गए हैं। इन शिविरों का मुख्य उद्देश्य जरूरतमंद लोगों को निःशुल्क स्वास्थ्य बीमा सुविधा प्रदान करना है। खास तौर पर 70 वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों के लिए केवल आधार कार्ड के आधार पर 'सीनियर सिटीजन' श्रेणी में आयुष्मान कार्ड बनाए जा रहे हैं। शिविरों में लोग दस्तावेजों के साथ पहुंचकर उत्साहपूर्वक पंजीकरण करा रहे हैं। आयुष्मान कार्ड योजना के तहत लाभार्थियों को स्वास्थ्य बीमा का लाभ मिलेगा, जिससे उनकी चिकित्सा जरूरतें पूरी हो सकेंगी। अधिकारियों ने अधिक से अधिक लोगों से इन शिविरों का लाभ उठाने की अपील की है।

# बकरीद को लेकर प्रशासन सतर्क, मसौढ़ी में 39 स्थानों पर दंडाधिकारी और पुलिस अफसर होंगे तैनात

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी(पटना)।** आगामी ईद-उल-अजहा (बकरीद) को लेकर मसौढ़ी अनुमंडल प्रशासन ने सुरक्षा और विधि-व्यवस्था को लेकर कमर कस ली है। बकरीद की नमाज के दौरान शांति एवं सुव्यवस्था बनाए रखने के लिए 39 स्थानों पर दंडाधिकारी और पुलिस पदाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की जाएगी। प्रशासन की ओर से जानकारी दी गई है कि 8 वरीय दंडाधिकारियों को विशेष रूप से चिन्हित स्थानों पर तैनात किया जाएगा। साथ ही कंट्रोल रूम में दो रिजर्व अफसर भी ड्यूटी पर रहेंगे, जो आपात स्थिति में त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करेंगे।

**गांधी मैदान में रहेगी विशेष व्यवस्था**

प्रमुख नमाज स्थलों में शामिल गांधी मैदान में फायर ब्रिगेड और एंबुलेंस की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। नमाज के दिन सुबह 5 बजे से दोपहर 1 बजे तक विशेष पुलिस बल की तैनाती की जाएगी, ताकि किसी भी तरह की अफवाह या अव्यवस्था पर तुरंत नियंत्रण पाया जा सके।

**तीन पालियों में कंट्रोल रूम संचालित**

अनुमंडल कार्यालय स्थित कंट्रोल रूम को तीन पालियों में संचालित किया जाएगा। प्रत्येक पाली में तीन कर्मचारी मौजूद रहेंगे, जो क्षेत्र से मिलने वाली सूचना और घटनाओं की निगरानी करेंगे।

अनुमंडल प्रशासन ने आम जनता से सांप्रदायिक सौहार्द बनाए रखने, अफवाहों से दूर रहने, और किसी भी आपत्तिजनक गतिविधि की सूचना तुरंत प्रशासन को देने की अपील की है।

# मसौढ़ी में दिनदहाड़े ऑटो की चोरी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी (पटना)।** नगर क्षेत्र में चोरी की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही हैं। ताजा मामला बिजली कार्यालय के पास का है, जहां दिनदहाड़े एक सीएनजी ऑटो की चोरी कर ली गई। पीड़ित वाहन मालिक सुजीत कुमार, निवासी खासपुर, मनेर (पटना) ने मसौढ़ी थाना में अज्ञात चोरों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, सुजीत कुमार अपने निजी ऑटो से किसी कार्यवश मसौढ़ी बिजली कार्यालय पहुंचे थे। उन्होंने ऑटो को कार्यालय के समीप खड़ा कर आवश्यक कार्य के लिए भीतर गए। कार्य समाप्त कर जब वे लौटे तो ऑटो मौके से गायब मिला। उन्होंने आस-पास काफी खोजबीन की, लेकिन वाहन का कोई सुराग नहीं लगा। थक-हारकर उन्होंने मसौढ़ी थाना पहुंचकर लिखित सूचना दी, जिसके आधार पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर जांच प्रारंभ कर दी है। थानाध्यक्ष ने बताया कि सीसीटीवी फुटेज और आसपास के लोगों से पूछताछ के आधार पर अज्ञात चोरों की तलाश जारी है। यह घटना नगर क्षेत्र की सुरक्षा व्यवस्था पर भी सवाल खड़े करती है, जहां दिन के उजाले में वाहन चोरी कर लेना अपराधियों के बेखौफ होने का प्रमाण है।

# सास और पति पर कहर बनी बहू, चाय फेंककर पति को जलाया, सास के साथ मारपीट

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी (पटना)।** अक्सर आपने बहू पर सास-ससुर द्वारा अत्याचार की घटनाएं सुनी होंगी, लेकिन मसौढ़ी से एक ऐसा मामला सामने आया है, जिसने इस धारणा को उलट कर रख दिया है। यहां एक बहू ने सास और पति के खिलाफ उत्पीड़न और मारपीट की हदें पार कर दी हैं। पीड़ित महिला स्वयं एक राज्य सरकार की कर्मचारी हैं और मसौढ़ी सीडीपीओ कार्यालय में महिला पर्यवेक्षिका के पद पर कार्यरत हैं। घटना मसौढ़ी थाना क्षेत्र के रहमतगंज (पूर्वी गांधी मैदान) की है। पीड़िता कुमारी नीलू सिंह (उम्र 59 वर्ष) ने थाने में अपनी बहू निधि कुमारी के विरुद्ध लिखित



शिकायत दर्ज कराई है। उन्होंने आरोप लगाया है कि उनकी बहू ने पहले उनके पुत्र फ्लीप ज्योति पर गर्म चाय फेंक दी, जिससे उसकी छाती गंभीर रूप से जल गई और शरीर पर जख्म के गहरे निशान बन गए।

**सास के साथ गाली-गलौज और मारपीट का आरोप**

शिकायत में यह भी उल्लेख किया गया है कि बहू निधि कुमारी रोजाना घर में गाली-गलौज और मारपीट करती है। इतना ही नहीं, वह अपने मायके से पिता, मां और भाई को बुलाकर सास और पति को अपशब्द कहती है और झगड़ा करती है। पीड़िता ने बहू के मायके वालों—जितेंद्र सिंह, रामशिला देवी और गौरव कुमार (निवासी परसा बाजार)—को भी नामजद आरोपी बनाते हुए, उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

**पुलिस ने शिकायत दर्ज कर शुरू की जांच**

थानाध्यक्ष ने बताया कि आवेदन के आधार पर मामला दर्ज कर लिया गया है और घटना की जांच की जा रही है। पीड़िता ने न्याय की गुहार लगाते हुए आरोपितों पर शीघ्र कार्रवाई की मांग की है।

# कटासा बाजार में चार दुकानों में ताला तोड़कर चोरी, व्यवसायियों में दहशत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**सिंहवाड़ा।** थाना क्षेत्र के कटासा बाजार में बुधवार की रात चार दुकानों के ताले तोड़कर अज्ञात चोरों ने चोरी की वारदात को अंजाम दिया, जिससे स्थानीय व्यवसायियों में दहशत और असुरक्षा की भावना गहराती जा रही है। चोरों ने अलग-अलग दुकानों को निशाना बनाते हुए नकदी व सामान की चोरी की, वहीं कुछ दुकानों में तोड़फोड़ कर सिर्फ नुकसान पहुंचाया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, अतरवेल-भरवाड़ा एसएच-90 मार्ग किनारे स्थित कटासा बाजार में रामवृक्ष साहू की किराना दुकान, मो. छोटे की पान एवं जनरल स्टोर, दिनेश दास की



पान गुमटी और वकील साह की आलू-प्याज दुकान को चोरों ने अपना निशाना बनाया।

किराना दुकानदार रामवृक्ष साहू ने बताया कि उनकी दुकान से लगभग 25 हजार रुपये नगद और कई जरूरी सामान चोरी हो गए। वहीं, मो. छोटे और दिनेश दास की दुकानों से भी दर्जनों की संख्या में सामान गायब पाए गए हैं। वकील साह की सब्जी दुकान में चोरों ने नकदी की तलाश में सारा सामान उलट-पुलट कर दिया, लेकिन कुछ हाथ नहीं लगा। बाजार के व्यवस्थापक एवं पूर्व उपसरपंच राशिद मुश्ताक ने बताया कि इससे पहले भी बाजार में चोरी की कई वारदातें हो चुकी हैं, लेकिन अब तक किसी मामले का ठोस खुलासा नहीं हो सका है, जिससे दुकानदारों की सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ती जा रही है। घटना की सूचना मिलने पर सिंहवाड़ा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। थानाध्यक्ष ने बताया कि मामले की तहकीकात की जा रही है तथा जल्द ही चोरों की पहचान कर उन्हें गिरफ्तार किया जाएगा।

# नगर पंचायत मखदुमपुर वार्ड संख्या-01 में उप निर्वाचन 2025 के कार्यक्रम की घोषणा के साथ आदर्श आचार संहिता लागू

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद।** बिहार राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा जहानाबाद जिले के नगर पंचायत मखदुमपुर अंतर्गत वार्ड संख्या-01 के रिक्त पार्षद पद पर उप निर्वाचन हेतु कार्यक्रम की घोषणा की गई है। यह निर्वाचन, बिहार नगरपालिका अधिनियम, 2007 (यथा संशोधित) की धारा 441 के परन्तुक के अंतर्गत कराये जा रहे हैं। जिला प्रशासन की ओर से जानकारी दी गई कि इस वार्ड में पार्षद के पद रिक्त होने के कारण निर्वाचन आयोग द्वारा उप निर्वाचन की प्रक्रिया प्रारंभ की गई है।

**निर्वाचन के लिए महत्वपूर्ण तिथियां**

निर्वाचन प्रक्रिया की संपूर्ण जानकारी साझा करते हुए निर्वाची पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि प्रपत्र-11 में सूचना का प्रकाशन 28 मई 2025 को होगी। वहीं नामांकन दाखिल करने की तिथि 28 मई 2025 से 05 जून 2025 तक होगा। नामांकन दाखिल करने के लिए प्रातः 11:00 बजे से अपराह्न 3:00 बजे तक का समय निर्धारित किया गया है। इस दौरान नामांकन पत्रों की संवीक्षा 06 जून से 09 जून के बीच होगा।

नामांकन दाखिला के उपरांत नाम वापसी 10 जून से 12 जून तक प्रातः 11:00 बजे से अपराह्न 3:00 बजे तक किया जा सकता है। वहीं इस पूरे चुनावी प्रक्रिया में अहम माने जाने वाले अंतिम रूप से उम्मीदवारों की सूची का प्रकाशन एवं चुनाव चिन्ह आवंटन 13 जून 2025 को होगा। मतदान 28 जून को प्रातः 7:00 बजे से अपराह्न 5:00 बजे के बीच आयोजित किया जाएगा। चुनाव प्रक्रिया के अंतिम चरण में मतगणना 30 जून को प्रातः 8:00 बजे से मतगणना कार्य समाप्त होने तक जारी रहेगा। इस दौरान राज्य सरकार द्वारा अधिसूचना निर्गत होते ही नगर पंचायत मखदुमपुर के वार्ड संख्या-01 में राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित आदर्श आचार संहिता प्रभावी हो गई है, जो मतगणना पश्चात परिणाम घोषित होने तक प्रभावी रहेगी।जिला प्रशासन द्वारा उक्त उप निर्वाचन की प्रक्रिया निष्पक्ष, शांतिपूर्ण एवं पारदर्शी रूप से सम्पन्न कराने हेतु सभी आवश्यक तैयारियां की जा रही हैं।

# पटना में पीएम मोदी का रोड शो मसौढ़ी में भाजपाइयों में उत्साह



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी (पटना)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 29 मई को पटना के बेली रोड पर रोड शो में शामिल होने आ रहे हैं, जिसे लेकर मसौढ़ी में भाजपा कार्यकर्ताओं में जबरदस्त उत्साह देखा जा रहा है। इस ऐतिहासिक आयोजन की तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं। रोड शो का उद्देश्य 'ऑपरेशन सिंदूर' के साथ-साथ बिहारवासियों को कई विकास परियोजनाओं की सौगात देना है। पटना समेत मसौढ़ी के भाजपा नेता इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सक्रियता से जुटे हैं और लगातार बैठकों का आयोजन कर रहे हैं। मसौढ़ी के भाजपा नगर अध्यक्ष आशीष देव, कला संस्कृति मंच के अभिनव, रवि कुमार, अजीत चौधरी, राकेश, विजय यादव, आलोक, संजीव, हिमांशु, अजीत, राजीव कुशवाहा, सतीश सहित सभी मंडल अध्यक्ष और वरिष्ठ पार्टी कार्यकर्ता तैयारियों में सक्रिय रूप से शामिल हैं।

# शिक्षक की हत्या मामले में एसआईटी गठित, डीएसपी सदर-2 के नेतृत्व में जांच तेज

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**दरभंगा/सिंहवाड़ा।** प्राथमिक विद्यालय नासिरगंज, निस्ता के शिक्षक मंसूर आलम की दिनदहाड़े गोली मारकर हत्या के मामले में पुलिस ने तेजी से कार्रवाई शुरू कर दी है। घटना के बाद डीएसपी सदर-2 के नेतृत्व में एक विशेष जांच टीम (एसआईटी) का गठन किया गया है, जो हत्यारों की पहचान और गिरफ्तारी को लेकर गहन छानबीन में जुटी है। घटना बुधवार सुबह लगभग छह बजे की है, जब शिक्षक मंसूर आलम रोज की तरह साइकिल से विद्यालय जा रहे थे। इसी दौरान निस्ता के पास बाइक सवार बदमाशों ने कान के ऊपर और कंधे पर दो गोलियां दाग दीं, जिससे मौके पर ही उनकी मौत हो गई। मृतक मूल रूप से मधुबनी जिले के बलिया (पोस्ट-तीसी नरसाम) गांव के रहने वाले थे और 2008 से भरवाड़ा शंकरपुर में किराए पर रह रहे थे।

**घटनास्थल पर पहुंची पुलिस और एफएसएल टीम**

घटना की सूचना मिलते ही नगर पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार, डीएसपी ज्योति कुमारी, पुलिस निरीक्षक सुरेश राम, एफएसएल और टेक्निकल टीम मौके पर पहुंचकर साक्ष्य संकलन में जुट गई। पुलिस ने घटनास्थल से दो कारतूस के खोखे, मृतक का मोबाइल फोन, चप्पल और साइकिल जब्त की है। आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं और घटना के समय मार्ग से गुजरने वाले लोगों की मोबाइल लोकेशन ट्रैक की जा रही है। पुलिस यह भी जांच कर रही है कि कहीं शिक्षक की किसी से कोई पुरानी रंजिश तो नहीं थी।

**ग्रामीणों का आक्रोश, सड़क जाम**

घटना से आक्रोशित ग्रामीणों ने भरवाड़ा-कमतौल मुख्य पथ को निस्ता के समीप बांस-बल्लों से जाम कर दिया और अपराधियों की तत्काल गिरफ्तारी की मांग करने लगे। करीब एक घंटे तक चले इस जाम से दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई। कई वाहन भरवाड़ा-जाले मार्ग से लौटने लगे, जबकि कुछ सड़क किनारे खड़े रहे।

**स्कूल में मिली थी एचएम की जिम्मेदारी**

बताया जाता है कि मंसूर आलम को बुधवार को ही विद्यालय में प्रधानाध्यापक का प्रभार सौंपा गया था, क्योंकि नियमित एचएम सैयद जावेद हसन छुट्टी पर थे। हत्या की खबर मिलते ही शिक्षा पदाधिकारी विनोद कुमार सहित बड़ी संख्या में शिक्षक घटनास्थल पर पहुंचे और गहरी शोक संवेदना व्यक्त की।

## संक्षिप्त समाचार

### युवक की संदिग्ध स्थिति में मौत

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बैरिया थाना क्षेत्र के बगही निमिया टोला वार्ड 09 में संदिग्ध स्थिति में युवक की मौत हो गई है। घटना मंगलवार की देर रात की है। मृतक निमिया टोला निवासी अमेरिका चौधरी का पुत्र महाराजा कुमार (19) है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जीएमसीएच भेज दिया। बुधवार को शव का पोस्टमार्टम कराया गया।

### सड़क हादसे में महिला की मौत, पति घायल

**मैनाटांड/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** अपने बेटे की सगाई और शादी का समान खरीद कर लौट रही मां का सड़क दुर्घटना में मृत्यु हो गई। जबकी पिता गंभीर रूप से घायल हो गए।घटना बुधवार की है। बताया जाता है कि भंगहा थाना क्षेत्र के सड़कीया भंगहा निवासी वीरेंद्र राम व इनकी पत्नी सविता देवी अपने बेटा की सगाई का सामान खरीदने बाइक से इनरवा गए थे।सामान खरीद कर जब वे लौट रहे थे तो नगरदेही के समीप पीछे से तेज गति से आ रहा एक बाइक ने जोरदार टक्कर मार दी।जिससे बाइक पर सवार महिला सविता देवी की मौके पर ही मृत्यु हो गई। वही वीरेंद्र राम गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर स्थानीय पुलिस पहुंच शव को अपने कब्जे में कर लिया। इधर ठोकर मारने वाले बाइक पर सवार तीन जख्मी लोगों को पुलिस अभिरक्षा में मैनाटांड अस्पताल में इलाज जारी है।

### मारपीट में दो गुट आमने-सामने, दर्जनों घायल

**मैनाटांड/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** इनरवा थाना के इनरवा में आपसी विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच हिंसक झड़प में दर्जन लोग घायल हो गये। बताया जाता है कि पुर्व के विवाद को लेकर दोनों गुटों के बीच छोटी सी बात शुरूआत हुई और देखते ही देखते हिंसक झड़प में तब्दील हो गया। घंटों चले हिंसक झडप में साहेब मियां लालाबाबू मियां रशीद मियां फातमा खातून, मंजारून नेशा नेक मोहम्मद रसूल्लाह खातून का इलाज मैनाटांड अस्पताल में जारी है। इधर थानाध्यक्ष जय कुमार ने बताया कि आवेदन नहीं मिला है। आवेदन मिलता है तो कारवाई की जाएगी।

### दो देसी कट्टों के साथ युवक का वीडियो वायरल, प्राथमिकी

**इसुआपुर (सारण)नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल होने के बाद इसुआपुर थाना में एक युवक के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है। वीडियो में युवक दो देसी कट्टा अपने हाथों से एक महिला नर्तकी को पकड़ाते हुए तथा उसे पैसे देते हुए देखा जा सकता है। थाना को यह वीडियो 21 मई 2025 को एक तिलक समारोह के दौरान आयोजित ऑर्केस्ट्रा कार्यक्रम का बताया गया है। चौकीदार के माध्यम से मिली सूचना के अनुसार, कार्यक्रम के दौरान नवादा निवासी अभिषेक कुमार (पिता झ उमेश राय) को हथियार के साथ नर्तकी को पैसे देते हुए देखा गया। थानाध्यक्ष कमल कुमार राम ने बताया कि इस मामले में अभिषेक कुमार के खिलाफ थाना कांड संख्या 104/25 के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है। अभियुक्त की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है।

### 30 मई तक बनेगा पंचायतों में आयुष्मान कार्ड

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** प्रखंड के सभी पंचायतों में आयुष्मान कार्ड के लिए अब 30 मई तक कैंप लगेगा। इस कैम्प का दो दिन विस्तार कर दिया गया है। इससे पहले 28 मई तक सभी पंचायतों में कैम्प लगाकर आयुष्मान कार्ड बनाने का निर्देश प्राप्त था। बीडीओ सूरज कुमार सिंह ने बताया कि कैंप को दो दिन विस्तारित किया गया है। अब यह 30 मई तक चलेगा। उन्होंने बताया कि तीन दिवसीय कैंप में करीब दो हजार 780 आयुष्मान कार्ड बनाया गया है। उन्होंने कहा कि 26 मई को पहले दिन 680 लाभुकों का आयुष्मान कार्ड बनाया गया। वही 27 को करीब एक हजार एवं तीसरे दिन 28 मई को करीब 1100 लाभुकों का आयुष्मान कार्ड बनाया गया है।

### पट्टीदारों के बीच पुराने विवाद ने लिया हिंसक रूप

**नौतन/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** थाना क्षेत्र के महुआभूसा गांव में दो पट्टीदारों के बीच लंबे समय से चले आ रहे रास्ते के विवाद ने सोमवार-मंगलवार की रात हिंसक रूप ले लिया। इस विवाद ने उस समय तूल पकड़ा जब प्रभुनाथ सिंह के भाई बच्चा सिंह को घर में सोते समय जगाकर हमलावरों ने गोली मार दी। गोली उनके पैर में लगी, जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद हमलावर फरार हो गए। परिजनों द्वारा दी गई सूचना पर नौतन पुलिस तुरंत घटनास्थल पर पहुंची और घायल को इलाज के लिए अस्पताल भेजा। मौके से पुलिस ने दो खोखा बरामद किया है। इस मामले में प्रभुनाथ सिंह ने पांच लोगों को नामजद करते हुए थाने में एफआईआर दर्ज करवाई है। थानाध्यक्ष उमेश कुमार पासवान ने जानकारी देते हुए बताया कि पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए एक आरोपी कमल किशोर सिंह को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। वह महुआभूसा गांव निवासी लक्ष्मण सिंह का पुत्र है। बाकी आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी जारी है।

### फरार वारंटी गिरफ्तार, जेल भेजा गया

**नौतन/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** स्थानीय थाना क्षेत्र की पुलिस ने एक फरार वारंटी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि आरोपी अपने घर सेमरिया गांव के गोपाल राय के टोला में लौट आया है और वहीं छिपा हुआ है। मंगलवार की देर शाम पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए छापेमारी की और आरोपी बलिस्टर राय उर्फ बुलेट सिंह को गिरफ्तार कर लिया। वह स्व. राजबली राय का पुत्र है और नौतन थाना कांड संख्या 36/018 के तहत उत्पाद अधिनियम के अंतर्गत वांछित था। थानाध्यक्ष उमेश कुमार पासवान ने पुष्टि की कि आरोपी को बुधवार को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

### श्री रुद्र महायज्ञ की तैयारी जोरों पर, शुभारंभ 30 से

**भेल्दी (सारण)नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** थाना क्षेत्र के कटसा पंचायत स्थित मानपुर गांव के अरना कोठी मैदान में नौ दिवसीय श्री रुद्र महायज्ञ एवं 12 ज्योतिर्लिंग की प्राण प्रतिष्ठा का आयोजन किया जाएगा। इस आयोजन की तैयारी जोरों पर है। विशाल यज्ञ स्थल का निर्माण तेजी से किया जा रहा है, जिसे भव्य रूप देने के लिए बड़ी संख्या में मजदूर लगे हुए हैं। यज्ञ समिति के सचिव विकास कुमार ने बताया कि 30 मई को जलभरी के साथ यज्ञ का विधिवत शुभारंभ होगा। भगवान शिव परिवार की स्थापना के साथ यह यज्ञ विश्व कल्याण के उद्देश्य से शुरू किया जाएगा। आयोजन के दौरान श्री श्री 108 गद्दाधराचार्य जी महाराज (अयोध्या), कथावाचिका देवी अंजली जी (अयोध्या), पंडित प्रवीन मिश्रा व आचार्य विवेक पांडे जैसे विद्वान संत व आचार्य मौजूद रहेंगे। यज्ञ स्थल पर श्रद्धालुओं और ग्रामीणों के लिए रामलीला, झूला, मौत का कुआं, मीना बाजार जैसे मनोरंजन के साधनों की भी व्यवस्था की गई है। अध्यक्ष राजीव कुमार सिंह ने बताया कि यह आयोजन सनातन धर्म के उत्थान और क्षेत्र के जन-जीवन में सुख-समृद्धि लाने के उद्देश्य से किया जा रहा है।



# दोहरे हत्याकांड से गंगोई व शामकौरिया गांव में पसरा मातम, पीड़ित परिवारों में कोहराम

**छपरा/इसुआपुर (सारण) नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** जिले के इसुआपुर थाना क्षेत्र के गंगोई व शामकौरिया गांव के दो व्यक्तियों की गोली मारकर की गई निर्मम हत्या से पूरे इलाके में सनसनी फैल गई है। मृतकों की पहचान गंगोई निवासी शंभू नाथ सिंह (46) एवं शामकौरिया निवासी अमरेंद्र सिंह (45) के रूप में की गई है। दोनों छपरा शहर के उमा नगर में वर्षों से रहकर जमीन खरीद-बिक्री का व्यवसाय करते थे। वहीं अमरेंद्र कुमार सिंह की पहचान जिले के चर्चित समाजसेवी, रोटरी क्लब के पूर्व अध्यक्ष, सरण्य महोत्सव समिति के उपाध्यक्ष एवं गोदरेज शोरूम के ऑनर के रूप में थी। नगर पालिका चौक से सलेमपुर जाने वाली हरिमोहन गली में गोदरेज शोरूम अमरेंद्र कुमार सिंह के खुद के मकान में संचालित है। उनके इसी मकान में दैनिक भास्कर का छपरा कार्यालय भी किराए पर संचालित है। यहां आपको बता दें कि मंगलवार देर शाम बाइक से घर लौटते समय मुफस्सिल थाना क्षेत्र के सांढ़ा/उमा नगर के समीप अज्ञात अपराधियों ने उन पर हमला कर दिया। हमले में शंभू नाथ सिंह को सिर में तथा अमरेंद्र सिंह को सीने व पेट में गोली मारी गई, जिससे दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। बताया गया है कि घटना स्थल से उनका घर महज 100 गज की दूरी पर ही है। बताया गया है कि अमरेंद्र कुमार सिंह के करीबी मित्र शंभू नाथ सिंह गंगोई गांव के लाल बाबू सिंह के पुत्र थे और परिवार के एकमात्र कमाऊ सदस्य थे। उनके असामयिक मौत से पत्नी रिंकू देवी तथा दो पुत्र ओम भारद्वाज (16) और आदित्य भारद्वाज (14) सहित पूरे परिवार पर दुःखों का पहाड़ टूट पड़ा है। वहीं अमरेंद्र कुमार सिंह छपरा में अपने निजी आवास में रहते थे। वे पूर्व में मेयर का चुनाव भी लड़ चुके थे और रोटरी क्लब से भी जुड़े हुए थे। उनका एक गोदरेज एजेंसी भी संचालित है। अमरेंद्र कुमार सिंह अपने पीछे पत्नी रूबी सिंह, पुत्र आर्यन कुमार (14) व अनमोल कुमार (12) को छोड़ गए हैं। दोनों शवों की अंत्येष्टि बुधवार को संपन्न हुई। अमरेंद्र सिंह का अंतिम संस्कार रिविलगंज घाट पर, जबकि शंभू नाथ सिंह का अंतिम संस्कार गंगोई गांव के श्मशान में किया गया। इस मौके पर पहुंचे जिला पार्षद उपाध्यक्ष प्रियंका सिंह, युवराज सुधीर सिंह, पूर्व मुखिया अभय सिंह, जीतू सिंह, सोनू सिंह, योगेंद्र सिंह, महेश्वर सिंह, भूपेंद्र सिंह, अशोक सिंह, देवेंद्र सिंह सहित कई गणमान्य लोगों ने पीड़ित परिवारों को सांत्वना दी। युवराज सुधीर सिंह ने इस हत्याकांड को दबंगों की साजिश बताया और कहा कि यदि शहर में ही लोग सुरक्षित नहीं हैं, तो गांव की स्थिति का अंदाजा लगाया जा सकता है। उन्होंने सारण एसएसपी से मांग की कि इस दोहरे हत्याकांड का शीघ्र खुलासा कर अपराधियों को गिरफ्तार किया जाए।



### समाजसेवी अमरेंद्र सिंह व पूर्व मुखिया शंभू सिंह की अंत्येष्टि में उमड़ा जनसैलाब, मंत्री से लेकर जनप्रतिनिधियों ने दी श्रद्धांजलि

**छपरा (सारण) नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** छपरा शहर के जाने-माने व्यवसायी, समाजसेवी व गोदरेज शोरूम के मालिक, सारण्य महोत्सव के उपाध्यक्ष रोटेरियन अमरेंद्र सिंह और उनके मित्र पूर्व मुखिया शंभू सिंह की अपराधियों द्वारा की गई निर्मम हत्या से शहर में शोक की लहर है। मंगलवार की देर शाम हुए इस दोहरे हत्याकांड से स्थानीय जनता आक्रोशित व स्तब्ध है। बुधवार को रिविलगंज श्मशान घाट पर अमरेंद्र सिंह के पार्थिव शरीर की अंत्येष्टि की गई। इस दौरान बिहार सरकार के उद्योग मंत्री कृष्ण कुमार 'मंटू', सांसद प्रतिनिधि राकेश सिंह, रिविलगंज प्रखंड पदाधिकारी रितेश कुमार सिंह, भाजपा जिला उपाध्यक्ष श्रीनिवास सिंह, गरखा जिला परिषद प्रतिनिधि अजय मांझी, सारण्य महोत्सव के अध्यक्ष चंद्रप्रकाश राज, महासचिव श्याम बिहारी अग्रवाल, प्रवक्ता के के सिंह सेंगर, वरिष्ठ पत्रकार अमन कुमार सिंह, संजय कुमार सिंह, धर्मेंद्र रस्तोगी, डीएस तोमर, मनजीत नारायण सिंह, नीरज प्रताप सिंह, गणपत आर्यन, भाजपा नेता धर्मेंद्र सिंह चौहान सहित अन्य जनप्रतिनिधियों व सैकड़ों की संख्या में लोगों ने नम आंखों से अंतिम विदाई दी। जनप्रतिनिधियों ने मृतक के परिजनों—पुत्र, बड़े भाई, छोटे भाई और स्वजनों से मिलकर ढाढ़स बंधाया और कहा कि इस दुःखद घड़ी में हम सभी आपके साथ हैं। ईश्वर आपको यह अपार दुःख सहन करने की शक्ति प्रदान करें। अमरेंद्र सिंह के निधन से छपरा शहर ने एक कर्मठ, संवेदनशील व सामाजिक सरोकारों से जुड़े व्यक्ति को खो दिया है, जिसकी कमी यहां के लोग वर्षों तक महसूस करते रहेंगे।



# तरैया में महिला की गला रेतकर हत्या, इलाके में सनसनी

**रामपुर महेश गांव की घटना, पुलिस जांच में जुटी**

**तरैया (सारण)नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** थाना क्षेत्र के रामपुर महेश गांव स्थित गैस गोदाम के समीप मंगलवार की मध्य रात्रि अज्ञात अपराधियों ने एक महिला की गला रेतकर निर्मम हत्या कर दी। मृतका की पहचान शंभू कुमार सिंह की 28 वर्षीय पत्नी सुनीता देवी के रूप में हुई है। महिला अपने कमरे में सो रही थी, तभी खिड़की के रास्ते घर में घुसे अपराधियों ने धारदार हथियार से उसकी हत्या कर दी। घटना के बाद पूरे गांव में सनसनी फैल गई है। सुनीता देवी अपने कमरे में चार छोटे बच्चों के साथ सोई हुई थी। मृतका के बच्चे क्रमशः अनुष्का कुमारी (8), शिवम कुमार (6), आराध्या कुमारी (4) और सोनाक्षी कुमारी (2) सुरक्षित हैं। महिला के पास ही सो रहे दो बच्चों को कोई क्षति नहीं पहुंची, जबकि बगल के कमरे में सो रहे अन्य परिजन भी कुछ सुन नहीं पाए। सुबह जब काफी देर तक कमरे का दरवाजा नहीं खुला तो परिजनों ने दरवाजा खटखटाया। भीतर से बच्चे दरवाजा खोलकर बाहर निकले, लेकिन सुनीता देवी खून से लथपथ मृत अवस्था में बिस्तर पर पड़ी मिलीं। यह दृश्य देख घर में कोहराम मच गया। घटना की सूचना मिलते ही तरैया थानाध्यक्ष आशुतोष कुमार सिंह व मसरख डीएसपी अमरनाथ कुमार मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए छपरा भेज दिया है।

# संदेहास्पद स्थिति में युवक की मौत

**पत्नी ने जताया हत्या की आशंका**

**साठी/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** थाना क्षेत्र के सतवरिया गांव में बुधवार की अहले सुबह एक 30 वर्षिय युवक की मौत संदेहास्पद स्थिति में हो गई है। जिसे परिजनों द्वारा आनन-फानन में शव को जला दिया गया। घटना की सूचना पटीदारों द्वारा मृतक करण महतो उर्फ कल्लू की पत्नी रंजू देवी को दी गई। सूचना मिलते ही घर पर कोहराम मच गया। उस समय रंजू देवी अपने मायके चनपटिया थाना के जैतिया गांव में थी। सूचना पर अपनी मां और भाई के साथ ससुराल सतवारिया गांव पहुंची तथा इसकी सूचना साठी थाना को दी। सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष धीरज कुमार, एसआई मनोज कुमार व पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। तब तक शव को जला दिया गया था। मृतक की पत्नी रंजू देवी का आरोप है की जमीन के हिस्सा को लेकर हमारे सास ससुर एवं देवर तथा अन्य लोग मारपीट व पड़ताड़न किया करते थे। मुझे अंदेशा है कि परिजनों द्वारा मेरे पति की हत्या कर दी गई है। यहां बता दें की 5 वर्ष पूर्व रंजू देवी की शादी सतवारिया गांव के वार्ड नंबर 6 निवासी कपिल महतो के पुत्र करण महतो उर्फ कल्लू से हुई थी। जिससे दो पुत्र है। वर्तमान में वह अपने आप को गर्भवती बता रही हैं।

## भाजपा कार्य समिति की बैठक में विधायक ने कहा कार्यकर्ता ही पार्टी की ताकत

**लौरिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बुधवार को लौरिया नगर पंचायत के साहू जैन उच्च उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय के प्रांगण में भाजपा संजुक्त कार्य समिति की बैठक नगर अध्यक्ष प्रदीप मिश्रा के अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। इस बैठक में स्थानीय विधायक विनय बिहार, पूर्व जिलाध्यक्ष संजय पांडेय, विधानसभा प्रभारी अनिल राम,लौरिया प्रखंड के बीस सूत्री अध्यक्ष सह उत्तरी मंडल अध्यक्ष दीपक दत्त तिवारी, दक्षणी मंडल अध्यक्ष विनोद राम, सहित प्रखंड क्षेत्र के सभी पंचायत अध्यक्ष और कार्यकर्ता उपस्थित रहे। इधर विधानसभा प्रभारी अनिल राम ने बताया कि संजुक्त कार्य समिति के बैठक का उद्देश्य पार्टी के सभी पदाधिकारी व कार्यकर्ता एक जुट होकर सरकार के उपलब्धियों को जनता के बीच जाकर बतावे तथा समझावे। साथ ही स्थानीय विधायक विनय बिहारी ने कहा कि पार्टी के एक एक पदाधिकारी व कार्यकर्ता एक साथ घर घर जाकर पार्टी के नियत और नीति के बारे में बतावे साथ ही सरकार के द्वारा चलाये जाने वाली योजनाओं को भी बताना है तथा उसका लाभ गरीबो को दिलाना भी है। साथ ही सरकार के योजनाओं से उपेक्षित परिवारों को उनका हक दिलाने में हम सभी का सहयोग होना चाहिए। इसके अलावा उन्होंने बताया की कार्यकर्ता ही पार्टी के रीढ़ की हड्डी होते हैं। जिस भी पार्टी के कार्यकर्ता पार्टी के प्रति समर्पित हो जाय तो पार्टी की जीत निश्चित ही है।

# पुरानी रंजिश में चाकू गोद युवक की हत्या

- घटना की सूचना पर पहुंचे एसपी, किया जांच
- हत्यारोपित गिरफ्तार, चाकू बरामद

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** नगर के राज देवढ़ी में मंगलवार की रात करीब आठ बजे मामूली विवाद में चाकू गोद छोटू पटेल (22) की हत्या कर दी गई है। राज देवढ़ी तांगा स्टैंड निवासी छोटू निजी चालक का काम करता था। पुलिस गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज अस्पताल में रात में ही शव का पोस्टमार्टम करा स्वजनों के हवाले कर दी। पुलिस घटना के महज तीन घंटे के भीतर हत्यारोपित नगर के नया बाजार पानी टंकी निवासी अमन कुमार को गिरफ्तार कर ली है। हत्या में प्रयुक्त चाकू भी बरामद कर लिया गया है। अमन की गिरफ्तारी नगर के संतघाट से हुई। मृतक के पिता अर्जुन पटेल व बड़े भाई आकाश पटेल ने बताया कि नया बाजार पानी टंकी निवासी रामजी का कबाड़ का दुकान राज देवढ़ी परिसर में है। रामजी की दुकान से करीब 50-60 कदम की दूरी पर छोटू पटेल का घर है। रामजी अक्सर छोटू के घर आते जाते थे। मंगलवार की रात करीब आठ बजे छोटू पटेल अपने एक साल के पुत्र को लेकर रामजी के दुकान के समीप आया था। रामजी उसके पुत्र को गोद में लेकर खेलाने लगे। इसी बीच रामजी का पुत्र अमन आया और इसका विरोध करने लगा। फिर वह वापस चला गया। अर्जुन पटेल ने कहा कि इसके कुछ ही देर के बाद अमन अपने घर वालों के साथ दोबारा आया और सभी घर में घुसकर मारपीट और तोड़फोड़ करने लगे। अमन ने छोटू के पेट में चाकू मार दिया। छोटू का भाई आकाश बीच बचाव की कोशिश किया तो उसपर भी चाकू चलाया। जिससे उसका हाथ जख्मी हो गया। इसके बाद छोटू के बड़े पिता बली पटेल उसे जख्मी अवस्था में इलाज के लिए गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज अस्पताल ले गए। छोटू के पिता ने बताया कि उस समय वहां चिकित्सक नहीं होने के कारण उसे एक निजी अस्पताल में ले जाया जाने लगा। लेकिन रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। छोटू पटेल दो भाइयों में छोटा था। उसे एक साल का एक पुत्र ऋतिक कुमार व तीन माह की एक पुत्री है। घटना के बाद उसकी पत्नी सपना देवी व मां फुलबदन देवी का रो-रो कर बुरा हाल है। घटना की सूचना पर एसपी डा. शौर्य सुमन राज राज देवढ़ी पहुंचे और मामले की जांच किए। उन्होंने एसडीपीओ केनेतृत्व में एसआईटी का गठन किया। एसडीपीओ विवेक दीप ने बताया कि मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए हत्यारोपी अमन कुमार किला मुहल्ला एवं महताब अख्तर के साथ ही रामजी साह की पत्नी को गिरफ्तार किया गया है।

# जिला कांग्रेस कार्यालय में प्रेस कांफ्रेंस, महिलाओं के लिए 'माई-बहिन मान योजना' का किया वादा

**छपरा (सारण) नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की राष्ट्रीय प्रवक्ता प्रियंका गुप्ता ने सारण जिला कांग्रेस कार्यालय में आयोजित प्रेस कांफ्रेंस को संबोधित करते हुए कहा कि बिहार में कांग्रेस की सरकार बनने पर महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए ह्यमाई-बहिन मान योजनाह्ल शुरू की जाएगी। इस योजना के तहत जरूरतमंद महिलाओं को प्रतिमाह 2500 रुपए सीधे बैंक खाते में दिए जाएंगे। यह योजना तेलंगाना की ह्यमहिलाओं के लिए वित्तीय सहायताह्ल और कर्नाटक की ह्यगृह लक्ष्मी योजनाह्ल की तर्ज पर लागू की जाएगी। उन्होंने कहा कि देश में बढ़ती महंगाई ने आम लोगों को बदहाली के कगार पर पहुंचा दिया है और ऐसे समय में कांग्रेस ही एकमात्र ऐसी पार्टी है, जिससे लोगों को उम्मीद है। उन्होंने यह भी बताया कि कांग्रेस के शासन में दिल्ली की शीला दीक्षित सरकार ने 'लाड़ली योजना' की शुरूआत की थी, जिसके अंतर्गत 36000 रुपए की सहायता राशि दी जाती थी। कांग्रेस प्रवक्ता ने कहा कि कर्नाटक में लागू गृह लक्ष्मी योजना के अंतर्गत जरूरतमंद महिलाओं को 2000 रुपए प्रतिमाह सीधे बैंक खाते में भेजे जा रहे हैं, और बिहार में कांग्रेस की सरकार बनने पर यह राशि बढ़ाकर 2500 रुपए की जाएगी। प्रेस कांफ्रेंस में जिला कांग्रेस अध्यक्ष बच्चू प्रसाद वीरू, राज्य प्रतिनिधि डॉ. शंकर चौधरी, पूर्व जिलाध्यक्ष कामेश्वर सिंह विद्वान, अनिल सिंह, वरिष्ठ कांग्रेस नेता मलिक प्रसाद यादव, कमलेश कुमार पाठक, अरुण कुमार सिंह, राम बाबू शर्मा, फिरोज इकबाल, राहुल मिश्रा, मिथिलेश शर्मा मधुकर, सुनीता मिश्रा, नजीर अहमद, कन्हैया मिश्र, मीडिया प्रभारी अमित नयन, मूरत राय, राहुल कुमार यादव, नीतीश कुमार, मोहम्मद अकरम कुरैशी, दुलरावती देवी, तेतरी देवी, विशाल पासवान समेत कई अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे। इसकी जानकारी युवा नेता अमित नयन ने दी है।



### एसबीआई बैंक में ठगी, अज्ञात युवक ने उड़ाए 25,500 रुपए

**अमनौर (सारण)नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** स्थानीय एसबीआई बैंक परिसर में मंगलवार की दोपहर दिनदहाड़े एक अज्ञात ठग ने एक ग्राहक से 25,500 रुपए की ठगी कर ली। घटना दोपहर करीब एक बजे की बताई जा रही है। बताया गया है कि नरसिंहमानपुर गांव निवासी डॉ. उमेश राय बैंक से 50,000 रुपए की निकासी कर रहे थे। इसी दौरान एक अज्ञात युवक ने उनसे कहा कि बिना गिनती के पैसे नहीं रखने चाहिए। वह युवक खुद पैसे गिनने लगा और फिर चुपचाप 25,500 रुपये गायब कर बैंक परिसर से फरार हो गया। जब डॉ. राय ने पैसे गिने, तो उन्हें ठगी का एहसास हुआ।

### बेहोशी की हालत में मिली लड़की, जीएमसीएच में भर्ती

**परिजनों ने लगाया दुष्कर्म करने का आरोप**

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** चनपटियाके एक गाँव से सत्रह साल की किशोरी को अगवा कर उसके साथ दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया गया है । लड़की को जीएमसीएच में भर्ती कराया गया है। एसडीपीओ विवेक दीप ने बताया कि लड़की की चिकित्सा जीएमसीएच अस्पताल में चल रही है। वह खतरे से बाहर है । उन्होंने बताया कि लड़की के साथ बलात्कार की घटना नहीं घटी है यह बात चिकित्सकों ने मेडिकल जांच के बाद बतायी है । उन्होंने कहा की परिजनों ने मंगलवार की देर शाम थाना पहुंच कर जानकारी दी उनकी बेटी का अपहरण गाँव के रहने वाले एक युवक ने कर लिया है । सूचना के आधार पर एफआईआर दर्ज कर जांच की जा रही थी। इसी दौरान बुधवार की सुबह सूचना मिली कि लड़की को लेकर परिजन जीएमसीएच गए हुए। सूचना पर पुलिस की टिम भी जीएमसीएच पहुंची है और परिजनों से पूछताछ करने में जुटी हुई है। एसडीपीओ ने बताया कि लड़की जब तक होश में नही आती है तबतक कुछ कहा नही जा सकता।

# भाजपा सदर मंडल कार्यसमिति की बैठक संपन्न, तिरंगा यात्रा में अधिकतम भागीदारी का आह्वान

**छपरा (सारण)नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** भारतीय जनता पार्टी रिविलगंज सदर मंडल की कार्यसमिति की बैठक मंडल अध्यक्ष सह प्रखंड 20 सूत्री अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह चौहान की अध्यक्षता में टेकनिवास पंचायत स्थित पंचपतरा गांव में आयोजित की गई। बैठक की शुरूआत पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर दीप प्रज्वलित कर एवं पुष्पांजलि अर्पित करते हुए की गई। इसके पश्चात वंदे मातरम् गान के साथ बैठक का औपचारिक शुभारंभ किया गया। बैठक को संबोधित करते हुए मंडल अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह चौहान ने कहा कि कार्यकर्ता ही पार्टी की रीढ़ हैं। भाजपा आज विश्व की सबसे बड़ी कार्यकर्ता आधारित पार्टी बनी है, तो यह कार्यकताओं के अथक परिश्रम का ही परिणाम है। मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित छपरा विधायक डॉ. सी.एन. गुप्ता ने 29 मई को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पटना आगमन पर आयोजित तिरंगा यात्रा में अधिकतम कार्यकताओं की भागीदारी सुनिश्चित करने की अपील की। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश का विश्वास बढ़ा है, और कार्यकताओं को उनके दिशा-निर्देशों का पालन कर योजनाओं को जमीन पर उतारना है। बैठक में प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रामाकांत सिंह सोलंकी ने कहा कि केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाना ही पार्टी का मुख्य उद्देश्य है। उन्होंने कहा कि 65 वर्षों में जो विकास कांग्रेस नहीं कर पाई, वह भाजपा सरकार ने कर दिखाया है। जिला महामंत्री ने 'सिंदूर ऑपरेशन' का उल्लेख करते हुए कहा कि मोदी सरकार ने बिना युद्ध किए पाकिस्तान को आर्थिक रूप से पस्त किया और आतंकवाद के विरुद्ध निर्णायक कदम उठाया, जिसे पूरी दुनिया ने सराहा। बैठक के प्रचार्य अरुण कुमार सिंह ने बूथ स्तर तक संगठनात्मक मजबूती पर बल देते हुए कहा कि भाजपा में छोटा कार्यकर्ता भी दूसरे दल के बड़े नेताओं से अधिक अनुभवी होता है। जिला उपाध्यक्ष डॉ. विकास गुप्ता ने कहा कि यदि हम बूथ जीतते हैं, तो चुनाव जीतते हैं। प्रत्येक बूथ की कमिटी को सशक्त करना व पंचायत स्तर पर व्हाट्सएप ग्रुप बनाना आवश्यक है। पूर्व जिला परिषद अध्यक्ष छोटी कुमारी ने कहा कि भाजपा ही एकमात्र पार्टी है, जो महिलाओं को सम्मान व पद दोनों देती है। बैठक को पूर्व भाजयुमो अध्यक्ष गामा सिंह, पूर्व मंडल अध्यक्ष योगेंद्र सिंह, अजित सिंह, रविभूषण मिश्रा सहित अन्य वरिष्ठ नेताओं ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर प्रियकांत कुशवाहा, राकेश सिंह, ददन सिंह, अखिलेश्वर सिंह, मनोज त्रिपाठी, राजकुमार तिवारी, संजीव सिंह, बीडीसी मनोज सिंह, अनुरंजन कुमार, वीरेंद्र सिंह, शत्रुघ्न प्रसाद, सुशांत कुमार, उमेश सिंह, राजकुमारी देवी, रिंकू सिंह, अमित सिंह, सुधीर सिंह, आशीष श्रीवास्तव सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे। बैठक का समापन पूर्व मंडल अध्यक्ष संजय तिवारी वारसी के द्वारा धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ।





# 'बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ' के तहत माहवारी स्वच्छता दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम

**राजवंशी देवी बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय में हुआ आयोजन, डॉक्टरों ने दी उपयोगी जानकारी, रेड डॉट चैलेंज ने खींचा ध्यान**







**सीवान/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** विश्व माहवारी स्वच्छता दिवस 2025 के अवसर पर बुधवार को महिला एवं बाल विकास निगम, बिहार सरकार द्वारा 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' योजना अंतर्गत एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम सिवान जिले के राजवंशी देवी बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय में आयोजित हुआ, जिसमें छात्राओं के लिए विभिन्न गतिविधियाँ जैसे कार्यशाला, फिल्म प्रदर्शन और रेड डॉट चैलेंज रखे गए। मौके पर उपस्थित महिला डॉक्टर एवं मेडिसिन ऑफिसर डॉ. मिताली कुमारी ने बालिकाओं को माहवारी स्वच्छता से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारी दी। उन्होंने बताया कि माहवारी एक सामान्य जैविक प्रक्रिया है, जिसे लेकर झिझकने की जरूरत नहीं है। इस दौरान साफ-सफाई, व्यक्तिगत स्वच्छता और संतुलित आहार का विशेष ध्यान रखना चाहिए। कार्यक्रम के दौरान छात्राओं ने खुलकर सवाल पूछे, जिनका डॉक्टर मिताली ने सरल भाषा में जवाब देते हुए समाधान भी बताया। इस अवसर पर खानपान में आयरन, प्रोटीन और हाइड्रेशन की आवश्यकता पर बल दिया गया, जिससे इस समय होने वाली कमजोरी और थकावट से बचा जा सके। जिला मिशन समन्वयक, मिशन शक्ति, माधुरी कुमारी ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि माहवारी शर्म की नहीं, समझ की बात है। इसे लेकर समाज में जो भ्रांतियां हैं, उन्हें दूर करना जरूरी है। ज्यादा समस्या होने पर बिना झिझक डॉक्टर से संपर्क करना चाहिए। वन स्टॉप सेंटर की केंद्र प्रशासक ने छात्राओं को संबोधित करते हुए बताया कि अगर किसी भी प्रकार की शारीरिक या मानसिक समस्या हो तो वे 181 हेल्पलाइन नंबर पर कॉल कर सहायता प्राप्त कर सकती हैं। साथ ही उन्होंने बताया कि सेंटर में जाकर भी सहायता ली जा सकती है। कार्यक्रम में रेड डॉट चैलेंज जैसी गतिविधि ने छात्राओं और शिक्षकों का ध्यान खींचा। इसके माध्यम से यह संदेश दिया गया कि माहवारी पर खुलकर बात करना जरूरी है ताकि भ्रांतियां दूर हो सकें। राजवंशी देवी विद्यालय की शिक्षिकाएं और वन स्टॉप सेंटर से रागिनी, पुष्पांजलि, प्रीति, फिरोज अख्तर तथा जिला हब से विवेक कुमार ने आयोजन में सक्रिय भागीदारी निभाई और कार्यक्रम को सफल बनाया। जिला जनसंपर्क पदाधिकारी कन्हैया कुमार ने बताया कि इस प्रकार के आयोजन का उद्देश्य छात्राओं में जागरूकता लाकर उन्हें आत्मनिर्भर और आत्मविश्वासी बनाना है। उन्होंने सभी सहयोगियों का धन्यवाद ज्ञापित किया।

# जिला परिषद की बैठक में 15 करोड़ की योजनाएं पारित

## आंतरिक संसाधन बढ़ाने पर बल | खराब चापाकलों की शीघ्र कराएं मरम्मति

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**औरंगाबाद।** जिला परिषद की एक सामान्य बैठक सोमवार को जिला परिषद की अध्यक्ष प्रमिला देवी की अध्यक्षता में मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी अनन्या सिंह सहित जिले के वरीय पदाधिकारियों की उपस्थिति में सम्पन्न हुई। बैठक में ओबरा विधायक ऋषि कुमार मौजूद रहे। बैठक में वित्तीय वर्ष 25- 26 के लिए 15वीं वित्त योजना की राशि से योजनाओं के चयन पर विचार-विमर्श किया गया। प्रमुख बिंदुओं पर विस्तृत रूप से पृच्छा करते हुए संबंधित विभागों के पदाधिकारियों ने अपने-अपने प्रतिवेदन के साथ पृच्छाओं का विश्लेषण करते हुए सर्वसम्मति से सभी जिला परिषद सदस्यों व प्रमुखों को संतुष्ट कराया। साथ ही सभी पदाधिकारियों को भी निर्देशित किया गया कि अपने-अपने विभागों से संबंधित योजनाओं का क्रियान्वयन में तेजी लाएं। गत बैठक की संपुष्टि शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार एवं कृषि पर विभागवार विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में 15वीं वित आयोग की वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए प्राप्त 15 करोड़ रूपये से गांव में विकास की गति को तेज करने एवं षष्टम राज वित्त आयोग की राशि से कार्य करने का निर्णय लिया गया। बैठक में जिला परिषद के आंतरिक संसाधन को बढ़ाने के लिए एवं जिले के विभिन्न प्रखंडों में जिला परिषद के भूखंडों पर दुकान निर्माण कर बेरोजगार व नौजवान युवक-युवतियों को देने का निर्णय लिया गया। लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग द्वारा चापाकल मरम्मति में धीमी प्रगति को लेकर चिंता व्यक्त करते हुए यथाशीघ्र बंद पड़े चापाकल को मरम्मत करने तथा नल-जल योजना, जहां बंद पड़े हैं, वहां तत्काल चालू करने हेतु निर्देशित किया गया। जिला परिषद द्वारा शवदाहगृह निर्माण, शौचालय निर्माण, पुस्तकालय निर्माण, गांव में पक्की नली-गली निर्माण सहित विभिन्न योजनाओं को प्रारंभ करने का निर्णय लिया गया। इस अवसर पर जिला परिषद उपाध्याय किरण सिंह, जिला परिषद सदस्य शंकर यादव, अनिल यादव, विकास कुमार, हरि राम, जिला शिक्षा पदाधिकारी सुरेंद्र प्रसाद, जिला कृषि पदाधिकारी राम ईश्वर प्रसाद, दुधेश्वर पासवान, गायत्री देवी, आसिफ शाह, प्रदीप चौरसिया आदि मौजूद रहे।

## तीन शराब भट्ठियों को किया ध्वस्त, एक गिरफ्तार



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मदनपुर (औरंगाबाद)।** मदनपुर प्रखंड् के सलैया थाना क्षेत्र के पिरवां पंचायत के सोनारचक के समीप चाल्हो पहाड़ में अवैध रुप से संचालित शराब भट्ठियों को पुलिस ने ध्वस्त किया है वहीं दो सौ चालीस लीटर महुआ शराब जब्त किया है। एक शराब कारोबारी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। थाना अध्यक्ष कन्हैया शर्मा ने बताया कि सोनारचक के पास चाल्हो पहाड़ पर तीन शराब भट्टियों को ध्वस्त किया गया है। जबकि दो हजार लीटर जावां महुआ को मौके पर ही विनिष्ट कर दिया गया है। 240 लीटर महुआ शराब बरामद की गई है। थानाध्यक्ष ने बताया कि इस मामले में सोनारचक गांव निवासी संजय यादव को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। थाना अध्यक्ष ने कहा कि शराब कारोबार से जुड़े सभी मामलों पर पुलिस कड़ी नजर रख रही है। जो भी इस जद में आएंगे, उन्हें गिरफ्तार कर सलाखों के अंदर किया जाएगा।

# उत्कृष्ट शिक्षा प्रदान करना विद्या निकेतन का उद्देश्य : सुरेश गुप्ता

## ग्रीष्मकालीन अवकाश में विद्यालय करा रहा 'समर एजुकेशनल कैंप' का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**




**दाउदनगर (औरंगाबाद)।** विद्या निकेतन ग्रुप ऑफ स्कूल के किड्ज वर्ल्ड, भखरुआं मोड़ परिसर में विद्या निकेतन और संस्कार विद्या के कक्षा नवम एवं दशम के छात्र-छात्राओं के लिए विशेष 'समर एजुकेशनल कैंप' का आयोजन किया गया। इस कैंप का उद्घाटन सीएमडी सुरेश कुमार गुप्ता, सीईओ आनंद प्रकाश डिप्टी सीईओ इंजीनियर विद्यासागर, संस्कार विद्या के उप प्राचार्य संतोष पांडे, विद्या निकेतन के प्रशासक संदीप कुमार, किड्ज वर्ल्ड, संस्कारपुरम के प्रिंसिपल मोहम्मद मुजाहिर आलम और सारे शिक्षक-शिक्षिकाओं की उपस्थिति में मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण, पूजन कार्य और सरस्वती वंदना के साथ हुआ। सत्र के प्रारंभ में उपस्थित छात्र-छात्राओं को 'समर एजुकेशनल कैंप' के फायदे को बताया गया और बिहार विद्यालय परीक्षा समिति द्वारा आयोजित मैट्रिक की परीक्षा में कैसे टॉप टेन में अपनी जगह बनाएं, सीबीएसई बोर्ड के मैट्रिक और इंटर की परीक्षा में कैसे उत्कृष्ट स्थान हासिल करें, इन सभी के रहस्यों की जानकारी छात्र-छात्राओं के बीच शेयर किया गया। कक्षा नवम के छात्र- छात्राओं के बैच का नाम संकल्प और कक्षा, दसवीं के छात्र-छात्राओं के बैच का नाम 'जेनिथ' रखा गया है। प्रतिदिन सुबह 8 बजे से लेकर 11 बजे सुबह तक तीन-तीन कक्षाएं लगेगी और यह विद्यालय में रेगुलर चल रहे कक्षाओं से बिल्कुल अलग होगा। नवम् वर्ग के छात्राओं को 11वीं के सिलेबस से 'इंटर रिलेटेड' किया गया है और दशम वर्ग के छात्राओं को 12वीं क्लास के सिलेबस से ''इंटर रिलेटेड'' किया गया है और प्रतिस्पर्धात्मक दौर में अपने आप को कैसे स्थापित करें इसके लिए बच्चों को तैयार करना है। छात्र-छात्राएं इस आयोजन से काफी खुश हैं। उद्घाटन सत्र में बोलते हुए सीएमडी सुरेश कुमार गुप्ता ने कहा हमें बच्चों को उत्कृष्ट शिक्षा प्रदान करनी है। हमारे बच्चे और अच्छा करें और अपना, अपने परिवार का, समाज का नाम रौशन करते हुए विद्यालय का नाम रौशन करें। हमारा जीवन छात्र- छात्राओं के शिक्षा के लिए समर्पित है और हम इसके लिए हमेशा प्रयासरत रहेंगे। सीईओ आनंद प्रकाश ने कहा कि आज प्रतिस्पर्धात्मक शिक्षा प्राप्त करने के दौर में हम भी छात्र-छात्राओं को विशेष समर एजुकेशनल कैंप की सुविधा मुहैया करा रहे हैं। इसमें चुनिंदा शिक्षक रेगुलर क्लास से हटकर 'विशेष टॉपिक' को पढ़ाएंगे और बच्चों में जिज्ञासा पैदा करेंगे। डिप्टी सीईओ इंजीनियर विद्यासागर ने कहा कि हम बच्चों को तकनीकी रूप से सक्षम बनाना चाहते हैं इसके लिए तकनीकी शिक्षा जरूरी है।

# शाहाबाद की धरती से विकसित बिहार के लिए पीएम देंगे कई सौगात : डॉ. दिलीप जायसवाल

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



औरंगाबाद। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 30 मई को विक्रमगंज यात्रा को भव्य बनाने में जुटे भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. दिलीप जायसवाल बुधवार को औरंगाबाद पहुंचे और एनडीए के कार्यकर्ता सम्मेलन में भाग लिया। इसमें एनडीए के घटक दलों के कई नेता भी उपस्थित रहे। इस क्रम में उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आगमन को लेकर कार्यकर्ताओं से चर्चा भी की और प्रधानमंत्री के कार्यक्रम को अभूतपूर्व बनाने की बात कही। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. दिलीप जायसवाल सम्राट अशोक भवन में आयोजित एनडीए कार्यकर्ता सम्मेलन में आए लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के आगमन की तैयारी जोर-शोर से चल रही है। प्रधानमंत्री के आगमन और उनके स्वागत की तैयारी में एनडीए कार्यकर्ता ही नहीं, आम लोग भी लगे हुए हैं। उन्होंने कहा कि बिहार की ही धरती से प्रधानमंत्री ने पहलगाम में आतंकी हमलों के बाद संदेश दिया था कि आतंकियों को मिट्टी में मिलाने का काम किया जाएगा और उसके बाद ऑपरेशन सिंदूर के जरिए भारतीय सेना ने अपने पराक्रम और शौर्य से पाकिस्तान में घुसकर आतंकियों के ठिकानों को मिट्टी में मिला दिया। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि शाहाबाद में प्रधानमंत्री की जनसभा एक बार फिर इतिहास दोहराएगी। जिस प्रकार से रोहतास, कैमूर, बक्सर, औरंगाबाद, आरा जिलों में लोगों का उत्साह प्रधानमंत्री के कार्यक्रम को लेकर देखने को मिल रहा है, उससे साफ है कि विक्रमगंज की सभा ऐतिहासिक और अभूतपूर्व होगी। उन्होंने दावा करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी विक्रमगंज के कार्यक्रम में प्रदेश के लिए कई सौगात देंगे। उन्होंने आशा व्यक्त करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री की यह बिहार यात्रा बिहार के विकास को नया आयाम देगी। इससे पहले औरंगाबाद पहुंचने से पूर्व भाजपा अध्यक्ष डॉ. जायसवाल का ठाकुरबिगहा में पूर्व विधायक मनोज शर्मा, जिला उपाध्यक्ष दीपक उपाध्याय एवं जिला प्रवक्ता बृजेश गुप्ता के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा पूरे उल्लास के साथ भव्य स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। इस दौरान भाजपा अध्यक्ष डॉ. जायसवाल का दाउदनगर चौक पर भी जिला महामंत्री वैभव विशाल उर्फ टैगोर एवं प्रदेश प्रवक्ता शिक्षक प्रकोष्ठ चंदन कुमार के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने स्वागत एवं अभिनंदन किया। कार्यकर्ताओं के स्वागत से अभिभूत भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. जायसवाल ने सभी का आभार जताया। उन्होंने कहा कि भाजपा की रीढ़ ही हमारे कर्मठ कार्यकर्ता हैं। उन्होंने उम्मीद जताई कि आप सबका यह जोश, जज्बा और निष्ठा इसी प्रकार बनी रहे।

## ओबरा में प्रदेश अध्यक्ष का हुआ भव्य स्वागत



**ओबरा (औरंगाबाद)/ नबिटा संवाददाता।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल का बुधवार को औरंगाबाद जाने के क्रम में ओबरा बाजार पहुंचने पर पार्टी कार्यकर्ताओं द्वारा भव्य स्वागत किया गया। कार्यकर्ताओं ने गर्मजोशी से उनका अभिनंदन किया तथा गुलदस्ता भेंट कर सम्मानित किया। स्वागत समारोह में प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल ने उपस्थित कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रस्तावित आगमन को लेकर सभी कार्यकर्ता तत्परता से तैयारी करें। उन्होंने अपील की कि कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में आम जन की भागीदारी सुनिश्चित की जाए और इसके लिए व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए। उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम न केवल एक राजनीतिक आयोजन है, बल्कि देश की विकास यात्रा का प्रतीक भी है, जिसमें जनता की भागीदारी आवश्यक है।

# डैम की उड़ाही नहीं होने से पानी का नहीं हो पाता संग्रहण

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

- प्राणपुर स्थित मदाड नदी में बने चेक डैम की 20-25 वर्षों से नहीं हुई है उड़ाही
- डैम की उड़ाही एवं सफाई हो जाने के बाद हजारों एकड़ भूमि में सिंचाई समस्या का होगा समाधान

**मदनपुर (औरंगाबाद)।** मदनपुर प्रखंड के प्राणपुर स्थित मदाड नदी पर बने चेक डैम में गाद से भरा होने पर पानी का संग्रहण नहीं होता है। जिस कारण पचासों गांवों के हजारों एकड़ भूमि सिंचाई होने से वंचित रह जाता है। किसान सह चेईनवादा पंचायत के सरपंच परमानन्द सिंह ने बताया कि प्राणपुर स्थित मदाड नदी में बनें चेक डैम 20-25 वर्षों से उडाही नहीं हुआ है। गाद से भरा हुआ है। जब चेक डैम का निर्माण हुआ था तक इस में पानी काफी जमाव रहता था। इससे पचासों गांवों का हजारों एकड़ भूमि का सिंचाई होता था। प्राणपुर, चेई, ओरडीहा, उधमपुर,मत्थान विगहा, उचौली, पलकिया,बासा विगहा, एकौनी, रेगनिया, चित्रसारी, खडवां खडौखड, धमनी सहित अन्य गांवों का खेतों का पटवन होता था। मदाड नदी में प्राणपुर डैम की उडाही, सफाई करा दी जाए तो पुनः हजारों एकड़ भूमि आबाद हो जाएगा। सिंचाई की समस्या समाधान हो जाएगा।

## ग्राम कचहरी में लोगों को मिल रहा त्वरित न्याय



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**ओबरा (औरंगाबाद)।** सरकार के निर्देशानुसार ओबरा प्रखंड अंतर्गत ई-ग्राम कचहरी रतनपुर में प्रत्येक मंगलवार एवं शुक्रवार को सरपंच राजश्री शर्मा की अध्यक्षता में न्यायिक कार्यवाही आयोजित की जाती है, जिसमें ग्रामीण अपने छोटे-बड़े मुकदमों के निपटारे के लिए पहुंचते हैं। गांव के लोग पूरी उम्मीद के साथ अपनी फरियाद लेकर ग्राम कचहरी आते हैं और बिना खर्च के शीघ्र समाधान की प्रक्रिया से संतुष्ट होकर जाते हैं। ग्राम कचहरी में आए सभी मामलों की सुनवाई सरपंच राजश्री शर्मा एवं सरपंच प्रतिनिधि संतोष कुमार शर्मा निष्पक्ष होकर करते हैं। सरपंच प्रतिनिधि संतोष कुमार शर्मा ने उपस्थित लोगों से अपील की कि छोटी-छोटी बातों में कोर्ट-कचहरी का सहारा लेकर समय और धन दोनों की बर्बादी न करें। ई-ग्राम कचहरी के माध्यम से ऐसे विवादों का निःशुल्क और शीघ्र समाधान संभव है। वंशावली प्रमाण पत्र में हो रही देरी पर उठते सवालों पर भी स्पष्टीकरण देते हुए उन्होंने कहा कि पहले सरपंच तत्काल वंशावली निर्गत कर देते थे, परंतु अब यह कार्य सरकार के दिशा-निर्देशों के तहत किया जा रहा है, जिससे थोड़ा समय अधिक लग सकता है। इस अवसर पर ग्राम कचहरी सचिव सुजानती कुमारी, पंच रजनीश पटेल, उमा ठाकुर, कांति देवी, सुमित्रा देवी, रीना देवी, प्रमोद राम, मोहम्मद कलाम, विश्वजीत कुमार सहित कई ग्रामीण उपस्थित रहे। ग्राम कचहरी की यह पहल ग्रामीण न्याय प्रणाली को मजबूत कर रही है और लोगों को उनके द्वार पर ही न्याय उपलब्ध कराने की दिशा में एक सशक्त कदम सिद्ध हो रही है।

# स्वीप विशेष जागरूकता अभियान मतदाताओं को करेगी जागरूक : डीएम

## 3 से मई जून तक जिलास्तर पर कई कार्यक्रमों का होगा आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**औरंगाबाद।** जिला समाहरणालय के सभाकक्ष में जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री की अध्यक्षता में आगामी त्रिदिवसीय स्वीप विशेष जागरूकता अभियान के संबंध में एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई। यह अभियान विश्व साइकिल दिवस (03 जून) से विश्व पर्यावरण दिवस (05 जून) तक आयोजित किया जाएगा, जिसकी थीम 'वोट फॉर अर्थ- वोट फॉर डेमोक्रेसी' निर्धारित की गई है। बैठक के दौरान जिला पदाधिकारी ने बताया कि निर्वाचन विभाग के निर्देशानुसार यह अभियान आगामी विधानसभा चुनावों के मद्देनजर मतदाताओं को न केवल अपने मतदान अधिकार के प्रति जागरूक करेगा, बल्कि पर्यावरणीय चेतना से भी जोड़ने का कार्य करेगा। इस अभियान के माध्यम से समाज के विभिन्न वर्गों जैसे नए मतदाता, युवा, महिलाएं, दिव्यांगजन एवं अन्य सभी मतदाताओं को लोकतांत्रिक प्रक्रिया में सक्रिय भागीदारी हेतु प्रेरित किया जाएगा। जिला पदाधिकारी ने जानकारी दी कि 03 जून 2025 को विश्व साइकिल दिवस के अवसर पर इस त्रिदिवसीय अभियान की शुरुआत एक भव्य साइकिल रैली से की जाएगी। यह रैली गेट स्कूल मैदान से प्रारंभ होकर नए समाहरणालय स्थल, सिंचाई कॉलोनी के मैदान तक आयोजित होगी। इस रैली में स्काउट एवं गाइड के छात्र, 10वीं और 12वीं कक्षा के विद्यार्थी, कॉलेज छात्र-छात्राएं, सरकारी कर्मचारी, अधिकारी एवं नए मतदाता शामिल होंगे। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य ''साइकिल चलाओ, वोटिंग बढ़ाओ'' एवं ''फिट भी वोटर, हिट भी वोटर'' जैसे संदेशों को जन-जन तक पहुंचाना है। साथ ही दिव्यांग मतदाताओं की भागीदारी सुनिश्चित करने हेतु एक विशेष दिव्यांगजन साइकिल यात्रा का भी आयोजन किया जाएगा, जो उनकी सशक्त भागीदारी का प्रतीक होगा। आगामी 4 जून को मतदाता संवाद दिवस के अवसर पर जिले के विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों, सामुदायिक केंद्रों एवं सार्वजनिक स्थलों पर मतदाता जागरूकता से संबंधित विविध कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इसमें ईवीएम एवं वीवीपैट का डेमो, मतदान पंजीकरण की प्रक्रिया की जानकारी, पहली बार मतदान करने वाले युवाओं की शपथ, पर्यावरणीय मतदान का संकल्प एवं भारत निर्वाचन आयोग द्वारा विकसित विभिन्न डिजिटल एप्लिकेशन की जानकारी प्रदान की जाएगी। 05 जून 2025 को विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर स्वीप अभियान के अंतर्गत जिले के लो वोटर टर्नआउट वाले मतदान केंद्रों सहित अन्य सार्वजनिक स्थलों पर वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इसके साथ ही मतदान केंद्रों के आस-पास स्वच्छता अभियान एवं मतदाता शपथ के माध्यम से नागरिकों को न केवल मतदान के प्रति बल्कि पर्यावरणीय उत्तरदायित्व के प्रति भी सजग किया जाएगा। इस अवसर पर 'हर वोट के साथ एक पौधा लगाओ', 'स्वस्थ लोकतंत्र, हरा पर्यावरण', 'मैं वोट दूंगा - मैं पेड़ लगाऊंगा' जैसे संदेशों के माध्यम से जनसाधारण को प्रेरित किया जाएगा। उक्त बैठक में उप विकास आयुक्त अनन्या सिंह, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी रत्ना प्रियदर्शिनी, उप निर्वाचन पदाधिकारी मोहम्मद गजाली, डीपीएम स्वास्थ्य मोहम्मद अनवर आलम, डीपीओ शिक्षा दयाशंकर, डीपीओ आईसीडीएस विनीता कुमारी, डीआरडीए के निदेशक अनुपम कुमार, प्रमुख सोशल मीडिया इनफ्लुएंसर दीपशिखा, सनीश कुमार, अंकित सिन्हा, मयंक पाठक, आदित्य राज, रोशन राज एवं शुभम राज सहित अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने भाग लिया।


BAYC Institute स्थापित 1972

बिहार एक्युप्रेशर योग कॉलेज

गांधी सेतु लिंक पथ, बिस्कोमान कॉलोनी गोलम्बर के पूरब, पटना-7

नामांकन प्रारंभ | नियमित / पत्राचार कोर्स

भारत का पहला कॉलेज

डॉक्टर बनें

एक्युप्रेशर, योग, नेचुरोपैथी, इलेक्ट्रोपैथी, ट्रेडिशनल मेडिसिन




DIPLOMA COURSE
DAT Acupressure Therapy | DY Yoga | DEMS Electrohomeopathy Medicine
DAYS Acupressure Yoga | DHMS Herbal Medicine | DNYS Naturopathy Yoga
अवधि: 1 वर्ष | योग्यता : 10th | अवधि: 2 वर्ष | योग्यता : 10th

BACHELOR DEGREE COURSE
MBBA Acupressure & Magnet | BTMS Traditional Medicine | BEMS Electrohomeopathy Medicine
BAYS Acupressure Yoga | BAcu. Acupuncture | MBAS Medicine in ALT Science
अवधि: 3 वर्ष | योग्यता : 10+2 | अवधि: 4½ वर्ष | योग्यता : 10+2

MASTER DEGREE COURSE
MD (Acu Yoga) MD (TM) | MD (EH)
अवधि: 1 वर्ष | योग्यता : मेडिकल ग्रेजुएट | अवधि: 2 वर्ष | योग्यता : BEMS

PROFESSIONAL COURSE
BLIS | MLIS | BBA | MBA

TRADITIONAL COURSE
MA (Yoga) | Yoga Teacher Course | BA | MA

100% रिजल्ट एवं रोजगार

Bihar State Govt. University & Central University UGC DEB MHRD Govt. of India Recognised

DIRECT ADMISSION | REGULAR CLASSES | ONLINE CLASSES | EXPERIENCED FACULTIES



डा. सर्वदेव प्रसाद गुप्त
अध्यक्ष

एक्युप्रेशर चिकित्सा की उत्तम व्यवस्था यथा गर्दन, कंधा, कमर, घुटना दर्द, गठिया, डायबिटिज आदि।

कॉलेज से उत्तीर्ण हजारों विद्यार्थी सरकारी संस्थानों, गैर सरकारी संस्थानों एवं निजी संस्थान खोलकर सेवा दे रहे हैं।



डा. अजय प्रकाश
सचिव

9572607696, 9304942855, 9334278279 Apply Online: www.bayc.in

Email: baycpatna@gmail.com | Website: www.indianacupressure.com


# उपेक्षा का शिकार है देव का रानी तालाब

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**देव (औरंगाबाद)।** सौर नगरी देव की सांस्कृतिक और आध्यात्मिक विरासत का प्रतीक रानी तालाब, इन दिनों भारी उपेक्षा का शिकार है। ऐतिहासिक महत्त्व रखने वाले इस तालाब की स्थिति दिन-प्रतिदिन बदतर होती जा रही है। चारदीवारी पर उग आए पीपल और बरगद के पेड़ इसकी दशा को दर्शाते हैं, जबकि तालाब के भीतर गंदगी का अंबार पसरा हुआ है। आगामी 2 जून से रानी तालाब परिसर में आयोजित होने वाले शतचंडी महायज्ञ की तैयारियां जोरों पर हैं, लेकिन तालाब की सफाई को लेकर प्रशासन की चुप्पी और निष्क्रियता चिंता का विषय बन गई है। यज्ञ आयोजक रवि पांडेय, चुन्नू कुमार, रामधारी सिंह और कृष्णा दुबे ने बताया कि यदि तालाब में म्यूजिकल फाउंटेन जैसी योजना को अमलीजामा पहनाया जाता, तो इसका सौंदर्य कई गुना बढ़ जाता। रानी तालाब न केवल एक धार्मिक केंद्र है, बल्कि यह देव राज रियासत की ऐतिहासिक धरोहर भी है। सूर्य नगरी देव में छठ महापर्व के दौरान जिला प्रशासन द्वारा यहां श्रद्धालुओं के ठहरने की व्यवस्था की जाती है। इसके अतिरिक्त अचलासप्तमी पर आयोजित होने वाले सूर्य महोत्सव और दो वर्ष पूर्व सम्पन्न सूर्यमहायज्ञ जैसे आयोजन इसी परिसर में होते रहे हैं। उस महायज्ञ में स्वामी रामभद्राचार्य भी पधारे थे। तालाब परिसर में ही रानी बृजकिशोरी प्रोजेक्ट कन्या विद्यालय, सरस्वती शिशु मंदिर, देव थाना, और जिला परिषद का डाकबंगला भी स्थित है, जो इसकी महत्ता को और बढ़ाता है। बावजूद इसके नगर पंचायत बनने के बाद भी स्थानीय लोगों की उम्मीदों पर पानी फिरता नजर आ रहा है। स्थानीय लोग इस बात से आहत हैं कि 'जल-जीवन-हरियाली' जैसी महत्वाकांक्षी योजना भी देव के लिए केवल 'हवा-हवाई' बनकर रह गई है। वहीं परिसर में स्थित ऐतिहासिक कुंआ भी धीरे-धीरे क्षतिग्रस्त होता जा रहा है। श्रद्धालुओं के लिए बनाए गए शौचालय और वॉशरूम भी उपयोगहीन स्थिति में पहुंच चुके हैं। यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि जहां एक ओर मां काली की प्रतिमा स्थापना और शतचंडी महायज्ञ जैसी बड़ी धार्मिक गतिविधियां प्रस्तावित हैं, वहीं दूसरी ओर प्रशासनिक उपेक्षा इस सांस्कृतिक धरोहर को धीरे-धीरे गुमनामी की ओर धकेल रही है। देववासियों की अपेक्षा है कि प्रशासन चेते और रानी तालाब की मरम्मत, सौंदर्यीकरण व नियमित सफाई की ठोस व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।


स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस (डी.बी.कॉर्प.लि.), उड़ान टोला, दानापुर कैंट, शिवाला रोड, खगौल, शाहपुर, पटना (बिहार) से मुद्रित एवं सत्येन्द्र नगर, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।

**संपादक - कमल किशोर**

नवबिहार टाइम्स (दैनिक)
सत्येन्द्र नगर औरंगाबाद (बिहार)
पिन - 824101
मो.-9431223574,9572550076
व्हाटसप नं.-7295863300
ई-मेलः nbtimesbihar@gmail.com
Web : www.navbihartime.com

**झारखंड कार्यालय**
31, कॉपरेटिव कॉलोनी.
बोकारो स्टील सिटी, बोकारो
मो.- 9431145865

**दिल्ली प्रतिनिधि**
मो.- 09818366269